नई दिल्ली, मंगलवार 18 जून 2024 ■ ज्येष्ठ मास शुक्ल पक्ष-12 ■ वर्ष : 28, अंक : 68 ■ पृष्ठ : 12 मूल्य : 2.00 मौसम अधि. 37 न्यून.27 haribhoomi.com

हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी



सोमवार सुबह 8:55 बजे टक्कर

हादसे के बाद 19 ट्रेनें डायवर्ट

## जलपाईगुड़ी में कंचनजंगा एक्सप्रेस से भिड़ी मालगाड़ी, 09 की मौत, 41 घायल

# कब मिलेगा सबको 'कवच'



सरकार ने बढ़ाया मुआवजा, मृतकों के परिजनों को 10 लाख मिलेगा

बाइक से ग्राउंड जीरो पर

**ताजा स्थिति** अब तक 1500 किलोमीटर रेलवे ट्रैक पर कवच सिस्टम एक्टिव

**अब दावा** इस साल के आखिरी तक इसे 3 हजार किलोमीटर तक ले जाया जाएगा

ऑटोमैटिक सिग्नल खराब था, ड्राइवर आगे बढ़ गया, मालगाड़ी के डिब्बे कंचनजंघा पर जा चढ़े, हवा में लहरा गए, इस ट्रैक पर टक्कर रोधी सिस्टम 'कवच' नहीं था

एजेंसी ▶▶ दार्जिलिंग/नई दिल्ली

पश्चिम बंगाल के दार्जिलिंग में सोमवार सुबह 8:55 बजे एक मालगाड़ी ट्रेन ने कंचनजंगा एक्सप्रेस (13174) को पीछे से टक्कर मार दी। हादसे में 9 लोगों की मौत हो गई और 41 लोग घायल हो गए। रेलवे बोर्ड की ▶▶ शेष पेज 5 पर

### पीएम मोदी ने जताया दुख, रेल मंत्री से की बात

पीएम मोदी ने रेल हादसे पर दुख जताया और सोशल मीडिया एक्स पर लिखा- पश्चिम बंगाल में रेल दुर्घटना दुखद है। जिन लोगों ने अपने प्रियजनों को खो दिया है, उनके प्रति संवेदना। मैं प्रार्थना करता हूं कि घायल लोग जल्द से जल्द ठीक हो जाएं। अधिकारियों से बात की और स्थिति का जायजा लिया। प्रभावितों की सहायता के लिए बचाव अभियान जारी है। रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव भी दुर्घटना स्थल पर जा रहे हैं।

### बढते रेल हादसों से उबला विपक्ष, रेलमंत्री के इस्तीफे की मांग

**नई दिल्ली (ब्यूरो)।** रेल दुर्घटना को लेकर समूचा विपक्ष उबल पडा है। पूर्व रेलमंत्री लालू यादव, ममता बेनर्जी से लेकर शरद पवार, राहुल गांधी, अखिलेश यादव सहित अन्य विपक्षी दल के नेताओं ने रेलमंत्री अश्वनी वैष्णव का इस्तीफा मांगा है। कांग्रेस पार्टी ने एक वीडियो जारी कर बताया है कि हर महीने 11 छोटे बडे रेल हादसे हो रहे हैं। मोदी सरकार के सत्ता में आने के बाद 2014 से 2024 तक बडे रेल हादसे पर सवाल उठाते हुए पूछा है कि आखिर इतने बडे बडे रेल हादसों की जिम्मेदारी किसकी है? शरद पवार की पार्टी राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी ने तो याद दिलाया है कि कैसे वाजपेयी सरकार में तत्कालीन रेलमंत्री नीतीश कुमार ने 1999 गसल ट्रेन दुर्घटना की जिम्मेदारी लेते हुए रेलमंत्री के पद से इस्तीफा दे दिया था। सवाल उठाए जा रहे हैं कि आखिर एक के बाद रेल हादसे के बाद भी किसी की जिम्मेदारी क्यों नहीं फिक्स नहीं होती? रेलमंत्री ▶▶ शेष पेज 5 पर

केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव दोपहर दार्जिलिंग पहुंचे। घटनास्थल पर वे बाइक से आए। उन्होंने रेस्क्यू ऑपरेशन का जायजा लिया।

inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366

**खबर संक्षेप**

### भारत बनेगा गहरे समुद्र मिशन वाला छठा देश



**नई दिल्ली।** केंद्रीय विज्ञान और प्रौद्योगिकी राज्य मंत्री जितेंद्र सिंह ने कहा कि भारत गहरे समुद्र मिशन वाला छठा देश बनने के लिए तैयार है। मंत्रालय की 100 दिवसीय कार्य योजना को लेकर आहूत बैठक की अध्यक्षता करते हुए सिंह ने गहरे समुद्र मिशन की प्रगति पर गर्व और खुशी व्यक्त की। भारत उपलब्धि को हासिल करने वाले कुछ देशों में शामिल हो गया है।

### अमरनाथ यात्राः पुलिस ने किया 'मॉकड्रिल'



**जम्मू।** वार्षिक अमरनाथ यात्रा से पहले पुलिस के त्वरित प्रतिक्रिया दल और विशेष अभियान समूह ने जम्मू में तीर्थयात्रा के आधार शिविर में व्यापक 'मॉकड्रिल' का आयोजन किया। यह कदम ऐसे समय उठाया गया है जब गृह मंत्री अमित शाह ने वार्षिक अमरनाथ यात्रा के लिए सुरक्षा स्थिति और तैयारियों की समीक्षा की। दक्षिण कश्मीर में 3,880 मीटर ऊंचे पवित्र गुफा मंदिर के लिए 52 दिवसीय तीर्थयात्रा 29 जून को शुरू होगी और 19 अगस्त को समाप्त हो जाएगी। अधिकारियों ने बताया कि पुलिस ने भगवती नगर स्थित आधार शिविर यात्री निवास में व्यापक 'मॉकड्रिल' का आयोजन किया।

### एयर इंडिया के खाने में निकला ब्लेड, होगी जांच



**नई दिल्ली।** एयर इंडिया की फ्लाइट के खाने में अब ब्लेड मिलने का मामला सामना आया है। बेंगलुरु से सैन फ्रांसिस्को जा रही एक फ्लाइट (एआई 175) में एक पैसेंजर ने खाने में ब्लेड मिलने की शिकायत की और एयर इंडिया ने भी ब्लेड जैसे ऑब्जेक्ट होने की बात कबूली है। अब एयर कंपनी इसकी जांच कर रही है। ये मामला 9 जून का है, जब मैथर्स पॉल फ्लाइट में सफर कर रहे थे। और उनके खाने में ब्लेड का टुकड़ा निकला। उन्होंने सोशल मीडिया पर इसकी जानकारी दी है। जब पैसेंजर ने कुछ देर चबाया तो उन्हें पहले लगा कि यह उनके खाने का हिस्सा लेकिन जब बाहर निकाला तो समझ आया कि वो ब्लेड थी।

### पिछले वर्ष 3 मई से मणिपुर में दो समुदायों कुकी और मैतेई के बीच चल रहा है संघर्ष

# मणिपुर हिंसा पर शाह की उच्चस्तरीय बैठक, जल्द हो सकता है बड़ा एक्शन

*इस बैठक में केंद्रीय गृह सचिव अजय भल्ला खुफिया ब्यूरो प्रमुख तपन डेका, सेना प्रमुख जनरल मनोज पांडे समेत कई अन्य बड़े अधिकारी शामिल हुए।*

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

संघ प्रमुख डॉ. मोहन भागवत की यह नसीहत कि मणिपुर पिछले एक साल से शांति की बाट जोह रहा है, के बाद केंद्र सरकार तेजी से एक्टिव हो गई है। मणिपुर में सुरक्षा स्थिति की समीक्षा के लिए सोमवार शाम को केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने एक बैठक की अध्यक्षता की।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में एनडीए के दोबारा सत्ता में आने के बाद केंद्र सरकार की यह पहली उच्च स्तरीय बैठक है। इस बैठक में केंद्रीय गृह सचिव अजय भल्ला, खुफिया ब्यूरो प्रमुख तपन डेका, सेना प्रमुख जनरल मनोज पांडे, सेना प्रमुख (पदनाम) लेफ्टिनेंट जनरल उपेंद्र द्विवेदी, श्री कोर के जीओसी एचएस साही, मणिपुर के सुरक्षा सलाहकार कुलदीप सिंह, मणिपुर के मुख्य सचिव विनीत जोशी, मणिपुर के डीजीपी राजीव सिंह और असम राइफल्स के डीजी प्रदीप चंद्रन नायर शामिल हुए।

एनडीए के दोबारा सत्ता में आने के बाद केंद्र सरकार की यह पहली उच्च स्तरीय बैठक

*पिछले सप्ताह सशस्त्र उग्रवादियों ने मणिपुर के मुख्यमंत्री एन बीरेन सिंह के अग्रिम सुरक्षा दल के काफिले पर कांगपोकपी जिले में घात लगाकर हमला किया था*



#### अब तक 225 की जान जा चुकी, 50 हजार लोग बेघर

पिछले साल 3 मई से मणिपुर में दो समुदायों कुकी और मैतेई के बीच संघर्ष चल रहा है, जिसमें अब तक कम से कम 225 लोगों की जान जा चुकी है और लगभग 50,000 लोग बेघर हो गए हैं। बेघर लोग अभी भी राहत केंद्रों में शरण लेने पर मजबूर हो रहे है। पूर्वोत्तर राज्य में पिछले कुछ हफ्तों के बीच कई ताजा हिंसा देखने को मिली है। पिछले सप्ताह सशस्त्र उग्रवादियों ने मणिपुर के मुख्यमंत्री एन बीरेन सिंह के अग्रिम सुरक्षा दल के काफिले पर कांगपोकपी जिले में घात लगाकर हमला किया था, जिसमें एक नागरिक चालक और एक सुरक्षा अधिकारी घायल हो गए थे।

#### शाह ने की थीं नौ बैठकें

इससे पहले, शाह ने पिछले महीने मणिपुर का दौरा किया था और शांति स्थापित करने के लिए मेतेई और कुकी दोनों समुदायों के प्रतिनिधियों के साथ नौ शांति बैठकें की थीं, हालांकि हिंसा में कोई कमी नहीं आई है। इससे पहले कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने भी मणिपुर का दौरा किया था। वे प्रभावित लोगों से मिले भी थे।

### दिल्ली के राजीव गांधी कैंसर इंस्टीट्यूट एंड रिसर्च सेंटर में भर्ती था मरीज

## 40 किमी दूर बैठे डॉक्टर ने कर दिया कैंसर का ऑपरेशन



*गुरुग्राम में मौजूद डॉक्टर ने टेलीसर्जरी तकनीक से किया सफल ऑपरेशन*

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

दिल्ली के रोहिणी स्थित राजीव गांधी कैंसर इंस्टीट्यूट एंड रिसर्च सेंटर और 40 किलोमीटर दूर गुरुग्राम में मौजूद डॉक्टर की एक टीम ने इतिहास रच दिया है।

डॉक्टर की टीम ने बड़ी कामयाबी हासिल करते हुए टेलीसर्जरी तकनीक के जरिए 40 किलोमीटर दूर भर्ती कैंसर मरीज का सफल ऑपरेशन किया है। शनिवार को हुआ ऑपरेशन एक करीब एक घंटे 45 मिनट तक चला। इस दौरान मरीज को चीरा लगाने से लेकर ट्यूमर निकालने की प्रक्रिया और वापस टांके लगाने तक की प्रक्रिया वर्चुअली की गई। यह ऑपरेशन कैंसर इंस्टीट्यूट के चिकित्सा निदेशक व जेनिटो-यूरो ऑन्कोलॉजी विभागाध्यक्ष डॉ. सुधीर रावल और उनकी टीम ने किया है। डॉक्टर की टीम ने रोबोट की मदद से मरीज के मूत्र मार्ग के आसपास कैंसर प्रभावित कोशिकाओं को काटकर बाहर निकाला है। मरीज की स्थिति फिलहाल स्थिर बताई जा रही है। डॉक्टरों के मुताबिक, मरीज को इसी सप्ताह छुट्टी दी जा सकती है। दिल्ली के राजीव गांधी कैंसर इंस्टीट्यूट एंड रिसर्च सेंटर में जिस वक्त ऑपरेशन किया गया उस समय डॉक्टर की टीम गुरुग्राम के एसएन इनोवेशन में थी। ऑपरेशन के दौरान ▶▶ शेष पेज 5 पर

## राहुल गांधी रायबरेली से रहेंगे सांसद, वायनाड से इस्तीफा... प्रियंका लड़ेंगी वायनाड से उपचुनाव



हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

राहुल गांधी वायनाड लोकसभा सीट से इस्तीफा देंगे। रायबरेली का प्रतिनिधित्व लोकसभा में करेंगे। वायनाड सीट के उपचुनाव में कांग्रेस पार्टी की ओर से प्रियंका गांधी वॉड्रा उम्मीदवार होंगी।

कांग्रेस संसदीय दल की नेता सोनिया गांधी, कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे, राहुल गांधी, प्रियंका गांधी वॉड्रा और संगठन महासचिव केसी वेणुगोपाल के साथ हुई बैठक में इस निर्णय को अंतिम रूप दिया गया। बैठक के बाद स्वयं कांग्रेस अध्यक्ष ने इस निर्णय की घोषणा करते हुए पत्रकारों को बताया कि राहुल गांधी के लिए दोनों में से एक सीट का चुनाव करना कठिन था, लेकिन कानूनन एक ही सीट का लोकसभा में प्रतिनिधित्व कर सकते हैं, इसीलिए रायबरेली सीट का चुनाव किया गया। राहुल गांधी ने कहा, वायनाड की जनता के लिए मेरा घर हमेशा खुला है। मुझे उम्मीद है प्रियंका को भी वायनाड की जनता जिताएंगे। प्रियंका गांधी ने इस अवसर पर कहा कि रायबरेली में बीस साल तक लगातार काम किया है। वहाँ हमेशा स्नेह मिला। वायनाड से भी वैसा ही केयर मिलेगा, पूरा विश्वास है। पहली बार खुद चुनावी मैदान में होंगी, नर्वस हैं? इस सवाल के जवाब में प्रियंका ने तुरंत कहा, बिल्कुल नर्वस नहीं हूँ।

संगठन को चुस्त दुरुस्त करने, खोये जनाधार को वापिस लाने, कांग्रेस काडर को नये सिरे से खाद पानी देकर तैयार करने की बड़ी जिम्मेदारी के रोडमैप पर इन दिनों टीम राहुल जुटी हुई है। लोकसभा में कमजोर हुई आम आदमी पार्टी पर राहुल गांधी की पहली नज़र है। आम आदमी पार्टी दिल्ली में सौ फीसदी कांग्रेस के वोट बैंक पर खड़ी हुई। दिल्ली की सभी सात लोकसभा सीटों पर आम आदमी पार्टी की हार तब हुई जब प्रचंड बहुमत ▶▶ शेष पेज 5 पर

## प्रधानमंत्री ने कुवैत के अमीर को दी बकरीद की बधाई

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोमवार को कुवैत के अमीर, क्राऊन प्रिंस और प्रधानमंत्री को बकरीद की बधाई दी। सोशल मीडिया मंच एक्स पर एक पोस्ट में प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि, अपने शुभकामना संदेश में कुवैत के अमीर, क्राऊन प्रिंस और प्रधानमंत्री को बकरीद की शुभकामनाएं देते इस पर्व से जुड़े कुर्बानी, निष्ठा, भाईचारे के विचार पर ध्यान केंद्रित किया। जो कि एक शांतपूर्ण और समावेशी विश्व के निर्माण के लिए बेहद आवश्यक हैं। पीएम ने कहा कि यह त्योहार भारत की बहुआयामी संस्कृति का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है। जिसे इस्लाम धर्म में आस्था रखने वाले भारतीय नागरिक मनाते हैं। कुवैत में मौजूद भारतीय दूतावास ने भी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के ▶▶ शेष पेज 5 पर

## रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह से सौजन्य भेंट



हरियाणा के पूर्व वित्तमंत्री कैप्टन अभिमन्यु ने सोमवार को नई दिल्ली में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह से शिष्टाचार भेंट कर उन्हें पुन: रक्षा मंत्रालय का पदभार ग्रहण करने पर शुभकामनाएँ व बधाई दी।

### महाराष्ट्र में केंद्रीय मंत्री भूपेंद्र यादव को प्रभारी तथा वैष्णव को सह प्रभारी बनाया

## भाजपा ने चार चुनावी राज्यों के लिए चुनाव प्रभारी व सह प्रभारी किए नियुक्त

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

भाजपा ने लोकसभा चुनाव खत्म होते ही इस साल होने वाले हरियाणा, महाराष्ट्र, झारखण्ड और जम्मू-कश्मीर के विधानसभा चुनाव की तैयारी शुरू कर दी है। पार्टी ने सोमवार को इन चार राज्यों के विधानसभा चुनाव के लिए चुनाव प्रभारी और सह प्रभारी घोषित कर दिए।

हरियाणा में केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान को प्रभारी और उनके साथ त्रिपुरा के पूर्व सीएम एवं सांसद बिप्लब कुमार देब को सह-प्रभारी बनाया गया है। महाराष्ट्र में केंद्रीय मंत्री भूपेंद्र यादव को चुनाव प्रभारी तथा रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव को सह-प्रभारी की जिम्मेदारी दी गई है। इन दोनो राज्यों में इस साल अक्टूबर में चुनाव प्रस्तावित हैं।



शिवराज सिंह | धर्मेंद्र प्रधान | भूपेंद्र यादव | जी. किशन रेड्डी


झारखंड के लिए शिवराज सिंह चौहान को चुनाव प्रभारी बनाया है। उनके साथ असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा सह- प्रभारी के तौर पर कार्य करेंगे। झारखंड में दिसंबर तक चुनाव हो जाने की उम्मीद है। जम्मू-कश्मीर में केंद्रीय मंत्री जी. किशन रेड्डी चुनाव प्रभारी नियुक्त किया है। यहां सितंबर में चुनाव होने की संभावना है। अब तक चुनाव आयोग ने स्पष्ट तौर पर जम्मू-कश्मीर के चुनाव पर कुछ नहीं कहा है, लेकिन पिछले दिनों ही जल्द ही चुनाव कराने की बात कही थी। ऐसे में माना जा रहा है कि महाराष्ट्र और हरियाणा के साथ ही यहां भी चुनाव हो सकते हैं।

हरियाणा में विधानसभा का कार्यकाल 3 नवंबर 2024 को खत्म होना है। यहां पिछला विधानसभा चुनाव अक्टूबर 2019 में हुआ था। ऐसे में इस बार भी चुनाव अक्टूबर या उससे पहले कराए जाने की संभावना है वहीं, जम्मू कश्मीर में सुप्रीम कोर्ट ने सितंबर 2024 तक चुनाव कराने का आदेश दिया है। ऐसे में जम्मू कश्मीर में सितंबर या उससे पहले विधानसभा चुनाव होना है। महाराष्ट्र में विधानसभा का कार्यकाल इस साल के अंत में खत्म होना है। ऐसे में 288 सीटों वाले महाराष्ट्र में अक्टूबर या उससे पहले विधानसभा चुनाव हो सकते हैं। वहीं, झारखंड का कार्यकाल 5 जनवरी 2025 ▶▶ शेष पेज 5 पर

# दिल्ली की हवा को स्वच्छ बनाने के लिए 'असुविधाजनक निर्णय' लेने की जरूरत : सुनीता

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

देश की जानी-मानी पर्यावरणविद सुनीता नारायण ने कहा कि दिल्ली की हवा को स्वच्छ बनाने के लिए 'असहज और असुविधाजनक' निर्णय लेने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि हर व्यक्ति, खासकर अमीर लोगों के प्रति अच्छे बने रहकर इस लक्ष्य को नहीं प्राप्त किया जा सकता जो इस समस्या के लिए काफी हद तक जिम्मेदार हैं।



एक बातचीत में नारायण ने कहा कि दिल्ली में वायु प्रदूषण को नियंत्रित करने के लिए केंद्र और राज्य सरकारों ने कई कदम उठाए हैं जिनमें कोयला जलाने पर पाबंदी और बीएस-छह ईंधन का इस्तेमाल शामिल है। लेकिन उन्होंने कहा कि जलवायु परिवर्तन के कारण मौसम की अनियमित प्रवृत्ति और संकट का समाधान करने की अपर्याप्त गति के कारण समस्या लगातार बढ़ती जा रही है। 'सेंटर फॉर साइंस एंड एनवायरमेंट' की महानिदेशक नारायण ने कहा कि सर्दियों में किसानों द्वारा समय-समय पर फसल के अवशेष जलाना प्राथमिक चिंता का विषय नहीं है। इसके बजाय परिवहन और उद्योगों सहित शहर के भीतर लगातार प्रदूषण फैलाने वाले प्रमुख स्रोत अधिक चिंताजनक हैं। उन्होंने कहा कि नई सरकार से मेरा एकमात्र अनुरोध वायु प्रदूषण पर आगे बढ़ने के लिए कुछ असहज और असुविधाजनक निर्णय लेने का है। हम हर किसी के साथ खासकर दिल्ली के अमीरों के प्रति अच्छा बने रहकर कभी भी दिल्ली की हवा को स्वच्छ नहीं कर सकेंगे।

## प्राकृतिक गैस को लाया जाएं जीएसटी के दायरे में

सुप्रीम कोर्ट द्वारा नियुक्त पर्यावरण प्रदूषण (रोकथाम और नियंत्रण) प्राधिकरण की हिस्सा रहीं नारायण ने केंद्र में नई सरकार से प्राकृतिक गैस को वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) शासन के तहत लाने का भी आग्रह किया। उन्होंने कहा कि गैस पर मौजूदा तीन गुना कराधान इसे गंदे कोयले की तुलना में अवहनीय बनाता है। उन्होंने कहा कि यह बदलाव स्वच्छ गैस को अधिक व्यवहार्य विकल्प बना देगा। नारायण ने कहा कि सरकार से मेरा सबसे बड़ा अनुरोध... दिल्ली में प्रदूषण कम करने के लिए हम जो सबसे आसान काम कर सकते हैं, वह है प्राकृतिक गैस को जीएसटी के तहत लाना। उन्होंने सार्वजनिक परिवहन को बढ़ाकर वाहन प्रदूषण को कम करने की आवश्यकता पर बल दिया। पूर्व में किए गए स्रोत विभाजन अध्ययन से पता चलता है कि दिल्ली के पीएम 2.5 प्रदूषण में परिवहन का योगदान 17.9 प्रतिशत से 39.2 प्रतिशत है, जबकि उद्योगों का योगदान 2.3 प्रतिशत से 28.9 प्रतिशत तक है। नारायण ने कहा कि दिल्ली ने वायु प्रदूषण को नियंत्रित करने के लिए कई कदम उठाए हैं। यह कोयले के उपयोग पर प्रतिबंध लगाने वाला देश का एकमात्र शहर है, जो एक बड़ी उपलब्धि है। दिल्ली ने अपना आखिरी कोयला आधारित बिजली संयंत्र बंद कर दिया और बिजली उत्पादन के लिए गैस का उपयोग शुरू कर दिया। सरकार ने बीएस-छह ईंधन पेश किया और दिल्ली में प्रवेश करने वाले ट्रकों पर 'कंजेशन शुल्क' लगाया। पेरीफेरल एक्सप्रेसवे के निर्माण से अब ट्रकों ने शहर को एक तरह से बख्श दिया है। उन्होने कहा कि दिल्ली में प्राकृतिक गैस के उपयोग को प्रोत्साहित करने के भी प्रयास किये गये हैं जहां गैस पर शून्य वैट है, और प्राकृतिक गैस अब शहर भर के औद्योगिक क्षेत्रों में आसानी से उपलब्ध है। उन्होंने कहा कि इन पहलों से सामूहिक रूप से प्रदूषण के स्तर में साल-दर-साल कमी आई है। नारायण ने कहा कि दो प्रमुख कारक हैं जो समस्या को बढ़ा रहे हैं - बिगड़ती मौसम की स्थिति जो मानव नियंत्रण से परे है, और संकट से निपटने की अपर्याप्त गति। उदाहरण के लिए इस सर्दी में दिल्ली सहित उत्तर-पश्चिम भारत में बारिश नहीं हुई। उन्होंने बताया कि वर्षा की कमी पश्चिमी विक्षोभ को प्रभावित करने वाले आर्कटिक जेट स्ट्रीम में बदलाव के कारण है, जो अधिक अनियमित हो रही है और उत्तर की ओर बढ़ रही है। नारायण ने कहा कि इसके कारण पहाड़ों पर कम बर्फबारी हुई और दिल्ली में कम बारिश हुई, जिसके परिणामस्वरूप प्रदूषण का स्तर बढ़ गया। उन्होंने कहा कि दूसरी बात यह कि वर्ष 2021 तक की गई सभी कार्रवाइयों के बाद, हम उस गति से कार्रवाई नहीं कर रहे हैं जो संकट के कारण आवश्यक है।

## बस बेड़े का आखिरी बड़ा विस्तार शीला दीक्षित के कार्यकाल में राष्ट्रमंडल खेलों के दौरान हुआ था

पर्यावरणविद ने कहा कि बस बेड़े का आखिरी बड़ा विस्तार दिल्ली की मुख्यमंत्री शीला दीक्षित के कार्यकाल के दौरान राष्ट्रमंडल खेलों के आसपास हुआ था। उन्होंने कहा कि इसके बाद से कई बसों को प्रतिस्थापित नहीं किया गया है, जिससे बस की सवारियों की संख्या में गिरावट आई है। उन्होंने कहा कि बस प्रणाली को प्रभावी बनाने के लिए इसे मेट्रो सिस्टम और पार्किंग सुविधाओं के साथ एकीकृत करने की आवश्यकता है।



वाहन उत्सर्जन, पुआल या पराली जलाने, पटाखे और अन्य स्थानीय प्रदूषण स्रोतों के साथ प्रतिकूल मौसम संबंधी स्थितियां, सर्दियों के दौरान दिल्ली-राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में खतरनाक वायु गुणवत्ता स्तर के लिए जिम्मेदार हैं। दिल्ली प्रदूषण नियंत्रण समिति (डीपीसीसी) के विश्लेषण के अनुसार, शहर में एक से 15 नवंबर तक प्रदूषण चरम पर होता है, जब पंजाब और हरियाणा में पराली जलाने की घटनाओं की संख्या बढ़ जाती है। दुनिया के राजधानी शहरों में वायु गुणवत्ता के लिहाज से दिल्ली की गिनती दुनिया के सर्वाधिक प्रदूषित शहरों में की जाती है। दुनिया के राजधानी शहरों में वायु गुणवत्ता के लिहाज से दिल्ली की गिनती दुनिया के सर्वाधिक प्रदूषित शहरों में की जाती है। शिकागो विश्वविद्यालय के 'ऊर्जा नीति संस्थान' (एनर्जी पॉलिसी इंस्टीट्यूट) की ओर से तैयार एक रिपोर्ट के मुताबिक दिल्ली में रहने वाले लोगों की उम्र वायु

## तीन साल पहले पुलिस हिरासत से फरार बदमाश क्राइम ब्रांच के हत्थे चढ़ा

**नई दिल्ली।** क्राइम ब्रांच ने पुलिस हिरासत से भागे भगौड़े अपराधी को गिरफ्तार किया है। एंटी एक्सटॉर्शन एंड किडनैपिंग सेल की टीम के हत्थे चढ़ा यह बदमाश पांच मामलों में वांछित था। तीन में इसे भगौड़ा घोषित किया जा चुका था। आरोपी राधे श्याम त्रिनगर का रहने वाला है। इसके खिलाफ हौजखास थाने में भी केस दर्ज था। पुलिस के मुताबिक आरोपी राधे श्या पर बलात्कार, धोखाधड़ी-जालसाजी और पुलिस हिरासत से भागने सहित कुल आपराधिक मामले दर्ज थे। आरोपी 8 सितंबर 2021 को उस समय पुलिस हिरासत से फरार हो गया था जब इसे एम्स में इलाज के लिये ले जाया गया था। उस समय यह ग्रेटर कैलाश थाने के पुलिस कर्मियों की हिरासत में था। इस मामले में कोर्ट ने इसे पीओ घोषित किया गया था। हाल ही में मुखबिरों से इसके बारे में जानकारी पुलिस को मिली थी। इसके बाद गेट नंबर तीन, सेंट स्टीफन अस्पताल, तीस हजारी से इसे दबोचा गया। 42 वर्षीय आरोपी 10वीं कक्षा तक पढ़ा है। एक मध्यम वर्गीय परिवार से है।

### कंझावला : 21 साल की युवती अपनी पंसद से करना चाहती थी शादी

# फादर्स डे पर कर दिया बेटी का कत्ल

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



फादर्स डे पर रविवार को एक शख्स ने कंझावला इलाके में अपनी बेटी का बेरहमी से कत्ल कर दिया। आरोपी की बेटी परिवार के खिलाफ जाकर अपनी पसंद के लड़के से शादी करना चाहती थी। रोहिणी जिले के स्पेशल स्टाफ ने आरोपी पिता को गिरफ्तार कर लिया है। नंद किशोर (46) के पास से वारदात में इस्तेमाल पेपर कटर भी बरामद हो गया है।

डीसीपी डॉ गुरइकबाल सिंह सिद्धू ने सोमवार को बताया कि 16 जून को 8 बजकर 53 मिनट पर प्रेम प्याऊ चांदपुर रोड के पास खेत में एक लड़की का शव पाया गया था। पुलिस मौके पर पहुंची और 21 साल की युवती की लाश कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिये भिजवाई। मृतका की गर्दन और पेट में गहरे जख्म थे। कंझावला थाने में हत्या का मुकदमा दर्ज किया गया। लोकल पुलिस के साथ ही स्पेशल स्टाफ को भी केस में लगाया गया। जांच के दौरान पुलिस ने घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरे चैक किए। जांच में पता चला कि मृतका प्रेम नगर इलाके में परिवार के साथ रहती थी। टैक्नीकल सर्विलांस की मदद से पुलिस की जांच लड़की के परिजनों पर केंद्रित हुई। जिसके बाद उसके पिता को हिरासत में लेकर पूछताछ की गई।

■ आरोपी पिता स्पेशल स्टाफ ने 24 घंटे में किया गिरफ्तार

### बेटी की शादी कहीं और करना चाहता था आरोपी

पिता ने बेटी की हत्या का जुर्म कबूल लिया। आरोपी नंद किशोर प्रेम नगर इलाके में किराए के मकान में रहता था। वह कांच फिटिंग का काम करता था। उसने बताया कि रात को कैब बुक कराकर बेटी को यहां लेकर आया था। इसके बाद उस पर पेपर कटर से हमला कर हत्या कर दी। आरोपी ने पूछताछ में बताया कि वह अपनी बेटी की शादी कहीं और करना चाहता था, लेकिन उसकी बेटी इसके लिए राजी नहीं थी। वह अपनी पसंद के लड़के से शादी करना चाहती थी। इस बात को लेकर कई बार घर में टकराव भी हो चुका था।

### लेनदेन के विवाद में साली की गोली मारकर हत्या

**नई दिल्ली।** उत्तर-पश्चिम दिल्ली के शालीमार बाग इलाके में एक व्यक्ति ने लेनदेन के विवाद में अपनी साली को गोली मार दी। वारदात रविवार दोपहर सामने आई। गंभीर हालत में महिला को अस्पताल में भर्ती करवाया गया था जहां सोमवार सुबह उसकी इलाज के दौरान मौत हो गई। पुलिस ने आरोपी को वारदात के कुछ घंटो बाद ही गिरफ्तार कर लिया। मृतका का नाम नीतू बताया गया है। वहीं आरोपी का नाम सचिन कुमार है। डीसीपी जितेंद्र कुमार मीना ने कहा कि सचिन और नीतू के बीच पैसों का विवाद था। सचिन को गिरफ्तार कर लिया गया है। आरोपी से पूछताछ की जा रही है।

## शीर्ष अदालत ने सुकेश की पत्नी की जमानत याचिका पर शीघ्र सुनवाई के अनुरोध वाली याचिका खारिज की

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने 200 करोड़ रुपये की जबरन वसूली के एक मामले में कथित ठग सुकेश चंद्रशेखर की पत्नी लीना पॉलोज की उस याचिका को खारिज कर दिया है जिसमें उसने दिल्ली हाईकोर्ट के समक्ष अपनी जमानत याचिका पर शीघ्र सुनवाई का अनुरोध किया था।



न्यायमूर्ति संजय कुमार और न्यायमूर्ति ऑगस्टीन जॉर्ज मसीह की अवकाशकालीन पीठ ने कहा कि वह उसकी जमानत याचिका पर हाईकोर्ट में शीघ्र सुनवायी सुनिश्चित करने की व्यवस्था नहीं कर सकती। पीठ ने कहा कि विशेष अनुमति याचिका खारिज की जाती है। लंबित आवेदन भी खारिज माने जाएं। पॉलोज ने हाईकोर्ट के 20 मई के आदेश के खिलाफ शीर्ष अदालत का रुख किया था, जिसमें उसकी जमानत याचिका पर नोटिस जारी किया गया था और सुनवायी की तिथि 30 जुलाई तय की गई थी। दिल्ली पुलिस ने रैनबैक्सी के पूर्व प्रमोटर शिविंदर सिंह और मालविंदर सिंह की पत्नियों से 200 करोड़ रुपये की धोखाधड़ी करने के आरोप में चंद्रशेखर के खिलाफ एक प्राथमिकी दर्ज की थी। देश भर में उनके खिलाफ कई अन्य जांच चल रही हैं। चंद्रशेखर और पॉलोज ईडी द्वारा दर्ज धनशोधन मामले में कार्यवाही का सामना कर रहे हैं। दोनों को दिल्ली पुलिस ने सिंह भाइयों की पत्नियों और कुछ अन्य लोगों से जुड़े जबरन वसूली मामले में गिरफ्तार किया था। पुलिस ने मामले में महाराष्ट्र संगठित अपराध नियंत्रण अधिनियम (मकोका) भी लगाया है। दिल्ली पुलिस ने आरोप लगाया था कि पॉलोज, चंद्रशेखर और अन्य सह-आरोपियों ने हवाला मार्गों का इस्तेमाल किया और अपराध की आय के रूप में अर्जित धन को ठिकाने लगाने के लिए फर्जी कंपनियां बनायीं।

# शादी के पंडाल व प्राइवेट अस्पताल में लगी आग, कोई हताहत नहीं



हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

पूर्वी दिल्ली के शास्त्री पार्क इलाके में सोमवार को विवाह समारोह के लिए तैयार किये जा रहे पंडाल में आग लग गई। पंडाल आग से पूरी तरह जलकर राख हो गया।

उधर दक्षिण दिल्ली के कोटला मुबारकपुर इलाके में स्थित एक प्राइवेट अस्पताल के मीटर बोर्ड में आग लग गई। दोनों ही घटनाओं में किसी के हताहत या घायल होने की सूचना नहीं है। दमकल विभाग की कई गाड़ियों ने मौके पर पहुंचकर आग पर काबू पाया। दिल्ली



अग्निशमन सेवा (डीएफएस) चीफ अतुल गर्ग ने बताया कि शास्त्री पार्क इलाके में दोपहर करीब तीन बजे आग की घटना सामने आई। इस घटना में कोई घायल नहीं हुआ। सूचना मिलते ही जीरो पुस्ता के पास घटनास्थल पर आठ दमकल गाड़ियों को भेजा गया था। करीब एक घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। गर्ग ने बताया कि आग लगने से पंडाल और उसका लकड़ी का ढांचा जलकर खाक हो गया। अधिकारी ने कहा कि आग लगने के कारणों का पता लगाने के लिए पुलिस जांच कर रही है। उधर कोटला मुबारकपुर स्थित ओनको प्लस अस्पताल में दोपहर 12 बजकर 35 मिनट पर आग की सूचना मिली थी। तुरंत मौके पर आठ गाड़ियों को रवाना किया गया। आग मीटर बोर्ड में लगी थी। घटना में किसी के हताहत या घायल होने की सूचना नहीं है।

### उपराज्यपाल और कई नेताओं ने दी ईद उल अजहा की शुभकामनाएं

**नई दिल्ली।** मुस्लिम अनुयायियों ने सोमवार को धूमधाम से ईद उल अजहा मनाया। खासकर मुस्लिम बहुत क्षेत्रों में लोगों ने एक दूसरे को गले मिलकर शुभकामनाएं दी। इस मौके पर दिल्ली के उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना ने दिल्ली वालों को अपनी तरफ से शुभकामनाएं दी। उपराज्यपाल सक्सेना ने अपने सोशल मीडिया मंच एक्स पर बकायदा पोस्ट कर लोगों को शुभकामनाएं दी। उन्होंने अपनी पोस्ट में लिखा कि कुर्बानी के इस पर्व ईद-उल-अजहा की आप सभी को दिली मुबारकबाद। उन्होंने लिखा कि आइये आज नफ़रत, तंगदिली और बेरहमी को कुर्बान करें। सक्सेना ने अपने संदेश में लिखा कि ये पर्व मुल्क में अमन चैन और आपके जीवन में खुशहाली और कामयाबी लेकर आए। वहीं दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष व पूर्व विधायक देवेंद्र यादव ने भी दिल्ली के लोगों को अमन ईद के पर्व पर शुभकामनाएं दी है। उन्होंने कहा कि अमन और भाईचारे के मुक़द्दस मौके पर ईद उल अजहा की बहुत-बहुत मुबारकबाद। उन्होंने कहा कि यही दुआ है कि यह मुबारक मौक़ा मुल्क में खुशहाली और आपसी भाईचारे का नया पैगाम लेकर आये।

# पुरानी दिल्लीः 200 साल पुरानी मस्जिद ढही

## आसपास की कई इमारतों को हुआ नुकसान

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



पुरानी दिल्ली के चूड़ीवालन इलाके में अचानक जमीन धंस जाने के कारण वहां मौजूद मस्जिद जमींदोज हो गई। जमीन घंसने के कारणों का पता नहीं लग पाया है। आसपास कोई खुदाई भी नहीं थी। घटना के किसी के हताहत या घायल होने की सूचना नहीं है। मिली सूचना के अनुसार करीब 25 साल पहले मस्जिद का मरम्मत और पुनर्निर्माण हुआ था। आसपास के लोगों का दावा है कि मस्जिद करीब 200 वर्ष पुरानी थी।

सोमवार सुबह 11:30 बजे जमीन धंसते हुए देखी गई तो पुलिस से लेकर नगर निगम और फायर को इसकी जानकारी दी गई। एहतियातन आसपास के मकानों को खाली करा लिया गया था। मौके पर एमसीडी से लेकर पुलिस के जवान मौजूद थे। इलाके की बिजली कटवा दी गई थी। दोपहर बाद इलाके की बिजली आपूर्ति बहाल कर दी गई थी। स्थानीय लोगों का कहना है कि मस्जिद के पिलर काफी कमजोर हो गए थे।

### कोई जनहानि नहीं

मस्जिद गिरने की घटना को लेकर दिल्ली नगर निगम प्रशासन का कहना है कि वार्ड नंबर 78 सीता राम बाजार में चूड़ीवालान रोड पर मस्जिद का कुछ हिस्सा गिर गया लेकिन घटनास्थल पर कोई जान की हानि नहीं हुई है। घटनास्थल पर बैरिकेटिंग की गई। मस्जिद गिरने से पहले एमसीडी स्टाफ पुलिस के साथ घटनास्थल पर पहुंच गया था। मस्जिद गिरने से पहले इलाके को खाली करा लिया गया था।

### महापौर की लापरवाही जिम्मेदारः भाजपा

दिल्ली भाजपा प्रवक्ता प्रवीण शंकर कपूर ने कहा है कि वाल्ड सिटी के चूड़ीवालान में 3765 गली अखाड़ा में इमारत ढ़हने के लिए दिल्ली नगर निगम की महापौर डॉ. शैली ओबरॉय की लापरवाही जिम्मेदार है। दिल्ली भाजपा प्रवक्ता प्रवीण शंकर कपूर ने कहा है कि करीब दो सप्ताह पहले उन्होंने महापौर और दिल्ली नगर निगम के आयुक्त को पत्र लिखकर खतरनाक इमारतों का तत्काल सर्वेक्षण करने और सुधारात्मक कदम उठाने की मांग की थी। उन्होंने चेतावनी दी थी कि इस साल की असाधारण गर्मी में पुरानी जर्जर इमारतों में दरारें पड़ रही हैं और आगामी मानसून में यह बहुत घातक साबित हो सकता है। खतरनाक इमारतों का सर्वेक्षण करने का आदेश देने के बजाय महापौर ने मीडियाकर्मियों को गुमराह किया कि सर्वेक्षण चल रहा है और सुधारात्मक कदम उठाए जा रहे हैं। दिल्ली भाजपा प्रवक्ता कपूर ने कहा है कि महापौर को दिल्लीवासियों को जवाब देना चाहिए कि यदि सर्वेक्षण चल रहा था तो चूड़ीवालान में सोमवार को ढ़ही पुरानी मस्जिद की इमारत को क्यों नहीं ढका गया।

### अधिकारियों को जानकारी, नहीं लिया जाता है एक्शन

# स्टैंड नीचे फिर भी पंजाबी बाग फ्लाईओवर से चल रही कई सरकारी बसें, यात्री परेशान

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली सरकार के तहत चलने वाली डीटीसी और डिम्ट्स के कुछ बस चालक जमकर मनमानी कर रहे हैं और रात के समय का फायदा उठाकर डीटीसी बस स्टैंड पर बस नहीं ले जाकर पंजाबी बाग फ्लाईओवर से ही बसों को लेकर चले जाते हैं। जबकि बस यात्री बसों के लिए नीचे बस स्टैंड पर इंतजार करते रहते हैं। बता दें कि पंजाबी बाग गोल चक्कर के पास बने बस स्टैंड (आजादपुर की तरफ) पर अक्सर बस नहीं रोकने की शिकायत मिलती रहती हैं और इन दिनों फिर से बसों को कई बस चालक उपर से बस लेकर चले जाते नजर आते हैं। वहीं,



यात्रियों का कहना है कि रात के समय सड़क पर कोई भी चैकिंग नहीं होती है इसलिए कुछ बस चालक पंजाबी बाग फ्लाईओवर के उपर से ही बसों को लेकर चल जाते हैं। जबकि दिल्ली सरकार बस यात्रियों को सुविधाएं देने के लिए नई नई एसी बसें लेकर आ रही हैं। बता दें कि दिल्ली परिवहन निगम (डीटीसी) और डिम्ट्स प्रशासन को इस विषय में कई बार जानकारी दी गई है लेकिन ऐसे चालकों पर प्रशासन द्वारा कोई कार्रवाई नहीं की जाती है। हालांकि डीटीसी प्रशासन अपनी बसों के बेहतर संचालन को लेकर समय समय पर मार्ग परिवर्तन की अग्रिम सूचना नागरिकों व यात्रियों को देता रहता है ताकि यात्रियों को परेशानी का सामना नहीं करना पड़े लेकिन डीटीसी और डिम्टस के ही कुछ चालक निगमों को ताक पर रखकर चल रहे है। बता दें कि पंजाबी बाग बस स्टैंड का मामला पुराना है और डीटीसी प्रशासन के संज्ञान में हैं लेकिन उसके बाद भी प्रशासन सुस्त है और यात्रियों का सार्वजनिक परिवहन सेवाओं की सुविधाओं से वंचित रखा जा रहा है।

## राजधानी में धूमधाम से मनाई गई ईद-उल-अजहा






सोमवार को जामा मस्जिद में ईद-उल-अजहा की नमाज अदा करते मुस्लिम। वहीं दूसरी और मस्जिद के आसपास कड़ी सुरक्षा रही। फोटोः एजेंसी

## 'दिल्ली को पानी नहीं मिलने के जिम्मेदार हैं केजरीवाल'

# पाइपलाइनों में रिसाव को लेकर भाजपा ने 52 स्थानों पर किया विरोध प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



हमने ना सिर्फ कहा बल्कि साबित भी किया है कि अगर दिल्लीवालों को आज पानी नहीं मिल रहा है तो उसके इकलौते जिम्मेदार हैं अरविंद केजरीवाल और उनकी सरकार। दिल्ली भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने कृष्णा नगर में आयोजित विरोध प्रदर्शन को संबोधित करते हुए केजरीवाल सरकार पर उक्त आरोप लगाए। इस दौरान उन्होंने कहा कि पानी की चोरी और टैंकर माफियाओं को पनाह देकर आम आदमी पार्टी के विधायकों ने पानी को व्यापार बना दिया है, चाहे उसके लिए दिल्ली की जनता को पानी मिले या ना मिले। इस मौके पर भाजपा नेता डॉ अनिल गोयल, कैलाश जैन, दीपक गाबा, निगम पार्षद संदीप कपूर, मीनाक्षी शर्मा और नीमा भगत आदि उपस्थित थे। प्रदर्शन के दौरान सांसद मनोज तिवारी ने कहा कि जल मंत्री आतिशी सिर्फ टैंकर माफियाओं को पानी बेचने के लिए ही जल मंत्री बनी हुई हैं। सांसद रामवीर सिंह बिधूड़ी ने कहा कि झूठ बोलकर केजरीवाल ने दिल्लीवालों से वोट लिया है और तीन बार सरकार में आने के बावजूद उन्होंने पानी के इन्फ्रास्ट्रक्चर सुधार के लिए कोई काम नहीं किया। सांसद योगेंद्र चंदोलिया ने कहा कि दिल्ली के अंदर शराब सस्ती और पानी महंगी करने का प्लान केजरीवाल ने बनाया था जिसे भाजपा ने असफल कर दिया है। सांसद बांसुरी स्वराज ने कहा कि जल मंत्री आतिशी को प्रेस वार्ता करने से फुरसत मिल जाए तो एक बार वह जमीन पर जाकर पानी उपलब्धता में आने वाली कमियों को दूर करें। जबकि सांसद प्रवीण खंडेलवाल ने कहा कि अरविंद केजरीवाल बताएं कि पिछले 10 सालों से आप की सरकार द्वारा पानी की समस्या को दूर करने के लिए क्या कदम उठाएं गए हैं।

प्रदेश भाजपा से प्राप्त जानकारी के अनुसार सोमवार को सांसद मनोज तिवारी ने जल बोर्ड कार्यालय मुखर्जी नगर में, सांसद रामवीर सिंह बिधूड़ी ने खानपुर अंबेडकर नगर में, सांसद योगेंद्र चंदोलिया ने पुरानी पुलिस चौकी करोड़ बाग में, सांसद बांसुरी स्वराज ने मोतीनगर में और सांसद प्रवीण खंडेलवाल ने संगम पार्क लाल बाग में, वरिष्ठ नेता पवन शर्मा ने उत्तम नगर आयोजित विरोध प्रदर्शन को संबोधित किया और केजरीवाल सरकार के खिलाफ मटका फोड़ा। पार्टी के प्रमुख पदाधिकारियों के नेतृत्व में कुल 52 विधानसभा क्षेत्रों में कार्यकर्ताओं ने शांतिपूर्ण प्रदर्शन किये।

### जब तक एक-एक बूंद का हिसाब नहीं हो जाता जारी रहेगा संघर्ष : सचदेवा

सचदेवा ने कहा कि दिल्ली के अंदर अगर पानी की चोरी और रिसाव को रोक लिया जाए तो हर दिल्लीवासी को पर्याप्त मात्रा में पानी मिलेगा लेकिन आम आदमी पार्टी के विधायकों को दिल्ली की जनता से कोई सहानुभूति नहीं है उन्हें सिर्फ अपनी मोटी कमाई से मतलब है। उन्होंने कहा कि दिल्ली के अंदर एक-एक बूंद जल का जब तक हिसाब नहीं हो जाता तब तक भाजपा अपना संघर्ष जारी रखेगी।

### साजिशन दिल्लीवालों को प्यासा रखने के लिए जल संकट पैदा कर रही भाजपा : संजय सिंह

नई दिल्ली। आम आदमी पार्टी (आप) ने दिल्ली में उत्पन्न जल संकट के लिए सीधे तौर पर भाजपा को जिम्मेदार बताया है। 'आप' के वरिष्ठ नेता एवं सांसद संजय सिंह ने कहा कि भाजपा ने दिल्लीवालों को प्यासा रखने के लिए जानबूझकर दिल्ली में जल संकट पैदा किया हुआ है। भाजपा वाले चाहते हैं कि दिल्ली के लोगों को पानी न मिले। इसलिए ये तमाम साज़िशें रच रहे हैं। दिल्ली में पानी की किल्लत पैदा करने के लिए ही हरियाणा की भाजपा सरकार दिल्ली के हक का पानी रोका हुआ है। इसलिए पानी का उत्पादन कम हो रहा है। इधर दिल्लीवाले जल संकट से जूझ रहे हैं और उधर भाजपा, दिल्ली जल बोर्ड के ऑफिस में तोड़फोड़ और पानी की पाइप तोड़कर सप्लाई रोक रही है। उसके डर से कर्मचारी काम नहीं कर रहे हैं। अगर सप्लाई रुक गई तो लोगों को पानी कहां से मिलेगा। एलजी भी समस्या का समाधान करने के बजाय राजनीतिक बयानबाजी कर रहे हैं। दिल्लीवालों ने भाजपा के सात सांसद जिताए हैं, वो अपनी हरियाणा सरकार से दिल्ली के हक का पानी क्यों नहीं मांग रहे। उन्होंने कहा कि भाजपा, एलजी और हरियाणा सरकार ने साजिशन जल संकट पैदा किया है, अगर पूरा पानी मिल जाए तो ये समस्या खत्म हो जाएगी।

### कांग्रेस ने एलजी को पत्र लिख की पानी के रिसाव और चोरी के जिम्मेदारों पर कार्रवाई की मांग

नई दिल्ली। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष देवेन्द्र यादव ने उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना को पत्र लिखकर दिल्ली जल बोर्ड की पाइपलाइनों से पानी के रिसाव और चोरी के लिए जिम्मेदार लोगों के खिलाफ सख्त से सख्त कार्रवाई की मांग की है। यादव ने एक अखबार की खबर का हवाला देते हुए लिखा कि आम आदमी पार्टी के देवली विधानसभा से विधायक प्रकाश जारवाल के खिलाफ टैंकर माफिया से 60 लाख प्रतिमाह उगाही के आरोप सामने आए है। यादव ने पूर्व मामले की याद दिलाते हुए कहा कि इससे पूर्व भी एमएलए प्रकाश जरवाल के खिलाफ टैंकर मालिक डा. राजेन्द्र सिंह पर आत्महत्या का दवाब डालने का आरोप लगा हुआ है। उन्होंने कहा कि प्रकाश जरवाल इकलौते विधायक नही है जो टैंकर माफिया की मिलीभगत में शामिल हो। उन्होंने आरोप लगाए कि अधिकतर विधायक टैंकर माफिया से मिलकर करोड़ो रुपये का भ्रष्टाचार कर रहे है। दिल्ली कांग्रेस ने भ्रष्ट अधिकारियों और राजनेताओं की सांठगांठ की जांच के लिए 2015-16 और 2022-23 के बीच 58 प्रतिशत पानी के रिसाव के कारण 17,575 करोड़ रुपये के भारी नुकसान के बारे में केंद्रीय सतर्कता विभाग में शिकायत दर्ज की थी। जिस पर उपरज्यपाल ने भी प्रेस कॉन्फ्रेंस करके कुल पानी के उत्पान का 58 प्रतिशत रिसाव व चोरी पर चिंता व्यक्त की थी।



नई दिल्ली। लीक हुए पानी की पाइपलाइन से अपनी प्यास बुझाता बंदर। फोटो :

## जल मंत्री ने किया वजीराबाद बैराज का दौरा हरियाणा से अतिरिक्त पानी छोड़ने की अपील



**नई दिल्ली।** दिल्ली में लगातार बढ़ते जल संकट के बीच सोमवार को दिल्ली सरकार में जल मंत्री आतिशी ने डीजेबी के आला अधिकारियों के साथ यमुना नदी पर बने वजीराबाद जल शोधन संयंत्र का दौरा किया। इस अवसर पर आतिशी ने यमुना में घटते पानी की मात्रा को लेकर हरियाणा से अपील की है कि वह तुरंत यमुना में पानी छोड़े। इस बारे में आतिशी ने कहा कि वजीराबाद बैराज को हरियाणा से पानी मिलता है, जो चंद्रावल, ओखला और वजीराबाद के जल उपचार संयंत्रों में जाता है। उन्होंने कहा, अगर कच्चा पानी ही नहीं मिलेगा, तो जल उपचार संयंत्र कार्य कैसे करेंगे। उन्होंने कहा कि हम हरियाणा सरकार से अपील करते हैं कि दिल्ली के लोगों की चिंता को समझते हुए यमुना नदी में पानी छोड़ना चाहिए।

क्योंकि यमुना में पानी नहीं आ रहा, इससे वाटर ट्रीटमेंट प्लांट्स का उत्पादन घट गया है। जहां सामान्य समय में 1005 एमजीडी पानी का उत्पादन होता है, हरियाणा सरकार द्वारा यमुना में पानी न छोड़े जाने के कारण कल सिर्फ़ 917 एमजीडी पानी का उत्पादन हुआ है। वजीराबाद बैराज में पानी कम होने के कारण वाटर ट्रीटमेंट प्लांट में 134 एमजीडी की तुलना में महज 86 एमजीडी पानी का ही शोधन हो रहा है। क्योंकि कच्चा पानी न मिलने से प्लांट में कई फ़िल्टर बंद पड़े है।

दिल्ली में वजीराबाद बैराज से वजीराबाद, चन्द्रवाल, और ओखला वाटर ट्रीटमेंट प्लांट को पानी पहुंचता है। लेकिन, हरियाणा से यमुना में पानी न छोड़े जाने के कारण इसका जलस्तर 674.5 फीट से गिरकर 668 फीट रह गया है। हालत ये है कि, वज़ीराबाद तालाब में सूखे टापू दिखने लगे है। इससे वाटर ट्रीटमेंट प्लांट्स में पानी का शोधन बुरी तरह प्रभावित हो रहा है।

## पानी मांगने गए लोगों से विधायक बोले, ज्यादा बोलोगे तो ठंडा कर दूंगा : सचदेवा



**नई दिल्ली।** आम आदमी पार्टी के विधायक जय भगवान उपकार का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल है जिसमें विधायक उनके कार्यालय पर जल संकट की शिकायत लेकर आये बवाना के लोगों को धमकाते हुए कह रहे हैं कि तुम मुझे जानते हो ना, ज्यादा बोलोगे तो ठंडा कर दूंगा। दिल्ली भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष वीरेन्द्र सचदेवा ने सोमवार को प्रेस वार्ता में यह वायरल वीडियो दिखाया और कहा कि रविवार को एक कार्यालय का शीशा टूटने पर भाजपा को आराजक एवं गुंडाई पार्टी कहने वाली दिल्ली की मंत्री आतिशी एवं सांसद संजय सिंह अपने इस दबंग विधायक जय भगवान पर भी बोलेंगे क्या। उन्होंने कहा कि दिल्ली की जनता मांग करती है कि अरविंद केजरीवाल एवं आतिशी अविलंब जय भगवान उपकार को आम आदमी पार्टी और विधानसभा से निष्कासित करें। सचदेवा ने घोषणा की है कि मंगलवार, 18 जून को सुबह सांसद योगेन्द्र चंदोलिया विधायक के धमकी भरे वीडियो के आधार पर पुलिस प्राथमिकी दर्ज करायेंगे। यहां दिल्ली भाजपा के मीडिया प्रमुख प्रवीण शंकर कपूर ने कहा कि विधायक जय भगवान की खुली धमकी के बाद पूरी आम आदमी पार्टी जवाबदेह है। सचदेवा ने कहा है कि ग्रामीण भाषा में ठंडा कर दूंगा का मतलब होता है जान से मार दूंगा।

### 'ठंडा करने की धमकी देते इस वीडियो ने दिल्ली वालों को किया स्तब्ध'

सचदेवा ने कहा है कि हमने आप विधायक प्रकाश जरवाल को पैसा उगाही के लिए एक टैंकर मालिक की हत्या करवाते देखा है तो पानी मांग रही महिलाओं से एक अन्य विधायक दिनेश मोहनिया को अभद्रता करते दिल्ली ने देखा है। उन्होंने कहा है कि ऐसे में आज "आप" विधायक जय भगवान उपकार के लोगों को ठंडा करने की धमकी देते इस वीडियो ने दिल्ली वालों ना सिर्फ स्तब्ध किया है बल्कि सोचने को मजबूर किया है की आखिर आज दिल्ली में कैसी सरकार है जिसके शासन में जब भी जल समस्या विकराल होती है तो इनके विधायक लोगों को मारते भी हैं, पीटते भी हैं और ठंडा करने यानि मारने की धमकी भी देते हैं।

### बवाना विधानसभा में पानी, बिजली को लेकर ग्रामीणों ने किया प्रदर्शन

बवाना विधानसभा स्थित कटेवड़ा, कुतुबगढ़ और मुंगेशपुर में बिजली की तीन तीन घंटे कटौती और पानी की किल्लत को लेकर ग्रामीणों ने कटेवड़ा मोड़ पर प्रदर्शन किया। इस दौरान ग्रामीणों ने कहा कि दिल्ली सरकार किसी भी समय बिजली की कटौती कर रही है, साथ ही दिन में सुबह करीब आधा घंटा ही पानी आ रहा है जबकि ग्रामीण पशु भी पालते हैं और पानी की कमी के कारण सभी घरेलू कार्य प्रभावित हैं। ग्रामीणों को आबादी के अनुसार पानी नहीं मिल पा रहा है।

### डीजेबी से पानी की आपूर्ति लगभग 40 प्रतिशत हो रही कम : एनडीएमसी

नई दिल्ली। नई दिल्ली नगरपालिका परिषद (एनडीएमसी) क्षेत्र में तिलक मार्ग और बंगाली मार्केट स्थित भूमिगत जलाशय (यूजीआर) में दिल्ली जल बोर्ड (डीजेबी) से पानी की आपूर्ति लगभग 40 प्रतिशत कम हो रही है। एनडीएमसी प्रशासन ने सोमवार को यह जानकारी देते हुए कहा कि जैसा कि डीजेबी द्वारा सूचित किया गया है कि कच्चे पानी की अनुपलब्धता के कारण वजीराबाद जल संयंत्र से पीने योग्य पानी का उत्पादन पूरी क्षमता से नहीं हो पा रहा है, इसलिए तिलक मार्ग यूजीआर और बंगाली मार्केट यूजीआर के कमांड क्षेत्र में पानी की आपूर्ति दिन में एक बार, सम्भवतः सुबह के समय में ही उपलब्ध कराई जाएगी। एनडीएमसी पानी बचाने और पानी का विवेकपूर्ण तरीके से उपयोग करने की अपील कर रही है क्योंकि जल जीवन के लिए जरूरी है। जल संरक्षण केवल आवश्यक मात्रा में पानी का उपयोग करके, हर रिसाव को ठीक करके पानी की बर्बादी को रोक कर पानी का कुशलतापूर्वक उपयोग करने का एक तरीका है।

### प्रभावित उपभोक्ता पानी के टैंकरों के लिए नियंत्रण कक्ष में करें फोन

दिल्ली जल बोर्ड से पानी की आपूर्ति में कमी के कारण, बंगाली मार्केट, अशोक रोड, हरिचंद माथुर लेन, कॉपरनिकस मार्ग, पुराना किला रोड, बाबर रोड, बाराखंबा, केजी मार्ग, विंडसर प्लेस, फिरोजशाह मार्ग, कैनिंग लेन और आसपास के क्षेत्र प्रभावित होंगे। एनडीएमसी क्षेत्र में प्रभावित उपभोक्ता पानी के टैंकरों के लिए जल आपूर्ति के नियंत्रण कक्ष में फोन नंबर्स 011 -2336 0683, 011 -2374 3642 पर संपर्क कर सकते हैं।

### दिल्ली में फिर बिजली खपत का आंकड़ा पहुंचा आठ हजार मेगावाट पार, और बढ़ेगी मांग!

नई दिल्ली। दिल्ली में गर्मियों के इस सीजन में राजधानी वाले बहुत ज्यादा बिजली की खपत कर रहे है। हालात यह है कि इस सीजन में बिजली की मांग एक बार फिर सोमवार को 8 हजार मेगावाट के आंकड़े को पार कर गई। स्टेट लोड डिस्पैच सेंटर दिल्ली (एसएलडीसी) पर दर्ज आंकड़ों के अनुसार दिल्ली में दोपहर 3.33 बजे बिजली की खपत का आंकड़ा 8006 मेगावाट दर्ज हुआ। बिजली कंपनियों का अनुमान है कि यह मांग देर रात और बढ़ सकती है। जहां एक तरफ भीषण गर्मी ने लोगों को परेशान कर रखा है वहीं दूसरी तरफ बिजली कटौती भी दिक्कत पैदा कर रही है। सोमवार को भी दिल्ली के अनेक हिस्सों में बिजली कटौती की खबर सामने आई। सूत्रों का यहां तक कहना है कि देर रात दिल्ली हवाई अड्डे पर भी बिजली गुल हो गई थी, जिसका असर उड़ानों पर भी पड़ने की बात की जा रही है। हालांकि इस बारे में, खबर लिखे जाने तक कोई अधिकृत बयान सामने नहीं आया। बिजली कटौती को लेकर निजी बिजली आपूर्ति कंपनियां बीएसईएस और टाटा पावर डीडीएल के अधिकारियों ने इंकार करते हुए कहा कि पावर कट की कोई गुंजाइश नहीं है। कंपनियों का दावा है कि हमारे पास पहले ही सर प्लस बिजली की व्यवस्था है, ऐसे में कटौती का सवाल ही नहीं है।

### पानी को लेकर हाहाकार, जिम्मेदार केजरीवाल सरकार : पूर्व महापौर

नई दिल्ली। दिल्ली में पानी को लेकर हाहाकार मचा हुआ है और इसकी जिम्मेदार दिल्ली की केजरीवाल सरकार है। दिल्ली नगर निगम के पूर्व महापौर और दिल्ली जल बोर्ड के सदस्य जयप्रकाश ने सोमवार को केजरीवाल सरकार का पानी के मामले में घेरते हुए उक्त बातें कही है। उन्होंने कहा कि पिछले 10 सालों से हर वर्ष गर्मी आते ही पानी की समस्या उत्पन्न हो जाती है। दिल्ली सरकार यह बताएं कि दिल्ली को पीने का पानी उपलब्ध कराने के लिए कौन-कौन से ठोस कदम उठाए गए। जयप्रकाश ने दिल्ली सरकार पर यह आरोप लगाया कि जल बोर्ड का सदस्य होने के नाते उन्होंने समय-समय पर दिल्ली सरकार एवं जल बोर्ड को पत्र लिख लिखकर पानी को लेकर सुझाव दिए हैं।

### दिल्लीवासियों को अपनी गंदी चालों से बेवकूफ नहीं बना सकतीं आतिशी : खुराना

नई दिल्ली। सोमवार को जल मंत्री आतिशी वजीराबाद बैराज गईं और यह दिखाने की कोशिश की गई कि बैराज के बाहरी क्षेत्र में पानी की कमी है, लेकिन उन्हें पता होना चाहिए कि वह दिल्लीवासियों को अपनी गंदी चालों से बेवकूफ नहीं बना सकतीं। दिल्ली भाजपा के सचिव हरीश खुराना ने आतिशी को लेकर यह ब्यान जारी किया। उन्होंने कहा कि दिल्ली के लोग अच्छी तरह जानते हैं कि वजीराबाद में पानी की दृश्यता कम है क्योंकि बैराज और इसका तालाब गहराई खो चुके हैं। पिछले एक दशक से वजीराबाद जल शोधन संयंत्र के तालाब और बैराज की सफाई नहीं हुई है और आज इसकी 90 प्रतिशत गहराई गाद से भरी हुई है, इसलिए बैराज क्षेत्र पानी नहीं रोक सकता।

### 'आतिशी और संजय सिंह बने हुए हैं ब्यान वीर'

नई दिल्ली। दिल्ली सरकार की लापरवाही से आज दिल्ली वाले जल संकट से जूझ रहे हैं क्योंकि आधे से अधिक पेयजल या तो चोरी हो रहा है या फिर लीक हो रहा है पर दिल्ली की जल मंत्री आतिशी एवं सांसद संजय सिंह लीकेज एवं जल चोरी रुकवाने के ब्यान वीर बने हुए हैं। दिल्ली भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष वीरेन्द्र सचदेवा ने सोमवार को आप नेताओं पर उक्त निशाना साधा। सचदेवा ने बताया कि कहा है कि आम आदमी पार्टी की अरविंद केजरीवाल सरकार एक अकर्मण्य सरकार है जो जनता की समस्याएं कम करने के लिए नहीं अपने सुप्रचार के लिए काम करती है। सरकार का काम समस्याओं का समाधान करना होता है पर दिल्ली में आज एक ऐसी सरकार है जो खुद ही समस्या बन गई है।

## बदरपुर विधानसभा सीट से इस्तीफा देने का बिधूड़ी ने किया फैसला

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

- नेता विपक्ष पद के दायित्व से मुक्त करने का भी जेपी नड्डा को पत्र लिख किया अनुरोध

दक्षिण दिल्ली लोकसभा क्षेत्र से नवनिर्वाचित सांसद रामवीर सिंह बिधूड़ी ने सोमवार को दिल्ली विधानसभा की बदरपुर सीट से इस्तीफा देने का फैसला किया है और दिल्ली विधानसभा में नेता विपक्ष के पद से मुक्त करने के लिए अपनी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा को एक पत्र लिखकर अनुरोध किया है। बिधूड़ी ने नड्डा को लिखे एक पत्र में कहा है कि जनवरी 2020 के विधानसभा चुनावों में बदरपुर क्षेत्र से विजयी होने के बाद आपने मुझे दिल्ली विधानसभा में नेता विपक्ष का महत्वपूर्ण दायित्व सौंपा था। मेरा सौभाग्य है कि इस दौरान हम सभी विधायकों ने दिल्ली की समस्याओं को सदन के भीतर और बाहर पूरी ताकत से उठाया। उन्होंने लिखा है कि अब नियमानुसार उन्हें विधानसभा या लोकसभा में से किसी एक सदन से अधिसूचना जारी होने के 14 दिन के भीतर इस्तीफा देना है तो वह कल 18 जून 2024 को विधानसभा की सदस्यता से इस्तीफा देने जा रहे हैं। इसलिए उन्हें नेता विपक्ष के पद के दायित्व से मुक्त कर दिया जाए ताकि वह लोकसभा सदस्य के रूप में अपने दायित्वों का निर्वाह कर सकें।

### नीट परीक्षा में धांधली के खिलाफ आज जंतर-मंतर पर प्रदर्शन करेगी आप

नई दिल्ली। देश में ग्रेजुएशन स्तर के मेडिकल पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए नीट-यूजी परीक्षा में कथित धांधली को लेकर आज मंगलवार को आम आदमी पार्टी जंतर-मंतर पर प्रदर्शन करेगी। वहीं इसके एक दिन बाद आप बुधवार को पूरे देश में प्रदर्शन करेगी। इस बात की जानकारी आप के राष्ट्रीय महासचिव और राज्यसभा सांसद संदीप पाठक ने सोमवार को सोशल मीडिया मंच एक्स पर ट्वीट कर दी। संदीप पाठक ने कहा कि नीट परीक्षा में कई अनियमितताएं सामने आई हैं। लाखों बच्चों की मेहनत और सपनों पर केंद्र सरकार के इस तरह के घोटाले को देश बर्दाश्त नहीं करेगा। आप इस घोटाले के खिलाफ देशभर में प्रदर्शन करेगी। उन्होंने बताया कि आज 18 जून को सुबह 10 बजे आम आदमी पार्टी के सभी सांसद, विधायक और पार्षद जंतर-मंतर पर सरकार के खिलाफ प्रदर्शन करेंगे। वहीं 19 जून को आम आदमी पार्टी देशभर के सभी राज्यों में मोदी सरकार के खिलाफ प्रदर्शन करेगी। उल्लेखनीय हैक देश में ग्रेजुएशन स्तर के मेडिकल पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए नीट-यूजी परीक्षा 5 मई को भारत के 571 शहरों में 4,750 केंद्रों पर आयोजित की गई थी। परिणाम 4 जून को घोषित किए गए। परिणाम घोषित होने के बाद अभिभावकों और शिक्षकों ने 1,563 छात्रों को दिए गए ग्रेस मार्क्स पर सवाल उठाना शुरू कर दिया। जिसके बाद इस मामले पर सियासत गरमा गई है।



नई दिल्ली। बवाना विधानसभा क्षेत्र में पेयजल संकट और टैंकर माफिया के खिलाफ भाजपा कार्यकर्ताओं ने प्रदर्शन किया। फोटो : हरिभूमि

### आईपी यूनिवर्सिटी में सीधा दाखिला के लिए किसी के झांसे में ना आई : जनसंपर्क अधिकारी

नई दिल्ली। आईपी यूनिवर्सिटी के किसी भी प्रोग्राम में सीधा दाखिला (डायरेक्ट एडमिशन) का कोई प्रावधान नहीं है। यूनिवर्सिटी से सम्बद्ध निजी संस्थानों में भी 90 प्रतिशत सीट यूनिवर्सिटी द्वारा आयोजित केंद्रीकृत काउंसलिंग के जरिए ही भरे जाते हैं। सिर्फ 10 प्रतिशत सीट ही कुछ निजी संस्थानों में प्रबंधन कोटे से भरे जाते हैं। आईपी यूनिवर्सिटी प्रशासन ने सोमवार को यह जानकारी देते हुए बताया कि प्रबंधन कोटे में सीटों के आवंटन के लिए भी यूनिवर्सिटी के तय दिशा निर्देश हैं। ये सीटें भी मेरिट के आधार पर भरी जाती हैं। किसी भी सीट को भरने के लिए डायरेक्ट एडमिशन का कोई प्रावधान नहीं है। आवेदकों को यह सलाह है कि वे आवेदन का लॉगिन आईडी और पासवर्ड किसी से भी शेयर न करें और यूनिवर्सिटी की सेंट्रलाइज्ड काउन्सलिंग पर भरोसा रखें। काउन्सलिंग के कई चरण होते हैं। इसलिए थोड़ा धैर्य भी रखें। जब तक दाखिल न मिल जाए यूनिवर्सिटी की दोनों वेबसाइटों पर डाले जाने वाले नोटिस को अवश्य देखते रहें। अगर आपको लगता है कि कोई दाखिला के नाम पर झांसे में ले रहा है तो यूनिवर्सिटी के जनसंपर्क अधिकारी या मुख्य सतर्कता अधिकारी के संज्ञान में लाएं।

खबर संक्षेप

## योग गुरु शिक्षा रत्न सम्मान से सम्मानित



**फरीदाबाद।** योग दिवस के उपलक्ष्य में मानवीय निर्माण मंच द्वारा देश के महान योग गुरुओं को योग शिक्षा रत्न सम्मान से सम्मानित किया गया। अध्यक्षता प्रधान स्वामी आर्यवेश ने तथा मुख्य अतिथि अयोध्या की रामलीला में श्रीराम की भूमिका निभाने वाले राहुल भूचर थे। मौके पर योग गुरु रुचि विरमानी को भी योग शिक्षा रत्न से सम्मानित किया।

## रोडरेज में एक युवक की पीट-पीटकर हत्या

**गुरुग्राम ।** सोहना रोड पर हुई रोड रेज में स्विफ्ट सवार 4 युवकों ने एक युवक की पीट-पीटकर हत्या कर दी।



मामले में सदर थाना पुलिस ने आईपीसी 302, 34 के तहत केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस के मुताबिक दीनू उर्फ दीन दयाल टेंपो ट्रेवलर चलाता था। वह सोहना रोड पर गाड़ी यूटर्न पर घुमा रहा था तो स्विफ्ट गाड़ी उसकी टेंपो ट्रेवलर से टकरा गई जिससे कार सवार दीनू से मारपीट करने लगे।

## व्यक्ति ने की पत्नी की गला दबाकर हत्या

**फरीदाबाद।** सेक्टर-56 स्थित आशियाना फ्लेट्स में एक व्यक्ति ने अपनी पत्नी की हत्या कर दी।



वारदात से पहले आरोपी पति ने उसे अपने हाथों से मिठाई खिलाई, फिर उसको चुन्नी से गला दबाकर मार डाला। इसके बाद आरोपी फरार हो गया। पुलिस उसकी तलाश में जुटी है। पुलिस ने शव को पोस्टमॉर्टम के लिए बादशाह खान सिविल अस्पताल में रखवा दिया है।

## एकादशी पर छबील लगाकर पिलाया ठंडा शरबत



**फरीदाबाद।** मानव सेवा समिति ने निर्जला एकादशी के पावन पर्व पर मानव भवन सेक्टर 10 पर छबील लगाकर जनता को ठंडा मीठा शरबत पिलाया। अध्यक्ष कैलाश शर्मा, महासचिव सुरेंद्र जग्गा, चेयरमैन महिला मंडल ऊषा किरण शर्मा, मुख्य संयोजक अरुण बजाज, मुख्य संरक्षक प्रेम पसरीजा, अध्यक्ष व संजीव शर्मा आदि ने कार्य में सहयोग दिया।

## गाजियाबाद में कार में मिला चालक का शव

**गाजियाबाद।** इंदिरापुरम कोतवाली क्षेत्र में प्रहलादगढ़ी लाल बत्ती में चालक का शव मिला। एसी



चलाकर कार में सो गया था। मालिक पहुंचे तो शीशा तोड़कर लॉक खोला। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेजकर स्वजन को जानकारी दे दी है। मृतक की पहचान साहिबाबाद गांव के कल्लू दुबे के रूप में हुई है। पुलिस जांच में आया कि प्रहलादगढ़ी लाल बत्ती पर टैक्सी में एसी चलाकर सो गया था।

## 360 ग्राम गांजा सहित आरोपी को किया गिरफ्तार

**फरीदाबाद।** अपराध शाखा 56 ने नशे की तस्करी करने वाले एक आरोपी को काबू किया है। आरोपी



का नाम सचिन उर्फ लक्षित है। क्राइम ब्रांच ने आरोपी को 360 ग्राम गांजा सहित काबू किया है। आरोपी के खिलाफ थाना ओल्ड में नशा तस्करी की धाराओं में मुकदमा दर्ज कर काबू किया गया है। पूछताछ में सामने आया कि आरोपी पहले मेडिकल स्टोर पर काम करता था। लालच में आकर नशा बेचने लगा।

### बेटी बचाओ अभियान का नारा, लाडली पौधरोपण से शहर हरा-भरा होगा हमारा

# धरती की तपिश कम करने फरीदाबाद को 5 लाख से अधिक पौधों की जरूरत

बेटी बचाओ अभियान के संस्थापक व राष्ट्रीय संयोजक हरीश चन्द्र आजाद ने बताया कि संस्था प्रत्येक वर्ष की तरह इस वर्ष भी जुलाई माह से फरीदाबाद शहर में लाडली पौधरोपण कार्यक्रम के तहत पेड़-पौधे लगाएगा। पौधरोपण के लिए कई स्थानों पर टीम के सदस्यों को जिम्मेदारी सौंपी गई है।





हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

बेटी बचाओ अभियान के संस्थापक व राष्ट्रीय संयोजक हरीश चंद्र आजाद ने बताया कि संस्था प्रत्येक वर्ष की तरह इस वर्ष भी जुलाई माह से फरीदाबाद शहर में लाडली पौधरोपण कार्यक्रम के तहत पेड़-पौधे लगाएगा। पौधरोपण के लिए कई स्थानों पर टीम के सदस्यों को जिम्मेदारी सौंपी गई है। सबसे पहले सेक्टर 21 बी पार्क में सदस्य सुशील अरोड़ा के नेतृत्व में वृक्षरोपण होगा। उसके बाद सेक्टर 28 पेट्रोल पम्प वाली रोड़ व खेल के मैदान में टीम के सदस्य वर्षा वधावन के नेतृत्व में पेड़ लगाए जाएंगे। इसके अलावा सेक्टर 18 वाल्मीकि पार्क में सदस्य राजीव कालड़ा के नेतृत्व में पौधरोपण होगा, इसी तरह 2 नंबर सी ब्लाक पार्क में सदस्य अश्वनी कालड़ा के नेतृत्व में पौधे रोपे जाएंगे, सेक्टर 8-9 की डिवाइडिंग रोड पर टीम के सदस्य शीतल लूथरा के नेतृत्व में पौधे रोपे जाएंगे । उसके बाद 5 नंबर सी ब्लाक में सदस्य मोना छाबड़ा के नेतृत्व में लगाए जाएंगे और इसी तरह बरसात के पूरे मौसम में शहर के कोने-कोने में पेड़-पौधों से शहर को हरा भरा किया जाएगा।

### रोड मैप तैयार, सभी सदस्यों को कार्य बांट दिया गया

हरीश आजाद ने कहा कि धरती की तपिश को कम करने के लिए फरीदाबाद में करीब 5 लाख पेड़.पौधों को और लगाने की जरूरत है इसके लिए एक स्लोगन दिया है कि बेटी बचाओ अभियान का नारा, लाडली पौधरोपण से शहर हरा-भरा होगा हमारा और हमने इस कार्य को सफल बनाने के लिये पूरा रोड मैप तैयार कर लिया है तथा इसके लिए बेटी बचाओ अभियान के सभी सदस्यों को कार्य बांट दिया गया है सभी के सहयोग से लाडली पौधरोपण के तहत शहर को हरा-भरा बनाया जाएगा।

### जलापूर्ति को लेकर जल निगम और महापौर आमने-सामने

# जल निगम के कारण शहरवासियों को झेलना पड़ रहा है जल संकट

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गाजियाबाद

महापौर सुनीता दयाल ने महानगर में जलापूर्ति की समस्या के लिए उत्तर प्रदेश जल निगम को जिम्मेदार ठहराया है। एक बयान में उन्होंने कहा कि जल निगम नगर निगम से जलापूर्ति के लिए बड़े-बड़े प्रोजेक्ट ले तो लेता है, मगर उन्हें समय से पूरा नहीं कर पाता। जिसका खामियाजा आम जनता को झेलना पड़ता है और नगर निगम प्रशासन को जनता की नाराजगी का सामना करना पड़ता है।

महापौर सुनीता दयाल ने महानगर में जलापूर्ति की समस्या के लिए उत्तर प्रदेश जल निगम को जिम्मेदार ठहराया है। एक बयान में उन्होंने कहा कि जल निगम नगर निगम से जलापूर्ति के लिए बड़े-बड़े प्रोजेक्ट ले तो लेता है, मगर उन्हें समय से पूरा नहीं कर पाता।

**खास बातें**

- मूलभूत सुविधाओं में से एक है लोगों को पानी देना
- पानी के लिए गर्मी में सड़कों पर काम कर रहे अधिकारी
- जल निगम की बहुत बड़े पैमाने पर लापरवाही है

### योजनाओं को पूरा करने के बाद भी चालू नहीं जलापूर्ति



### पानी की लाइनों में लिकेज

जल निगम द्वारा किए गए कार्य में अत्यधिक खामियां है, जैसे कहीं पम्प नही चल रहे, उनमें झाड़ खड़े हैं, कहीं टंकी बनाई गई है, पानी की लाइन बिछाई गई है, लेकिन सप्लाई नहीं की जा रही है, और जहां पानी की लाइन है वह लीकेज बहुत हैं और यह योजना पूर्ण कर नगर निगम को हैंडओवर भी नही की जा रही है। जिससे जल निगम द्वारा शहरवासियों को जल संकट झेलना पड़ रहा है।

### जलापूर्ति के लिए ननि सक्रिय

महापौर ने कहा कि भीषण गर्मी मे नगर निगम शाहवासियों को जलापूर्ति करने में सक्रिय है। यह मूलभूत सुविधाओं में से एक है। नगर निगम अथक प्रयासों से हर क्षेत्र में जलापूर्ति की व्यवस्था कर रहा है। नगर आयुक्त एवं अन्य अधिकारी गर्मी में सड़कों पर कार्य कर रहे हैं । शहर में जलापूर्ति की सभी जिम्मेदारी शासन द्वारा जल निगम को दी गई है लेकिन इतनी बड़ी जिम्मेदारी के साथ जल निगम खरा नहीं उतर रहा है। जल निगम न ही नगर निगम वह योजना को हैंडओवर कर रहा है और न ही उन योजनाओं को चालू कर जनता को जलापूर्ति कर रहा है ।

### सांसद ने चुनाव में जिताने पर जताया आभार

# कहा, विकास कार्यों को तेज गति से आगे ले जाने तैयार



हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

विधायक राजेश नागर ने तिगांव में समर्थकों का लोकसभा चुनाव में विजय दिलाने के लिए आभार जताया। उन्होंने कहा कि सीएम साहब को तिगांव बुलाने जा रहे हैं जिससे विकास कार्यों को और गति मिलेगी। कहा कि जनता ने प्रदेश में सर्वाधिक मतों के साथ 2024 लोकसभा में कृष्णपाल गुर्जर को तिगांव से सबसे ज्यादा वोट दिए।

### तिगांव में नया एसडीएम कार्यालय

विधायक ने कहा कि जल्द ही तिगांव में नया एसडीएम कार्यालय खुलने जा रहा है जिससे अनेक प्रशासनिक कार्य हो सकेंगे। इसमें हमारी रजिस्ट्री, गाड़ियों का पंजीयन आदि शामिल होंगे। इस मांग को मैंने विधानसभा के पटल पर रखा था जिसे मंजूरी मिल चुकी है। इसके साथ ही विज्ञान भवन भी जल्द बनकर तैयार होगा। जहां राष्ट्रीय अंतरराष्ट्रीय स्तर की गतिविधियों को बढ़ावा मिलेगा। इससे क्षेत्र में स्थानीय स्तर पर रोजगार भी सृजित होंगे ।

### सड़कों से कनेक्टिविटी समस्या खत्म होगी

विधायक ने कहा कि तिगांव क्षेत्र में हर ओर सड़कों का जाल बिछ रहा है। जिससे कनेक्टिविटी की समस्या हमेशा के लिए दूर हो जाएगी। सभी सड़कों को चौड़ीकरण किया जा रहा है। वहीं बिजली की आपूर्ति के लिए एक अलग सब स्टेशन हमें मिल चुका है वहीं अब गलियों, नाली, खड़ंजे और सीवर पानी की लाइनों का काम भी गति से चल रहा है। आपकी कोई भी स्थानीय समस्या हो, उसके लिए मुझसे कभी भी मिल सकते हैं।

## नए बिजलीघर से 100 कॉलोनियों और कई सेक्टरों में सुधरेगी पावर सप्लाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गुरुग्राम

भीषण गर्मी के बीच गुरुग्रामवासियों के लिए राहत भरी खबर आई है। गुरुग्राम के 100 कॉलोनियों और



सेक्टरों के निवासियों को जुलाई में अघोषित बिजली कटौती से राहत मिल जाएगी। हरियाणा विद्युत प्रसारण निगम (एचवीपीएन) अधिकारियों के मुताबिक, सेक्टर-15 के पार्ट दो स्थित 220 केवीए बिजली सब-स्टेशन को 15 जुलाई तक शुरू कर दिया जाएगा। इसके शुरू होने के बाद सेक्टर-52, 56, बादशाहपुर और दौलताबाद के 220 केवीए सब-स्टेशन पर बिजली का भार कम हो जाएगा। इसके बाद बिजली की समस्या खत्म हो जाएगी। एचवीपीएन ने करीब 52 करोड़ रुपए की लागत से इस सब-स्टेशन को तैयार कर लिया है, लेकिन सेक्टर-72 स्थित 400 केवीए बिजली सब स्टेशन से इस सब-स्टेशन को जोड़ने की प्रक्रिया चल रही है। मेदांता अस्पताल के आसपास हाईटेंशन टावर खड़े किए जा रहे हैं।

**दौलताबाद सब स्टेशन को सबसे अधिक राहत**

इस सब-स्टेशन के बनने के बाद दौलताबाद सब-स्टेशन को सबसे अधिक राहत मिलेगी। सेक्टर-21, 22, 23, पालम विहार, उद्योग विहार एरिया को सेक्टर-15 के बिजली सब-स्टेशन से बिजली मिलना शुरू हो जाएगी। ऐसा होने के बाद दौलताबाद सब-स्टेशन से ओल्ड गुरुग्राम की करीब 50 से अधिक कॉलोनियों को पर्याप्त मात्रा में बिजली मिल जाएगी।

## नेशनल एसो. फॉर द ब्लाइंड के प्रधान बने एसएन त्यागी





हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

एनएच 3 नंबर स्थित नेशनल एसोसिएशन फॉर द ब्लाइंड के कार्यालय में सादगी पूर्ण समारोह में शहर के तमाम वरिष्ठ अधिवक्ता एवं समाजसेवी एकत्रित होकर वरिष्ठ अधिवक्ता एसएन त्यागी को नेशनल एसोसिएशन फॉर द ब्लाइंड का प्रधान बनने पर सभी अधिवक्ताओं ने बधाई दी। कार्यक्रम में हरियाणा सरकार हरको बैंक चेयरमैन एवं वरिष्ठ अधिवक्ता हुकुम सिंह भाटी, ऑल इंडिया टैक्स लॉयर्स एसोसिएशन के प्रदेश महासचिव संदीप सेठी ने संस्था द्वारा किए गए कार्यों का उल्लेख करते हुए त्यागी को जिम्मेदारी के साथ अपनी भूमिका निभाने के प्रति आश्वस्त जाहिर किए।

### ये रहे उपस्थित

मुख्य रूप से वरिष्ठ अधिवक्ता एमएस शेखावत, चौधरी बलबीर सिंह, डीआर चौधरी, एनके त्यागी, मुकेश लखानी, संजय लखानी, विनीत त्यागी, एनसी चौधरी, सुभाष लखानी, एससी त्यागी, रविंद्र त्यागी, नेशनल एसोसिएशन फॉर द ब्लाइंड के महासचिव हेम सिंह यादव, जॉइंट सेक्रेटरी रघुवीर यादव, वाइस प्रेसिडेंट वीरेंद्र मखीजा, विनोद यादव आदि उपस्थित थे। नवनियुक्त प्रधान ने संस्था के सभी सदस्यों को आश्वासन देते हुए कहा कि संस्था को नई ऊंचाइयों पर ले जाने का काम करेंगे।

### ट्रांसफार्मर में लगी आग से दुकान जली

# रात के 3 बजे से आधे गांव में बिजली गुल, गर्मी से बेहाल लोग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

ग्रेटर फरीदाबाद के गांव ददसिया में ट्रांसफार्मर में लगी भयंकर आग की चपेट में आई



दुकान का सामान जलकर खाक हो गया है। सरकारी स्कूल के सामने बनी गांव के मार्केट के कोने पर लगे बिजली के ट्रासंफार्मर में रात तीन बजे अचानक से आग लग गई। देखते ही देखते आग के लपटें और ट्रांसफार्मर से होते विस्फोट की तेज आवाज से ग्रामीणों की आंख खुल गई। उठते धुएं और आग की लपटें देख पड़ोसियों ने दुकानदार सुरेश गोयल को फोन पर सूचना दी। आनन-फानन में सुरेश अपनी अपनी पत्नी के साथ घटनास्थल पर पहुंच गए। उस समय तक उनकी दुकान आग की चपेट में आ चुकी थी।

### काफी मशक्कत के बाद आग पर पाया काबू

घटनास्थल के आस-पास रहने वाले और शोर शराबा सुनकर अन्य ग्रामीण भी एकत्रित हो गए। सभी आग बुझाने के लिए बाल्टियों से पानी और रेत लाकर आग पर डालने लगे। काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पा लिया गया लेकिन तब तक साथ की दुकान का फर्नीचर टेबल, काउंटर, सामान जल गया। दुकान में रखे गैस सिलेंडर को समय रहते निकाल लिया गया अन्यथा बड़ा हादसा हो सकता था। हादसे के शिकार हुए पीड़ित दुकानदार सुरेश गोयल ने बताया कि किराए की दुकान में हलवाई का काम कर घर का गुजर बसर करता था। आग के चलते दो काउंटर, इलेक्ट्रिक तराजू, मिठाई, नमकीन, बिजली का सामान, जरूरी कागजात, दुकान के शटर और दीवारों को काफी नुकसान हुआ है। उनका इस हादसे ने भारी नुकसान कर दिया।

## हवाई अड्डों पर सुरक्षा मामले में सुप्रीम कोर्ट के काउंसिल ने उठाए सवाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गुरुग्राम

सुप्रीम कोर्ट के काउंसिल सवेंद्र सिंह ने देश के हवाई अड्डों पर सुरक्षा के साथ खिलवाड़ करने और सुरक्षा जांच में चूक होने का आरोप लगाया। पत्रकारों से बातचीत के दौरान उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार सबका साथ-सबका विकास के नारे के साथ सफलतापूर्वक आगे बढ़ रही है। लेकिन, कुछ सरकारी विभाग नियमों को नजरअंदाज कर मनमाने तरीके से काम कर रहे हैं। उन्होंने देश के हवाई अड्डों के विकास और रखरखाव के तरीकों और इसके लिए इस्तेमाल की जाने वाली मशीनों पर भी सवाल उठाए हैं।

उन्होंने कहा कि पीएम मोदी की विकसित भारत की परिकल्पना से इतर कुछ अधिकारी मनमाने तरीके से इस प्रकार के कार्यों में जुटे हैं। वे विदेशी कंपनियों को भारत से बाहर करने का कार्य कर रहे हैं। कुछ कंपनी भारत में निवेश भी करना



चाहती है, लेकिन अपने स्वार्थ के कारण कुछ अधिकारी ऐसा होने नहीं दे रहे हैं। उन्होंने कहा कि भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण ने हाल में ही एक एक्सबीआईएस मशीन के टेंडर की प्रक्रिया में एक ऐसी कंपनी के साथ आगे जाने का फैसला किया है, जिनकी मशीन में आग लगने का इतिहास है।

उन्होंने कहा कि इंदौर एयरपोर्ट पर जुलाई 2023 में एक्सबीआईएस मशीन में आग लगी थी। लेकिन कुछ अधिकारी उसी कंपनी को दोबारा कॉन्ट्रैक्ट देने के पक्ष में दिखाई दे रहे हैं।

### दिनभर सक्रिय रहे प्रशासन व निगम के अधिकारी, कड़ी सुरक्षा व्यवस्था की

# गाजियाबाद में हर्षोल्लास से मनाई ईद उल अजहा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गाजियाबाद

गाजियाबाद में ईद उल अजहा का पर्व हर्षोल्लास के साथ परंपरागत तरीके से मनाया गया। इस मौके पर जा मुस्लिम भाइयों ने ईदगाह अरे मस्जिदों में ईद उल अजहा की नमाज कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच अदा की वही प्रशासन पुलिस और नगर निगम के अधिकारी पूरी तरह से सक्रिय रहे।

इस्लामनगर मिर्जापुर प्रताप सिद्धार्थ विहार शहीद नगर दासदा मसूरी आदि गांव ईदगाहों में ईद अल-आधा की नमाज निर्धारित समय पर अदा की गई इस दौरान लोगों ने एक दूसरे को ईद की मुबारकबाद दी। साथ ही मुस्लिम भाइयों ने बकरे में अन्य पशुओं की कुर्बानी भी दी।

ईद उल अजहा तथा गंगा दशहरा पर्व पर गाजियाबाद नगर निगम व्यवस्था में रहा, मस्जिदों, ईदगाह के बाहर तथा अंदर सफाई



व्यवस्था को सुदृढ़ किया गया तथा पानी का छिड़काव भी कराया गया। चूने की व्यवस्था भी कराई गई, कुर्बानी वाले स्थान पर ब्लीचिंग पाउडर का छिड़काव भी करते हुए सफाई कराई गई। प्रकाश विभाग द्वारा सभी स्थानों पर आवश्यकता अनुसार लाइटों की मरम्मत का कार्य तेजी से कराया गया, गंगा दशहरा के उपलक्ष में आयोजित पियाऊ तथा भंडारे के कार्यक्रमों मे भी सफाई का विशेष ध्यान रखा गया, गंदगी न फैलाने के लिए जन-जन को जागरुक भी किया गया डस्टबिन का अधिक से अधिक इस्तेमाल हुआ तथा सभी अनुष्ठानों को पूर्ण रूप से जीरो वेस्ट बनाने तथा प्लास्टिक मुक्त बनाने के लिए प्रयास भी किया गया।

### कुर्बानी स्थलों पर सफाई व्यवस्था का विशेष ध्यान रखा

नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक ने बताया कि गाजियाबाद नगर निगम सीमा अंतर्गत ईद उल अजहा तथा गंगा दशहरा के अवसर पर कार्यक्रम आयोजित हुए जिसमें गाजियाबाद नगर निगम स्वास्थ्य विभाग कि महत्वपूर्ण भूमिका रही कुर्बानी स्थलों पर सफाई व्यवस्था का विशेष ध्यान रखा गया सफाई मित्रों के द्वारा कुर्बानी की अपशिष्ट का निस्तारण भी तेजी से कराया गया, कर्कश प्लांट के अलावा उचित स्थान को देखते हुए गड्ढा कर कुर्बानी के अपशिष्ट का निस्तारण कराया गया, पांचों जोन में अलग-अलग टीम के द्वारा कार्य किया गया भंडारों में इत्यादि के धार्मिक अनुष्ठानों में प्लास्टिक का उपयोग न हो इसका ध्यान रखा गया जनप्रतिनिधियों का भी विशेष सहयोग गाजियाबाद नगर निगम को मिला है ।

ओडीओपी के जरिए जिलों में उद्योग को बढ़ावा

# यूपी के सिरेमिक और पॉटरी उद्योग को वैश्विक पहचान देने की तैयारी 'खुर्जा महायोजना 2031' के अंतर्गत सेरेमिक हाट विकसित किए जाएंगे

एजेंसी ▶▶ लखनऊ

एक जिला, एक उत्पाद (वन डिस्ट्रिक्ट, वन प्रोडक्ट-ओडीओपी) के जरिए यूपी के जिलों की पारंपरिक पहचान को बड़े उद्योग के रूप में विकसित करने के लिए योगी सरकार का प्रयास निरंतर गति पकड़ रहा है। इसी क्रम में सीएम योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर खुर्जा की सिरेमिक और पॉटरी उद्योग को विश्वस्तर पर पहचान देने की तैयारी कर रही है। खुर्जा महायोजना 2031 के अंतर्गत सेरेमिक हाट विकसित किया जाएगा, जिसके बाद इस उद्योग से जुड़ी 400 ईकाइयों को बड़ा लाभ मिलना तय है। बुलंदशहर के खुर्जा शहर की पहचान ओडीओपी योजना आने के बाद से विश्व स्तर पर और अधिक मांग होने की पूरी उम्मीद है। वर्तमान में यूपी सेरेमिक और पॉटरी उद्योग के जरिए करीब 23 मिलियन डॉलर का निर्यात कर रहा है, जिसमें खुर्जा के सिरेमिक और पॉटरी उद्योग का बड़ा हिस्सा है।

**खास बातें**

- 400 इकाइयां क्रियाशील हैं
- सिरेमिक सिटी के नाम से प्रसिद्ध है खुर्जा
- 25 हजार लोगों को मिलता है रोजगार
- नई तकनीक के उपयोग के साथ उत्पादों को होगा प्रचार-प्रसार



### सीएम के समक्ष योजना प्रस्तुत

बता दें कि योगी सरकार राष्ट्रीय राजधानी परिक्षेत्र के आसपास के जिलों और नगरों का तेजी से विकास करने जा रही है। इसी क्रम में बुलंदशहर के खुर्जा के लिए महायोजना 2031 पर काम शुरू हो चुका है। अधिकारियों द्वारा सीएम योगी आदित्यनाथ के समक्ष खुर्जा को लेकर विस्तृत योजना प्रस्तुत की जा चुकी है। इसमें सर्वाधिक ध्यान सेरेमिक और पॉटरी उद्योग को प्रोत्साहित करने को लेकर लेकर है।

### विदेशों में विख्यात है पॉटरी उद्योग

यहां का पॉटरी उद्योग न केवल भारत बल्कि विदेशों में भी विख्यात है। इसे सेरेमिक सिटी भी कहते हैं। योगी सरकार यहां के पॉटरी और सेरेमिक उद्योग को और आगे बढ़ाना चाहती है। इसके पीछे कारण यह भी है कि यहां से दिल्ली 129 किलोमीटर, तो वहीं मेरठ 92 किमी और निर्माणाधीन जेवर इंटरनेशनल एयरपोर्ट महज 33 किमी की दूरी पर स्थित है।

### पैकेजिंग और निर्यात को देंगे बढ़ावा

महायोजना 2031 में योगी सरकार सेरेमिक हाट विकसित करने जा रही है। इसके अलावा पुरानी आबादी से सेरेमिक से संबंधित इकाइयों को विकसित क्षेत्रों में स्थानांतरित करने की भी योजना है। सीएम योगी ने इस उद्योग को और आगे ले जाने के लिए इसकी पैकेजिंग की गुणवत्ता में सुधार और निर्यात को बढ़ाने पर बल देने के लिए अधिकारियों को निर्देश दिए हैं। साथ ही सेरेमिक और पॉटरी उद्योग में नए इनोवेशन और टेक्नोलॉजी से जोड़ते हुए उत्पादों का प्रचार-प्रसार और उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए कहा है।

### देश के सबसे पुराने पॉटरी क्लस्टरों में शुमार

खुर्जा देश के सबसे पुराने पॉटरी क्लस्टरों में से एक है और अभी यहां तकरीबन 400 से अधिक लघु स्तरीय इकाइयां इस उद्योग में क्रियाशील हैं। साथ ही खुर्जा रणनीतिक रूप से ईस्टर्न डेडिकेटेड फ्रेट कॉरिडोर, एफटीब्ल्यूजेड जैसी परियोजनाओं से भी जुड़ा हुआ है, जिसका लाभ सेरेमिक और पॉटरी उद्योग को मिलना तय है। सेरेमिक उद्योग यहां के एक जिला एक उत्पाद योजना में भी शामिल है और तकरीबन 25 हजार लोग इस रोजगार से सीधे सीधे जुड़े हुए हैं।

---

**खबर संक्षेप**

### बाइक में लगी आग 3 की मौत, दो झुलसे

**लखीमपुर खीरी।** यूपी के लखीमपुर खीरी जिले में सोमवार को थाना हैदराबाद क्षेत्र में सीतापुर



ब्रांच नहर पटरी पर सोमवार की दोपहर बाद करीब चार बजे 11 हजार वोल्ट की विद्युत लाइन का तार बाइक पर गिर गया। इससे बाइक में आग और करंट लगने से मां-बेटे समेत तीन की मौत हो गई। जबकि महिला और बच्ची गंभीर रूप से झुलस गईं। बच्ची और महिला को गोला सीएचसी भेजा गया है।

### 19 जून तक बंद रहेंगे आठवीं तक के सारे स्कूल

**पटना।** पटना में सभी स्कूलों के लिए गर्मी की छुट्टी बढ़ा दी गई हैं। अब 19 जून तक स्कूल बंद रहेंगे।



ये आदेश आठवीं कक्षा तक के लिए जारी किए गए हैं। इसमें सभी निजी और सरकारी स्कूल शामिल हैं। डीएम शीर्षत कपिल अशोक ने छुट्टी के आदेश दिए हैं। हालांकि इसमें केवल बच्चों की ही छुट्टी रहने वाली है। शिक्षकों तथा दूसरे कर्मचारियों को इस बीच स्कूल आना होगा।

---

सीएम योगी के निर्देश पर मानसून की दस्तक से पहले सतर्क हुआ प्रशासन

# बाढ़ से निपटने के लिए एनडीआरएफ, पीएसी एसडीआरएफ चौकस, 29 जिलों पर पैनी नजर

एजेंसी ▶▶ लखनऊ

> सीएम योगी आदित्यनाथ ने आगामी मानसून और बाढ़ को लेकर अधिकारियों को चौकस रहने के निर्देश दिए हैं। उनके निर्देश पर राहत और बचाव की कुल 42 टीमों की तैनाती की गई है। ये टीमें प्रदेशवासियों और उनके मवेशियों को आवश्यकता पड़ने पर सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाएंगी।

यूपी की योगी सरकार आगामी मॉनसून और बाढ़ को लेकर चौकस हो गई। सीएम योगी आदित्यनाथ ने उच्च स्तरीय बैठक कर मानसून की सक्रियता के बाद बाढ़ की स्थिति से निपटने के लिए अधिकारियों को खाका तैयार करने का आदेश दिया था ताकि प्रदेशवासियों और उनके मवेशियों को समय रहते सुरक्षित स्थान पर पहुंचाया जा सके। राहत आयुक्त जीएस नवीन ने बताया कि सीएम की मंशा के अनुरुप बाढ़ की स्थिति से निपटने की तैयारियां शुरू कर दी गयी हैं। उन्होंने बताया कि बाढ़ से निपटने के लिए प्रदेश को तीन भागों में बांटा गया है। इसमें अतिसंवेदनशील श्रेणी में 29, संवेदनशील श्रेणी में 11 और सामान्य श्रेणी में 35 जनपद शामिल हैं। इन जिलों में विशेष निगरानी के लिए टीमों का गठन कर अलर्ट कर दिया गया है। इसके अलावा एसडीआरएफ, एनडीआरएफ, पीएसी और मौसम विभाग भी अलर्ट मोड पर है। राहत आयुक्त ने बताया कि बाढ़ से निपटने के लिए एनडीआरएफ की 7 टीमें, एसडीआरएफ की 18 टीमें और पीएसी की 17 टीमें तैनात की जा चुकी हैं।

**खास बातें**

- 42 टीमें तैनात की जा चुकी
- संवेदनशील श्रेणी में 11 जनपद शामिल
- फॉरेंसिक लैब के निर्माण पर 39 करोड़ रुपए होंगे खर्च
- जिला जेल की निर्माण लागत 146 करोड़ रुपए
- 75 दिनों में तैयार करनी होगी डिजाइन
- डेढ़ साल में काम पूरा करना होगा



### आजमगढ़ में फॉरेंसिक लैब और हाथरस में बनेगी नई

योगी सरकार ने आजमगढ़ में फॉरेंसिक लैब तथा हाथरस में नई जिला जेल के निर्माण की मंजूरी देते हुए उसे तय समय में पूरा कराने का निर्देश दिया है। फॉरेंसिक लैब के निर्माण पर 39 करोड़ रुपए तथा जिला जेल के निर्माण पर 146 करोड़ रुपए खर्च होंगे। दोनों कार्यों को पूर्ण गुणवत्ता के साथ पूरा कराने के लिए उच्च स्तर से निगरानी की जाएगी।

### ईपीसी द्वारा होंगे निर्माण कार्य

परियोजना के तहत होने वाले सभी निर्माण कार्य इंजीनियरिंग, प्रोक्योरमेंट व कंस्ट्रक्शन (ईपीसी) माध्यम से पूर्ण किए जा रहे हैं। परियोजनाओं के लिए नियुक्त होने वाली पीएमसी एजेंसी को आजमगढ़ में निर्माणाधीन फॉरेंसिक लैब 75 दिन में पूरा करना होगा।

### पर्यावरण मानकों के अनुरूप होगी डिजाइन

परियोजनाएं पर्यावरण मानकों के अनुपालन में कई जरूरी चीजें शामिल करेंगी। इसमें हरित भवन तकनीक, बेहतर वेंटिलेशन, जलवायु-अनुकूल वास्तुकला, खराब पानी का रीसाइकिल कर इस्तेमाल, जल संरक्षण और वर्षा जल संचयन शामिल हैं। दोनों परियोजनाओं को पूरा करने के लिए नियुक्त पीएमसी एजेंसी को कई महत्वपूर्ण कार्य पूरे करने होंगे। कहा गया है कि परियोजना की अवधि के लिए 36 महीने का समय निर्धारित किया गया है। पीएमसी एजेंसी को दोनों परियोजनाओं के तहत सभी निर्माण गतिविधियों की रिपोर्टिंग और निगरानी प्रक्रिया पूरी करनी होगी। कम रखरखाव लागत बनाए रखते हुए, यह हाई क्वालिटी हो और बिजली, मैकेनिकल और अन्य सेवाओं के एकीकृत डिजाइन पर भी काम करें।

---

डिप्टी सीएम की अपराधियों को चेतावनी

# सुधर जाएं नहीं तो परलोक सिधार जाएंगे, बिहार में कानून का राज

एजेंसी ▶▶ पटना

बिहार के सीएम नीतीश कुमार लगातार अपराध और भ्रष्टाचार को लेकर जीरो टॉलरेंस को गंभीर हैं। अपराधियों और अपराधों पर नियंत्रण को लेकर बिहार सरकार के डिप्टी सीएम विजय कुमार सिन्हा ने बड़ा बयान दिया है। विजय सिन्हा ने अपराधियों को खुली चेतावनी देते हुए कहा है कि या तो वे सुधर जाएं नहीं तो परलोक सिधार जाएंगे। आरजेडी को लपेटे में लेते हुए उन्होंने लालू यादव और तेजस्वी से प्रभावित पदाधिकारियों को भी सुधर जाने की नसीहत दी है।



लखीसराय में प्रेस को संबोधित करते हुए डिप्टी सीएम विजय कुमार सिन्हा ने दो टूक शब्दों में अपराधियों को सीधे चेतावनी दी। उन्होंने कहा कि स्पेशल टीम का गठन फिर से कराया जाएगा और अपराधियों के खिलाफ मुक्त हस्त कार्रवाई होगी। या तो अपराधी सुधरेंगे नहीं तो परलोक सिधार जाएंगे। सरकार दोनों तरह की व्यवस्था बना रही है।

### भ्रष्टाचारियों की सूची बनाएं

डिप्टी सीएम ने साफ कर दिया है कि हर हाल में कानून का राज स्थापित करेंगे। 2005 से 2010 के बीच जिस तरह से सरकार ने अपराधियों के खिलाफ कार्रवाई की थी उसे दोहराया जाएगा। बालू माफिया, शराब माफिया और जमीन माफिया के खिलाफ कठोर कार्रवाई की जा रही है। विजय सिन्हा ने कहा कि जो भ्रष्ट पदाधिकारी राजद के द्वारा संरक्षित और पोषित हैं या उनके संपर्क में हैं उनके खिलाफ भी कार्रवाई चलेगी। उन लोगों को चिन्हित कर एक्शन लिया जाएगा। एनडीए कार्यकर्ता ऐसे अधिकारियों की प्रमाण के साथ सूची बनाकर सरकार के पास लाएं।

### राजग ने अपराधियों को संरक्षण दिया

विजय सिन्हा ने आरजेडी पर भी हमला किया। उन्होंने कहा कि जब राजद के लोग सरकार में थे तो अपराधी और भ्रष्टाचारियों को संरक्षण दे रहे थे। इस वजह से उनका मनोबल बढ़ता चला गया। अब वैसे लोगों को चिन्हित किया जा रहा है और हर हाल में उनके खिलाफ कार्रवाई होगी। इन लोगों ने भ्रष्ट तरीके से जो संपत्ति कमाई की है उसे भी जब्त किया जाएगा। बता दें, जेडीयू और भाजपा बिहार विधानसभा के चुनाव की तैयारी में जुट गईं हैं।

---

## पेज 1 का शेष

### कब मिलेगा सबको...

चेयरमैन और सीईओ जय वर्मा सिन्हा ने 5 लोगों की मौत और 25 लोगों के घायल होने की पुष्टि की है। वहीं, ईस्टर्न रेलवे के सीपीआरओ कौशिक मित्रा ने नॉर्थ-ईस्ट फ्रंटियर रेलवे के हवाले से बताया कि 2 लोको पायलट और एक गार्ड समेत 8 लोगों की मौत हुई है। रेलवे के आंतरिक दस्तावेज में इस बात का खुलासा हुआ है कि ऑटोमेटिक सिग्नल खराब था, इस वजह से मालगाड़ी का ड्राइवर आगे बढ़ गया। रेड सिग्नल काम ही नहीं कर रहे थे। जया वर्मा सिन्हा के मुताबिक मालगाड़ी के लोको पायलट ने सिग्नल ओवरशूट किया। इस हादसे में गार्ड का डिब्बा, जनरल डिब्बा क्षतिग्रस्त हुआ है। आर्मी और एनडीआरएफ की टीमों ने रेस्क्यू का काम पूरा कर लिया है। रेल रूट के रेस्टोरेशन का काम शुरू हो चुका है। सिन्हा ने बताया कि हादसे वाले रूट पर कवच सिस्टम नहीं था। इस पर जल्द ही काम शुरू किया जाएगा। अब तक 1500 किलोमीटर रेलवे ट्रैक पर कवच सिस्टम एक्टिव है। इस साल के आखिरी तक इसे 3 हजार किलोमीटर तक ले जाया जाएगा। रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने घटना में जान गंवाने वाले परिवारों को 10 लाख रुपए, गंभीर घायलों को 2.50 लाख रुपए और मामूली घायलों को 50 हजार रुपए की सहायता राशि देने की घोषणा की। इसके अलावा हादसे में मारे गए लोगों को प्रधानमंत्री राहत कोष से 2-2 लाख रुपए और घायलों को 50 हजार रुपए मदद का ऐलान किया गया है। अश्विनी वैष्णव ने कहा कि अभी सारा फोकस रेस्क्यू और रेस्टोरेशन पर है। साथ ही साथ कमिश्नर रेल सेफ्टी के द्वारा जो इन्क्वायरी होती है, वो भी शुरू हो गया है। डेटा पॉइंट और डेटा लॉग देखा जा रहा है। कंप्लीट इन्क्वायरी के बाद ही हादसे की वजह का पता चलेगा।

**ट्रेन के 5 डिब्बे क्षतिग्रस्त:** कंचनजंगा एक्सप्रेस ट्रेन के आखिरी में दो पार्सल और एक एसएलआर कोच लगे हुए थे। इसमें कोई पैसेंजर नहीं था। ट्रेन के 5 डिब्बे क्षतिग्रस्त हुए हैं। 12:40 बजे एक स्पेशल ट्रेन सियालदह पहुंची। ट्रेन में अधिकतर यात्री मालदा और बोलपुर के हैं। सिंगल लाइन पर ट्रेन सेवा शुरू कर दी गई है।

**ममता बेनर्जी बोलीं- रेलवे को यात्री सुविधाओं की परवाह नहीं:** पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बेनर्जी ने कहा- रेल मंत्रालय को यात्रियों की सुविधाओं की परवाह नहीं है। उन्हें अधिकारियों, इंजीनियरों, तकनीकी कर्मचारियों और श्रमिकों की भी परवाह नहीं है। वे भी परेशानी में हैं। उनकी पुरानी पेंशन वापस ले ली गई है।

### बढते रेल हादसों से...

का इस्तीफा क्यों नहीं देते? विपक्षी दलों की ओर से उछाले गये सवालों के जवाब में रेलमंत्री अश्वनी वैष्णव ने कहा, विपत्ति के इस समय में राहत कार्य को अंजाम देना, रेल परिचालन को सुनिश्चित करना हमारी प्राथमिकता है। ऐसे मसले पर ऐसे समय राजनीति नहीं की जानी चाहिए। मगर, सच ये भी है कि जिस टक्कर रोधी उपकरण 'कवच' की बात 2016 से हो रही है। उसका परीक्षण खुद रेलमंत्री अश्वनी वैष्णव ने रेलयात्रा कर किया। कैसे एक ही पटरी पर दो ट्रेने आ जाती हैं तो पांच किलोमीटर पहले पीछे वाली ट्रेन में ऑटोमैटिक ब्रेक लग जाता है। कवच से ऐसे हादसे रोके जा सकते हैं तो इसके उपयोग में इतनी हीलाहवाली क्यों है? रेलवे बोर्ड के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि इसकी कॉस्टिंग 50 लाख रुपये प्रति किमी है। यही वजह है कि अभी तक तकरीबन 1200 किमी में ही इसका उपयोग शुरू किया जा सका है।

कंचनजंगा एक्सप्रेस से मालगाडी टकरायी, मालगाडी के दोनों ड्राइवर और कंचनजंगा के गार्ड की मौत हो गई। कई अन्य यात्रियों के हताहत होने की खबर है, मगर गार्ड के डिब्बे के बाद दो डब्बा पार्सल का न होता, यात्री डिब्बा होता तो इस भीषण रेल हादसे में कई यत्रियों की जान जाती। पटना से हरिभूमि से बातचीत करते हुए पूर्व रेलमंत्री लालू यादव ने कहा, मेरा सिर्फ इतना कहना है कि रेल दुर्घटना बढ रही है। जिम्मेदारी तय होनी चाहिए।

इसके उलट पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री और पूर्व रेलमंत्री ममता बनर्जी ने ज्यादा आक्रामक दिखीं। उन्होंने कटाक्ष करते हुए कहा, मोदी सरकार को केवल चुनावों में रुचि है। कैसे हैक करना है, कैसे मैनिपुलेशन करना है, इसी सब में सरकार बिजी है। रेलवे में ढांचागत सुधार कैसे हो, गंदे बाथरूम, गंदे बेडिंग से परेशान रेल यात्रियों की शिकायतें कैसे दूर हो, इन सब सवालों से सरकार का कोई लेनादेना नहीं।

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने भी रेलमंत्री की जिम्मेदारी निभायी है। उन्होंने बढती हुई दुर्घटना को रेलवे के मिस-मैनेजमेंट से जोडा। उन्होंने कहा, सुरक्षित रेल परिचालन की दिशा में कोई ठोस काम नहीं हो रहा है। रेलवे का उपयोग केवल मोदी-प्रचार के लिए किया जा रहा है।

### सवाल गौण, जिम्मेदार कौन

- 26 मई 2014 गोरखधाम एक्सप्रेस में 25 लोगों की मौत 50 से ज्यादा घायल
- 20 नवंबर 2016 को इंदौर पटना एक्सप्रेस दुर्घटना में 150 यात्रियों की मौत, 150 से ज्यादा घायल
- 18 अगस्त 2017 को पुरी हरिद्वार उत्कल एक्सप्रेस एक्सीडेंट में 23 की मौत, 60 घायल
- 23 अगस्त 2017 को कैंफियत एक्सप्रेस हादसे में 70 घायल
- 13 जनवरी 2022 को बीकानेर गुवाहाटी एक्सप्रेस दुर्घटना में 9 मौत, 36 घायल
- 2 जून 2023 को बालासोर रेल हादसे में 296 मौत, 900 से ज्यादा घायल
- 17 जून 2024 को कंचनजंगा एक्सप्रेस की दुर्घटना में कई मौतें

### 40 किमी दूर बैठे डॉक्टर...

इंटरनेट या तकनीक में कोई दिक्कत ना आए, इसकी पूरी व्यवस्था की गई थी। जिससे यह ऑपरेशन पूरी तरह सफल रहा।

**रोबोट की मदद से इलाज:** कैंसर इंस्टीट्यूट के चिकित्सा निदेशक डॉ. रावल ने बताया है कि अब देश के किसी भी कोने में मौजूद मरीज का इलाज टेलीसर्जरी से संभव है। ऑपरेशन के दौरान मेरे दोनों हाथ रोबोट पर थे। ऑपरेशन शुरू करने के कुछ ही सेकंड बाद मुझे अहसास हुआ कि मैं ऑपरेशन थियेटर में हूं और मरीज सामने लेटा है। जिस तरह सामान्य ऑपरेशन में मरीज का सर्जरी वाला हिस्सा दिखता है, उसी तरह का विजन यहां 3डी क्वालिटी के साथ था। तीन दिन पहले ही इटली के रोम में बैठे चीनी डॉक्टर ने 13 हजार किमी दूर बीजिंग के अस्पताल में मरीज का सफल ऑपरेशन किया था। यह मरीज प्रोस्टेट कैंसर से पीड़ित था।

**कैसे हुआ ऑपरेशन? :** पूरा ऑपरेशन सर्जिकल रोबोटिक सिस्टम के जरिये हुआ. इसमें पांच पतली रोबोटिक भुजाएं होती हैं। इसमें एक इमर्सिव 3डी एचडी हेडसेट होता है जिसकी मदद से डॉक्टर को स्पष्ट दिखता है। इस तकनीक में मरीज को अंगुली से भी छोटा चीरा लगाया जाता है। इससे खून का बहाव भी कम होता है। इस ऑपरेशन में टांके व मरीज की रिकवरी पारंपरिक सर्जरी की तुलना में काफी जल्दी होती है।

### राहुल गांधी रायबरेली से...

की दिल्ली में आप की सरकार है। कांग्रेस पार्टी अब यूपी, बिहार, एमपी, दिल्ली में संगठन को पहले चरण में मजबूत करने जुटेगी।

### प्रधानमंत्री ने कुवैत...

बकरीद से जुड़े इस बधाई संदेश के बारे जानकारी दी। यहां बता दें कि प्रधानमंत्री मोदी ने कुवैत के अलावा खाड़ी के अन्य देशों को भी बकरीद की बधाई दी। इसमें ओमान शामिल है।

### भाजपा ने चार चुनावी...

को खत्म होना है। यहां पिछली बार नवंबर दिसंबर में विधानसभा चुनाव कराए गए थे, ऐसे में इस बार भी 81 सीटों वाले झारखंड में नवंबर-दिसंबर में या उससे पहले चुनाव कराए जाने की संभावना है।

---

झारखंड सीएम चंपाई सोरेन का बड़ा ऐलान

# 200 यूनिट तक बिजली फ्री अबुआ आवास के आवेदन करें

एजेंसी ▶▶ रांची।

झारखंड के सीएम चंपाई सोरेन ने कहा है कि राज्य में अब मुफ्त बिजली का दायरा 125 यूनिट से बढ़ा 200 यूनिट किया जाएगा। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार अलग राज्य निर्माण के उद्देश्यों को हर हाल में पूरा करेगी। अबुआ आवास के लिए फिर से आवेदन लिए जाएंगे। वे रविवार को सरायकेला के राजनगर प्रखंड के वीर डिबा किशुन शहीद ग्राम मतकमबेड़ा डीबाडीह में योजनाओं के उद्घाटन व शिलान्यास समारोह में बोल रहे थे। उन्होंने यहां 168 करोड़ की योजनाओं की सौगात दी।



### 50 से अधिक उम्र की महिलाओं को पेंशन

सीएम ने कहा कि गरीब महिलाएं जिनकी उम्र 25 से 49 वर्ष तक है, उन्हें भी जीवन-यापन के लिए सौगात दी जाएगी। पहले से 50 वर्ष से अधिक उम्र की महिलाओं को पेंशन दी जा रही है। सूत्रों को अनुसार, नई सौगात की राशि एक हजार रुपए प्रतिमाह होगी। सीएम ने कहा कि लोकसभा चुनाव संपन्न होने के बाद सरकार तेजी से विकास योजनाओं को धरातल पर उतारने में जुट गई है। इस बार दूसरे चरण में लाभुकों को अबुआ आवास योजना का जल्द लाभ मिलेगा, जिसके लिए आवेदन लिए जाएंगे। लाभार्थियों के चयन में गड़बड़ी बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

### 40 हजार शिक्षकों की नियुक्ति होगी

सीएम ने 40 हजार सहायक शिक्षकों की नियुक्ति की घोषणा दोहराई है। उन्होंने अगले महीने से जनजातीय व क्षेत्रीय भाषा में पढ़ाई के लिए अलग से शिक्षकों की नियुक्ति की भी बात कही। साथ ही सिपाही एवं उत्पाद सिपाही की बहाली निकाले जाने की घोषणा की है। उन्होंने कहा कि प्रदेश की हर पंचायत में 24 घंटे दवाइयां उपलब्ध होंगी। उन्होंने कहा कि अब राज्य के किसानों के खेतों में सालभर पानी होगा। वर्ष में तीन बार फसल उपजा सकें इसके लिए बड़ी सिंचाई परियोजनाएं प्रगति पर हैं।

---

मिशन मोड में नीतीश सरकार

# एक साल में 5.17 लाख नौकरी व 11 लाख रोजगार देने तैयार

एजेंसी ▶▶ पटना

बिहार राज्य में नौकरी का पिटारा खुलने वाला है। एक साल के अंदर 16 लाख से अधिक युवाओं को सरकारी नौकरी-रोजगार मिलेगा। 5.17 लाख सरकारी पदों पर बहाली होगी। इसके साथ ही 11 लाख रोजगार के अवसर भी सृजित होंगे। इसकी प्रक्रिया पूरी हो चुकी है। इसके अतिरिक्त 1.99 लाख सरकारी नौकरी से संबंधित नियुक्ति की प्रक्रिया पूर्ण कर ली गयी है। अगले तीन महीने



के अंदर नियुक्ति पत्र वितरित करने का लक्ष्य है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने इसको लेकर उच्चस्तरीय बैठक की।

### यह सरकार का लक्ष्य

सुशासन के कार्यक्रम 2020-25 के अन्तर्गत 15 दिसंबर 2020 से लागू सात निश्चय-2 के अन्तर्गत सीएम नीतीश कुमार ने 10 लाख सरकारी नौकरी और 10 लाख रोजगार देने का लक्ष्य निर्धारित किया था। 10 लाख सरकारी नौकरी देने के लक्ष्य के विरुद्ध अगले वर्ष तक 12 लाख से अधिक लोगों को सरकारी नौकरियां दे दी जाएंगी। वहीं, 10 लाख रोजगार के लक्ष्य के विरुद्ध अब तक 22 लाख से अधिक रोजगार सृजित किए गए हैं। वर्ष 2024-25 में 11 लाख से अधिक रोजगार के अवसर सृजित करने का लक्ष्य रखा गया है।

हरिभूमि
# सहेली



एटिकेट / शिखर चंद जैन

हम जब कभी भी अपनी पर्सनल या प्रोफेशनल लाइफ में किसी जरूरी डिस्कशन के लिए बैठें तो इसका विशेष ध्यान रखें, डिस्कशन सही ढंग से हो, ना कि बहस या विवाद होने लगे। इससे बचने के लिए पार्टिसिपेंट्स एक-दूसरे की राय को सम्मान दें, स्वयं भी अपनी राय विनम्रता से रखें।

## विवाद में ना बदलने दें अपना जरूरी डिस्कशन

सारंगी का लटका हुआ मुंह देखकर मीनाक्षी ने पूछ लिया, 'क्या हुआ किसी ने कुछ कह दिया क्या?' सारंगी मानो इसी बात का इंतजार कर रही थी, तुरंत बोली, 'तू ही बता क्या मैं तुझे झगड़ालू लगती हूं? आज हमें लैंडलॉर्ड के साथ डिस्प्यूट को निपटाने के लिए एक बैठक करनी थी। लेकिन पता है, मम्मी ने क्या कहा? उन्होंने कहा, सारंगी को मत लेकर जाना। मोनिका को साथ ले जाओ। सारंगी अपने शॉर्ट टेंपर्ड नेचर के कारण बात बिगाड़ देगी, मोनिका बिगड़ी बात को संभाल लेगी।'

मीनाक्षी समझ गई थी कि सारंगी को जटिल परिस्थितियों या किसी सीरियस डिस्कशन के दौरान सहज तरीके से बातचीत करने की आदत नहीं है। इसीलिए उसकी मम्मी ने ऐसा कहा होगा। पर्सनल और प्रोफेशनल लाइफ में हमें अकसर बहुत से लोगों के साथ बैठकर बात करनी होती है। ऐसे में कई बार तल्ख माहौल भी बन जाता है। लेकिन समझदारी से काम लेकर किसी भी डिस्कशन को बहस और विवाद बनने से रोका जा सकता है ताकि मीटिंग सद्भावना से संपन्न हो। इसके रिजल्ट पॉजिटिव हों।

**खुद को ना मानें सुपीरियर:** किसी भी मीटिंग को ओवरटेक या डोमिनेट करने की कभी कोशिश ना करें, ना ही स्वयं को औरों से अलग और ऊपर समझें। किसी भी डिस्क्शन में सभी लोग बराबर के भागीदार होते हैं। डिस्क्शन के मूल लक्ष्य को केंद्रित करके हर कोई अपने विचार रख सकता है। अगर आपके मन में मीटिंग के एजेंडा से परे कोई विचार है तो उसे बाद में बोलें। आपके पास कुछ कहने को ना हो तो दूसरों को अपनी बात बेरोक-टोक बोलने दें, उनकी बातें गौर से सुनें।

**बातों को समझ कर रिएक्शन दें:** कई बार मीटिंग में मौजूद लोग आपके विचारों से बिल्कुल विपरीत राय रखते हैं। यह उनकी सोच है, उन्हें अपने विचार रखने का पूरा अधिकार है। अगर आपके पास उनकी बातों और तथ्यों के विपरीत ठोस तथ्य और तर्क हैं तो उन्हें सधे हुए शब्दों में विनम्रता से रख सकती हैं। साथ ही जो आपकी राय से सहमत हैं, उनका उल्लेख करके उन्हें थैंक्स बोलें। लेकिन किसी को डांट कर चुप कराना, शोर मचाना और अपशब्द बोलना मीटिंग के एटिकेट के खिलाफ होता है। इससे आपकी छवि धूमिल हो सकती है।

**मत के विरोध को अपना विरोध ना समझें:** हॉर्वर्ड बिजनेस रिव्यू के विशेषज्ञों का कहना है कि किसी बहस को सार्थक बनाने के लिए बहुत जरूरी है, पार्टिसिपेट करने वाले लोगों का इंटेलेक्चुअली विनम्र होना। इसका मतलब यह है कि किसी मीटिंग में हो रही बातों को कभी पर्सनली नहीं लेना चाहिए। अगर किसी बात से आप असहमत हैं तो भी उसका सम्मान करें। आपको लगे कि आप गलत हैं तो इसे स्वीकारें। अड़ना या बेवजह बहस करना उचित नहीं है।

**तनावपूर्ण माहौल को हल्का बनाएं:** कई बार कोई बहस इतनी जटिल और विरोधाभासी माहौल में होती है कि पार्टिसिपेंट्स में कहा-सुनी हो जाती है। ऐसे में आपको सूझ-बूझ से काम लेते हुए कोई ऐसी बात या किस्सा सुनाना चाहिए कि लोग बरबस ही हंसने पर मजबूर हो जाएं। माहौल को हल्का बनाने के लिए चाय-नाश्ते के बहाने एक ब्रेक भी लिया जा सकता है। इससे बहस-विवाद बंद हो जाएगा।

### हल सुलझाने पर दें जोर

**लगातार काफी** देर बाद भी बैठक किसी नतीजे पर न पहुंच पा रही हो तो सभी सदस्यों से विनम्र आग्रह करें कि हम सबने अपनी-अपनी राय रख दी है। बेहतर होगा कि अब हम सभी अपनी तरफ से स्थिति को सुलझाने के लिए हल सुझाएं और सामंजस्य बनाकर एक रास्ता निकालें, अपने काम में लग जाएं, उसे अच्छा से अच्छा अंजाम दें।

कवर स्टोरी / डॉ. मोनिका शर्मा

इन दिनों हम भीषण गर्मी से बेहाल हैं। इसका असर तन पर ही नहीं मन पर भी पड़ता है। ऐसे में जहां तमाम तरह की शारीरिक समस्याएं पैदा होती हैं, वहीं बहुत सी मानसिक समस्याएं भी जन्म लेती हैं। लोग अकेलेपन का शिकार होकर अवसाद की ओर बढ़ते हैं। इस गरम-शुष्क मौसम में कुछ सामान्य बातें अमल में लाकर आसानी से स्वस्थ-प्रसन्न रह सकते हैं।



# बढ़ती तपिश जूझते मन को संभालिए

इन दिनों देश के कई हिस्सों में तेज धूप और लू के थपेड़ों ने लोगों की परेशानी बढ़ा रखी है। स्वास्थ्य से जुड़ी परेशानियां हर आयुवर्ग के लोगों को घेर रही हैं। हम जानते हैं कि अत्यधिक तपिश का मौसम तन ही नहीं, मन से जुड़ी कई स्वास्थ्य समस्याएं भी साथ लाता है। बढ़ती तपिश तनाव का अहम कारण बनती है। शरीर डिहाइड्रेशन और मन थकान की शुष्कता से जूझता है। विशेषज्ञ भी मानते हैं कि तेज तापमान के साइड-इफेक्ट्स की सूची में मन की मायूसी भी शामिल है। गर्मियों में लोग अवसाद और अकेलेपन के भी शिकार हो जाते हैं, जिसे 'समरटाइम ब्लूज' कहा जाता है। लंबे दिन, बढ़ती गर्मी और उमस के चलते भूख न लगना, अनिद्रा और बेचैनी जैसी समस्याएं भी घेर लेती हैं। बच्चे हों या बड़े, समर फटीग या गर्मियों में होने वाली शारीरिक थकान का शिकार हो सकते हैं।




### मन से जुड़ा मौसम

हमारा पर्यावरण हमारे मन के स्वास्थ्य से भी गहराई से जुड़ा होता है। यही वजह है कि जलवायु परिवर्तन को संभावित रूप से सदी का सबसे बड़ा वैश्विक स्वास्थ्य खतरा तक माना जा रहा है। परिवेश में बढ़ती तपिश से आक्रामकता और हिंसक आत्महत्याओं की दर में वृद्धि होने की संभावना होती है। इतना ही नहीं जलवायु परिवर्तन की चरम मौसमी स्थितियां, रोजगार छूटने का भी कारण बनती हैं। बहुत से लोगों के लिए स्थानांतरित होने के हालात बन जाते हैं, जिसके कारण सामाजिक एकजुटता और सामुदायिक जुड़ाव के भाव पर भी दुष्प्रभाव पड़ता है। ऐसी सभी बातें इंसानी मन के स्वास्थ्य पर बहुत नकारात्मक असर डालती हैं। चरम मौसमी स्थितियां, मन में भविष्य से जुड़े भय और चिंताओं को भी बढ़ावा देती हैं। लैंसेट जर्नल में प्रकाशित मेटा-एनालिसिस के हालिया शोध में सामने आया है कि परिवेश का बाहरी तापमान मानसिक स्वास्थ्य को प्रभावित कर सकता है, जो विशेष रूप से जलवायु परिवर्तन के संदर्भ में चिंताजनक है। इस विश्लेषण के मुताबिक बाहरी तेज तापमान और हीट वेव, आत्महत्या की घटनाओं को भी बढ़ावा देता है।

### मदद का भाव रखिए

तपते मौसम में हर इंसान का मन परेशान रहता है। ऐसे में घर, बाहर सड़क या दफ्तर, हर जगह थोड़ा सहज और सामंजस्य भरा बर्ताव रखिए। चाहे ट्रैफिक लाइट पर खड़े हों या दफ्तर में काम के दबाव से जूझने के हालातों में फंसे हों। स्वयं अपने और अपने आस-पास के लोगों के मन को पीड़ा देने वाला कोई काम ना करें। बात-बात में उग्र होने के बजाय, यह समझने की कोशिश कीजिए कि अगला इंसान भी गर्मी, पसीने और उमस की उसी तकलीफ को झेल रहा है। ऐसे में हर बात में जल्दबाजी करने के बजाय, इन दिनों थोड़े ठहराव से काम लीजिए। हमारी परंपरागत जीवनशैली में चरम मौसमी हालातों में इंसानों ही नहीं हर जीव के लिए दयालु भाव रखने की नसीहत शामिल है। पक्षियों के लिए पानी की व्यवस्था करने से लेकर प्याऊ लगवाने तक, कुछ ना कुछ सकारात्मक करने का प्रयास कीजिए। दूसरे प्राणियों का जीवन सहज करने के प्रयास खुद के मन को सुकून देने वाले साबित होते हैं। तपिश के मौसम में किए गए ऐसे मानवीय प्रयास आपके मन को भी टफ वेदर कंडीशंस को सहजता से झेलने की शक्ति देने वाले साबित होंगे।



### इमोशनल वेलनेस के प्रयास जरूरी

**विचारणीय है** कि बढ़ते पारे के मौसम में इमोशनल वेलनेस के लिए भी कुछ प्रयास आवश्यक हैं। मन को तीव्र गर्मी के नकारात्मक प्रभावों से बचाने के लिए दिनचर्या में सार्थक बदलाव मददगार साबित होते हैं। मन के मौसम को बेहतर रखने के लिए सुबह जल्दी उठकर योग-मेडिटेशन और हरियाली वाली खुली जगह पर सैर करना अच्छा होता है। ठंडी हवा में सुबह-सुबह किए गए व्यायाम और सैर, तनाव को दूर कर दिलो-दिमाग को ऊर्जावान बनाने में सबसे ज्यादा मददगार होते हैं। ताजा हवाएं, मन को सहज-शांति की अनुभूति करवाती हैं। सुबह की इस सक्रिय शुरुआत से तपिश के बावजूद दिनभर मन स्फूर्ति से लबरेज रहता है। खान-पान से लेकर रहन-सहन तक, गर्मी से बचाव के लिए परंपरागत तरीकों को प्राथमिकता देना बेहद जरूरी है। भारतीय जीवनशैली में तो हर मौसम से जूझने के तौर-तरीके मौजूद हैं। कुछ बातों का ध्यान रखते हुए इस गरम-शुष्क मौसम को भी शारीरिक रूप से स्वस्थ, सक्रिय और मानसिक मोर्चे पर स्फूर्ति और सुकून संग बिताया जा सकता है।



सजेशन
शहनाज हुसैन
कॉस्मेटोलॉजिस्ट

गर्मी के मौसम में पसीने की बैड स्मेल से बचने के लिए आप परफ्यूम जरूर यूज करती होंगी। अपने लिए परफ्यूम सेलेक्ट करते समय कुछ बातों का जरूर ध्यान रखें।

## ऐसे करें सेलेक्ट परफेक्ट परफ्यूम

गर्मियों में पसीने की बदबू जहां हमारा मूड खराब कर देती है, वहीं वर्कप्लेस या लोगों के बीच इससे दूसरे लोग भी असहज महसूस करते हैं और कई बार हमें शर्मिंदगी झेलनी पड़ती है। हालांकि शरीर से पसीना आना प्राकृतिक प्रक्रिया है, लेकिन जब यह पसीना बैक्टीरिया से मिलता है, तो दुर्गंध पैदा होती है। पसीने को रोका नहीं जा सकता लेकिन सही डीओडरेंट या परफ्यूम के यूज से गंध को दूर किया जा सकता है। हालांकि कुछ लोग सुगंध वाले टैल्कम पावडर का भी यूज करते हैं। लेकिन पावडर पसीने को केवल सुखा देता है। इसलिए परफ्यूम ही बेटर ऑप्शन है। इसे सेलेक्ट करते समय कुछ बातों का ध्यान रखें। इससे आप ही नहीं आपके आस-पास के लोग भी फील गुड करेंगे।



- पैसे बचाने के लालच में कभी अनब्रांडेड या लो क्वालिटी परफ्यूम ना खरीदें। इसे अप्लाई करने से आपको स्किन एलर्जी हो सकती है। अगर आपको किसी ब्रांड का परफ्यूम सूट करता हो तो उसे ही यूज करते रहें और बार-बार ब्रांड न बदलें।
- कभी भी परफ्यूम को शरीर के खुले अंगों पर न लगाएं क्योंकि इससे रिएक्शन होने का रिस्क बढ़ जाता है।
- परफ्यूम खरीदने से पहले इसकी पैकिंग में एसिड की मात्रा जरूर चेक कर लें क्योंकि एसिड की मात्रा ज्यादा होने से स्किन पर इचिंग, रैशेज या दाने आदि की समस्या हो सकती है।
- परफ्यूम की क्वालिटी चेक करने के लिए उसे अपनी कलाई पर दस मिनट तक लगाकर रखें। अगर उस भाग पर दस मिनट तक कोई खुजली या काला धब्बा नहीं पड़ता तो यह आपकी स्किन के लिए सुटेबल होगा।
- परफ्यूम के सुगंध की जांच स्टोर के बाहर जरूर कर लें क्योंकि स्टोर के अंदर एयर कंडीशनिंग का असर परफ्यूम की सुगंध पर पड़ता है।
- इस सीजन में हमेशा नेचुरल और लाइट स्मेल वाला परफ्यूम ही यूज करें। समर सीजन के लिए फ्लोरल स्मेल, जैसे-गुलाब, चंदन, लैवेंडर या लेमन की खुशबू वाले परफ्यूम सबसे अच्छे लगते हैं।

केयर / नीलम अरोड़ा

इन दिनों जैसी तपती गर्मी पड़ रही है, उससे बचने के लिए बच्चों का खास ख्याल रखना जरूरी है। यहां बताई जा रही बातें, बच्चे को गर्मी से बचाने में कारगर हो सकती हैं।

## इस तपती गर्मी में ऐसे रखें बच्चों का ख्याल



हालांकि इन दिनों अधिकांश राज्यों के स्कूलों में गर्मी की छुट्टियां चल रही हैं। इस वजह से बच्चे घर से बाहर कम ही निकलते हैं। लेकिन बीते कुछ दिनों से जैसी तपती गर्मी पड़ रही है, उससे बच्चों के बीमार होने की आशंकाएं बढ़ गई हैं। इस दौरान लापरवाही बरतने पर डिहाइड्रेशन, हीट स्ट्रोक, गर्मी से थकान, लू लगने जैसी समस्याएं बच्चों को हो सकती हैं। उन्हें इससे बचाने के लिए आपको पूरी सावधानी बरतने की जरूरत है।

**जब रहें घर के भीतर:** अगर आप ऐसी जगह में रहती हैं, जहां अकसर बिजली चली जाती है या घर में एयर कंडीशनर नहीं है तो ऐसे में बच्चों को गर्मी से बचाना काफी चुनौतीपूर्ण हो जाता है। घर के बाहर की तपिश से बचाने के लिए उन्हें घर के भीतर ही रखना एक विकल्प होता है। इस दौरान घर की खिड़कियों और दरवाजों को बंद रखें, ताकि बाहर की गर्म हवाएं घर में ना आ सकें। अगर आप घर में टेबल फैन का इस्तेमाल करती हैं तो उसे बच्चों की पहुंच से दूर रखें। पंखे की सीधी गर्म हवा भी बच्चों में एलर्जी का कारण बन सकती है। इससे उनको आंखों में खुजली और नाक बहने की समस्या हो सकती है। इसलिए पंखे के ठीक सामने बच्चे को ना बैठाएं या लिटाएं। गर्मी से बचाव के लिए कूलर की नमी भरी हवा राहत देती है। पंखे के सामने रहने के बजाय बच्चे को कूलर वाले रूम में बैठाएं या लिटाएं।

**जब घर से जाना पड़े बाहर:** हालांकि डॉक्टर्स ने सलाह दी है कि इन दिनों बच्चों और बुजुर्गों को सुबह 8 बजे से शाम 5 बजे तक घर से बाहर नहीं निकलना चाहिए। इसके बावजूद अगर मजबूरी या किसी जरूरी काम से बच्चों को घर से बाहर जाना पड़े तो पूरी सावधानी बरतें। बच्चों को हाईड्रेट रखें और उन्हें कुछ-कुछ देर में पानी पिलाती रहें। नारियल पानी या आम पना भी पिला सकती हैं। अगर आप ब्रेस्टफीड कराने वाले बच्चे के साथ बाहर जा रही हैं तो उसे अपने दूध के अलावा ऊपर का दूध भी पिलाएं। उबालकर ठंडा किया हुआ पानी भी पिला सकती हैं। बच्चे को गहरे रंगों की बजाय हल्के रंग के कपड़े पहनाएं। जिनमें पर्याप्त वेंटिलेशन हो। बच्चों में बड़ों की तुलना में पसीना कम आता है, इसलिए उन्हें लूज ड्रेस ही पहनाएं।

**इससे मिलेगी ठंडक:** गर्मी के कारण शरीर को थकान भी ज्यादा लगती है। इससे बच्चों में चिड़चिड़ापन आता है। इससे बचाव के लिए बच्चे को ठंडक का अहसास दिलाने के प्रयास करती रहें। बच्चे को अगर बहुत ज्यादा गर्मी लग रही है तो उसे ठंडे पानी से दिन में दो बार नहला सकती हैं। उसके शरीर पर कूल फील कराने वाले टाल्कम पावडर लगा सकती हैं। कुछ कुछ देर में उसे मैंगो शेक, छाछ या लस्सी पीने को दे सकती हैं। इन उपायों से उसे ठंड का अहसास होगा।

**तब तुरंत दिखाएं डॉक्टर को:** बेहद सतर्कता बरतने के बावजूद अगर बच्चों को लू लग जाती है तो उसके ट्रीटमेंट में देर ना करें। इसे कुछ लक्षणों से आप पहचान सकती हैं। अगर बच्चे को बेहोशी महसूस हो, ज्यादा नींद आए, सिरदर्द हो, ज्यादा प्यास लगे, गर्मी के कारण बुखार हो, कई घंटों तक पेशाब न हो, जी मिचलाए, उल्टी आए, मांसपेशियों में दर्द, ऐंठन जैसी कोई भी समस्या हो तो उन्हें तुरंत डॉक्टर के पास लेकर जाएं।

स्पेशल: इंटरनेशनल योगा-डे, 21 जून

## योगा से हम रहते हैं फिट

योगासन सिर्फ फिजिकल ही नहीं मेंटल फिटनेस के लिए भी बहुत कारगर होता है। इसीलिए कई एक्ट्रेसेस भी इनको अपने फिटनेस शेड्यूल में शामिल करती हैं। कुछ टीवी एक्ट्रेस **सहेली** को बता रही हैं, योगा उन्हें हेल्दी और फिट रखने में कितना इफेक्टिव है?

### योगा से एनर्जेटिक-फ्रेश फील करती हूं: विदिशा श्रीवास्तव



**एंड टीवी पर** टेलीकास्ट हो रहे कॉमेडी शो 'भाबीजी घर पर हैं' में अनीता मिश्रा का रोल निभाने वाली विदिशा श्रीवास्तव अपनी लाइफ में योग की इंपॉर्टेंस के बारे में बताती हैं, 'मैं लगभग दो साल से योग कर रही हूं। इससे मुझे बहुत पॉजिटिव रिजल्ट्स मिले हैं। मेरी कंसंट्रेशन को बढ़ाने और मेरे कंप्लीट हेल्थ को मेंटेन रखने में इसकी महत्वपूर्ण भूमिका रही है। हर सुबह योग करने के बाद मैं पहले से ज्यादा एनर्जेटिक और फ्रेश महसूस करती हूं। वैसे तो मैं अभी भी योग के विभिन्न आसनों को सीख रही हूं, लेकिन सूर्य नमस्कार से मुझे सबसे ज्यादा फायदा मिल रहा है। इस खास योगासन का तन-मन दोनों पर ही एक पॉजिटिव इफेक्ट पड़ता है। यह तनाव और चिंता को दूर करने में भी बहुत मदद करता है। इससे मेरी बैक मसल्स स्ट्रॉन्ग बनी हैं और बॉडी पोस्चर बेहतर हुआ है। मैं मानती हूं कि मेरी अत्यधिक बिजी लाइफ के बीच योग एक रिलैक्सेशन जोन की तरह काम करता है। इसीलिए मैं रोजाना योग जरूर करती हूं, इससे मुझे रूटीन लाइफ में बैलेंस बनाए रखने में बहुत मदद मिलती है। इससे मेरे अंदर पॉजिटिविटी बढ़ी है। इसने मेरे एक्टिंग स्किल को भी बेहतर बनाया है।'

### मैं सूर्य नमस्कार जरूर करती हूं: अंजली तत्रारी



**सोनी सब** के शो 'वंशज' में युविका के रोल में दिख रहीं अंजली तत्रारी अपनी लाइफ में योग की इंपॉर्टेंस के बारे में बताती हैं, 'मैं अपनी फिजिकल फिटनेस से प्यार करती हूं और खुद को हेल्दी-स्ट्रॉन्ग बनाए रखने के लिए जो भी करना जरूरी है, मैं करती हूं। इसीलिए योगा को मैंने रूटीन लाइफ में शामिल किया है। मैं रोज सुबह उठने के बाद सूर्य नमस्कार जरूर करती हूं, जिससे पूरे शरीर को स्ट्रेच करने से लेकर फ्लैक्सिबिलिटी लाने तक कई फायदे मिलते हैं। सबसे बड़ा फायदा यह है कि यह वास्तव में हमारे डाइजेस्टिव सिस्टम को बेहतर बनाने में मदद करता है। मैं अपनी सभी फीमेल फैंस को पीरियड्स के दौरान यह आसन करने की सलाह भी दूंगी। हालांकि लोगों में एक मिथक है कि पीरियड्स के दौरान आपको काम नहीं करना चाहिए और जितना हो सके उतना आराम करना चाहिए। इस बारे में मैं कहना चाहूंगी कि आपको उस दौरान भी सूर्य नमस्कार और कुछ योगासन जरूर करने चाहिए। मेरा क्लीयर मानना है कि शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य के लिए योगासन बहुत महत्वपूर्ण है। मैंने अकसर फील किया है कि जब भी मैं योगासन करने के बाद सेट पर शूटिंग के लिए जाती हूं तो मैं अधिक कंसंट्रेट और प्लीजेंट रहती हूं। साथ ही अन्य दिनों की तुलना में अधिक एक्टिवली अपने काम करती हूं। एक एक्ट्रेस के तौर पर दिन में 12-13 घंटे काम करना काफी हैक्टिक होता है। हमें कई तरह के प्रेशर सहने पड़ते हैं। ऐसे इमोशनल प्रेशर सहते हुए अच्छा परफॉर्म करने में योगासन मेरे लिए बहुत हेल्पफुल साबित होता है।'

### योगासन से रिलैक्स फील करती हूं: आयुषी भावे



**स्टार भारत** के सस्पेंस थ्रिलर शो '10:29 की आखिरी दस्तक' में बिंदु का रोल आयुषी भावे निभा रही हैं। योगासन के इंपॉर्टेंस के बारे में वे कहती हैं, 'मैं मानती हूं कि शारीरिक-मानसिक स्वास्थ्य के लिए योगा बहुत इंपॉर्टेंट रोल प्ले करता है। मैं रेग्युलर योगा प्रैक्टिस करती हूं। मेरा फेवरेट आसन चक्रासन है। उससे मेरे शरीर में ब्लड फ्लो इंप्रूव होता है। ब्लड को हर ऑर्गन और टिश्यू तक पहुंचने में मदद मिलती है। इससे स्पाइन की स्ट्रेंथ बढ़ती है, तनाव कम होता है और बॉडी फ्लेक्सिबिलिटी भी बढ़ती है। इसके अलावा प्राणायाम करती हूं, जिससे मुझे रिलैक्स फील होता है और मानसिक तनाव भी कम होता है। इससे मैं किसी भी तनावपूर्ण माहौल में शांत महसूस करती हूं।'



## वरिष्ठ नेता सत्यनारायण जटिया की धर्मपत्नी के देवलोकगमन के कारण अभिनंदन कार्यक्रम किया स्थगित

# भाजपा कार्यालय में प्रदेश अध्यक्ष, केंद्रीय मंत्रियों ने की महापुरुषों को पुष्पांजलि अर्पित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल।

राजधानी स्थित भाजपा प्रदेश कार्यालय में रविवार को प्रदेश अध्यक्ष विष्णुदत्त शर्मा, केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान, प्रदेश संगठन महामंत्री हितानंद, केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया, दुर्गादास उईके, सावित्री ठाकुर एवं लोकसभा चुनाव के प्रदेश सह प्रभारी सतीश उपाध्याय ने पार्टी पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं के साथ पं. दीनदयाल उपाध्याय और डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित की। केंद्रीय मंत्रिपरिषद में शामिल प्रदेश के 6 मंत्रियों का भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश कार्यालय में आयोजित अभिनंदन कार्यक्रम संसदीय बोर्ड के सदस्य व वरिष्ठ नेता, पूर्व प्रदेश अध्यक्ष सत्यनारायण जटिया की धर्मपत्नी के देवलोकगमन के कारण स्थगित कर पुष्पांजलि अर्पण तक सीमित किया गया।

पुष्पांजलि के दौरान प्रदेश शासन के उप मुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा, राजेन्द्र शुक्ला, मंत्री राकेश सिंह, तुलसीराम सिलावट, गोविंद सिंह, विश्वास सारंग, राकेश शुक्ला, संपतिया उईके, कृष्णा गौर, नरेंद्र शिवाजी पटेल, पार्टी के प्रदेश महामंत्री भगवानदास सबनानी, प्रदेश मीडिया प्रभारी आशीष उषा अग्रवाल सहित अन्य उपस्थित रहे।







### शोक के कारण स्थगित किया अभिनंदन कार्यक्रम

भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष विष्णुदत्त शर्मा ने पुष्पांजलि के बाद कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि पार्टी के संसदीय बोर्ड के सदस्य व वरिष्ठ नेता, पूर्व प्रदेश अध्यक्ष सत्यनारायण जटिया की धर्मपत्नी का आज देवलोकगमन होने के कारण सभी कार्यकर्ताओं ने निर्णय लिया कि केंद्रीय मंत्रिपरिषद में शामिल प्रदेश के 6 मंत्रियों का अभिनंदन समारोह स्थगित कर दिया गया है। प्रदेश भर से कार्यकर्ता केंद्रीय मंत्रियों का अभिनंदन करने भाजपा के प्रदेश कार्यालय पहुंचे हैं। मैं पार्टी के सभी कार्यकर्ताओं की ओर से प्रार्थना करता हूं कि दिवंगत आत्मा को भगवान अपने श्री चरणों में स्थान दें तथा जटिया परिवार को दुख सहन करने की शक्ति प्रदान करें।

### जो विश्वास व्यक्त किया है, उसके हम सब आभारी हैं: शिवराज

पुष्पांजलि के पश्चात केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि विजनरी नेता, यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मध्यप्रदेश से 6 केंद्रीय मंत्री बनाए हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने केंद्रीय मंत्रिपरिषद में शामिल कर जो विश्वास व्यक्त किया है, उसके हम सब आभारी हैं। प्रधानमंत्री की कसौटी पर खरे उतरें, इस संकल्प के लिए दिन-रात काम करेंगे और मेहनत की पराकाष्ठा करेंगे। खेती अर्थव्यवस्था की रीढ़ है और किसान उसकी आत्मा हैं। मंत्रियों के रूप में प्रधानमंत्री ने जो हम सबको जिम्मेदारी दी है, उसको पूरा करने के लिए हम लोगों ने पदभार संभालने के साथ ही कार्य को समझना शुरू कर दिया है। उन्होंने कहा कि हम सबका सौभाग्य है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अपने तीसरे कार्यकाल में जिस पहली फाइल पर हस्ताक्षर किए हैं, वह फाइल प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि की है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 18 जून को वाराणसी से देश के करीब साढ़े नौ करोड़ किसानों को सम्मान निधि जारी करेंगे।

## केन्द्रीय मंत्री बनने के बाद भोपाल पहुंचे शिवराज का हुआ भव्य स्वागत

### मामा-मामा के लगे नारे, बहनों ने उतारी आरती, कार्यकर्ताओं ने जेसीबी से बरसाए फूल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल



पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान का केन्द्र में कृषि एवं किसान कल्याण और ग्रामीण विकास मंत्री बनने के बाद रविवार को पहली बार भोपाल आगमन हुआ। चौहान जैसे ही शताब्दी एक्सप्रेस से भोपाल पहुंचे, उसके बाद रेलवे स्टेशन से भाजपा प्रदेश कार्यालय तक उनका जोरदार और स्वागत किया गया। रोड शो के दौरान हर कोई अपने घर-दुकान से उन पर फूलों की बारिश कर रहा था। कई कार्यकर्ताओं ने जेसीबी पर चढ़कर फूल बरसाये और माल्यार्पण कर उनका स्वागत किया। मंत्री कृष्णा गौर ने आरती उतारकर स्वागत किया, उनके साथ ही अनेक जगहों पर लाड़ली बहनों ने भी अपने भाई की आरती उतारकर और तिलक कर उनका स्वागत। बहनों का ये प्यार देखकर चौहान भी भावुक हो गए और उन्होंने रथ से ही आभार जताया।

### शताब्दी एक्सप्रेस से भोपाल आए

केन्द्रीय मंत्री चौहान रविवार सुबह 6 बजे नई दिल्ली से शताब्दी एक्सप्रेस से भोपाल के लिए सवार हुए। इस दौरान मथुरा, आगरा, धौलपुर, मुरैना, ग्वालियर, झांसी, ललितपुर, बीना और भोपाल रेलवे स्टेशन पर अलग-अलग सामाजिक संगठनों, भाजपा पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं और स्थानीय लोगों ने उनका स्वागत किया। चौहान ने यात्रा के दौरान दूसरे यात्रों से मुलाकात की, और सबका हाल-चाल जाना।

### जब तक मैं हूं कोई पेड़ नहीं कटेगा: शिवराज



भोपाल। रविवार शाम अभाविप के कार्यकर्ताओं ने मंत्री-विधायकों के लिए 29 हजार पेड़ काटकर बनने वाले बंगलों को लेकर विरोध जताया। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने सुभाष एक्सीलेंस स्कूल के सामने केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया और शिवराज सिंह चौहान से पेड़ न काटने के लिए अपील की। दरअसल, तुलसी नगर-शिवाजी नगर क्षेत्र में मंत्री-विधायकों के बंगलों के लिए 29 हजार से ज्यादा पेड़ काटे जाने के प्लान को समाज और संगठनों को दोनों नाराज हैं। रविवार को जहां एक ओर जूलूस निकल रहा था। वहीं, दूसरी ओर अभाविप के कार्यकर्ता पर्यावरण को बचाने के उद्देश्य से केंद्रीय मंत्रियों से अपील कर रहे थे। इस पर केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने अभाविप के कार्यकर्ताओं को आश्वासन देते हुए कहा कि कोई वृक्ष नहीं कटेगा। वहीं, केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने भी आश्वासन दिया कि जब तक मैं हूं तब तक कोई पेड़ नहीं कटेगा।

▶ अभाविप कार्यकर्ताओं ने 29 हजार पेड़ों को बचाने केंद्रीय मंत्रियों से की अपील

## मुख्यमंत्री ने उज्जैन में जल स्रोतों के संरक्षण और संवर्धन की दिलाई शपथ

# जल गंगा संवर्धन अभियान को लोगों का मिला अपार जनसहयोग: डॉ. मोहन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल



मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने प्रदेशवासियों को गंगा दशहरा पर्व की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि गंगा दशहरा का यह पावन अवसर है। मप्र सरकार की ओर से तय किया गया था कि पर्यावरण दिवस 5 जून से गंगा दशहरा तक हमारे नदी, कुएं, पोखर, तालाब, झरने आदि जल स्रोतों के साथ हमारी ऐतिहासिक धरोहर चोपड़ा बावड़ियों के संरक्षण और संवर्धन का काम किया जाएगा। मुझे बताते हुए खुशी है कि जल गंगा संवर्धन अभियान सफल रहा है। 6 लाख से अधिक लोगों द्वारा अभियान में जनभागीदारी की गई है। जल स्रोतों की संरक्षण के लिए 4000 करोड़ रुपए से अधिक के काम किए जा रहे हैं।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव रविवार को उज्जैन में जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत धरोहर मोदी का चोपड़ा में कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने सभी को जल स्रोत के संरक्षण और संवर्धन की शपथ दिलाई।




### जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत 'मोदी का चोपड़ा' का हुआ कायाकल्प

#### चोपड़ा जल स्रोत का भ्रमण किया

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने मोदी का चोपड़ा जल स्रोत का भ्रमण किया और जिला प्रशासन को इस धरोहर की सुरक्षा के साथ बेहतर रखरखाव करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि यह गोवर्धन सागर का ही एक अंग है। इसकी विशेषता यह है कि यहां सदैव पानी की आपूर्ति बनी रहती है। जिला प्रशासन की ओर से जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत जल स्रोत मोदी का चोपड़ा का कायाकल्प किया गया है।

#### सीएम ने पितृ दिवस की दी शुभकामनाएं

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने इस अवसर पर सभी को पितृ दिवस की शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि पिता का कर्तव्य अनुपम होता है और पिता के द्वारा सभी कि अपेक्षाएं और आकांक्षा पूरी होती हैं। उन्होंने कहा कि माता-पिता इस धरती पर भगवान तुल्य होते हैं। हमें उनका सदैव आदर करना चाहिए।

### मप्र के विकास की एक नई डगर का नाम है डॉ. मोहन यादव: आचार्य प्रज्ञा सागर

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव श्री महावीर तपोभूमि पहुंचे जहां सर्वप्रथम उन्होंने मंदिर में भगवान महावीर स्वामी के दर्शन किए। उन्होंने आचार्य गुरुदेव प्रज्ञा सागर महाराज को श्रीफल समर्पित करते हुए आशीर्वाद लिया। इस अवसर पर आचार्य श्री ने प्रवचन में कहा कि मप्र के विकास की एक नई डगर का नाम है डॉ. मोहन यादव। मुख्यमंत्री ने मप्र में कुछ ऐसा करके दिखाया जो अविस्मरणीय हैं।

#### संतों का आशीष भी हमारे लिए पिता तुल्य आशीर्वाद जैसा

मुख्यमंत्री ने कहा कि आज फादर्स डे है और इस दिन पिता श्री के आशीर्वाद के साथ-साथ आप जैसे संतों का आशीर्वाद भी हमें पिता तुल्य आशीर्वाद जैसा ही प्राप्त होता है। कृष्ण भगवान की शिक्षास्थली में अपने गुरुकुल जैसी परंपरा डालकर यहां पर छोटे-छोटे बच्चों को शिक्षित कर धर्म के प्रभावों को और अधिक बढ़ने का कार्य किया है।



### हेल्दी मप्र इनिशिएटिव की मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने की शुरुआत



#### ▶ प्रदेश के युवाओं के होंगे प्रिवेंटिव हेल्थ केयर टेस्ट

भोपाल। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने रविवार को हेल्दी मप्र इनिशिएटिव अभियान की शुरुआत की। इस अभियान के तहत प्रदेश भर के युवाओं को लाइफस्टाइल जनित बीमारियों से बचाने के लिए प्रिवेंटिव हेल्थ के टेस्ट किए जाएंगे। आवश्यक होने पर डॉक्टर कंसल्टेशन एवं लाइफस्टाइल बेहतर करने के लिए मार्गदर्शन दिया जाएगा। 'हेल्थ ऑफ इंदौर' का किसी भी एक शहर में किया गया विश्व का सबसे बड़ा प्रिवेंटिव हेल्थ केयर सर्वे है। अब मप्र के युवाओं के प्रिवेंटिव हेल्थ केयर टेस्ट किए जाएंगे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने इस अभियान की तारीफ करते हुए कहा स्वस्थ शरीर से ही आध्यात्मिक उन्नति संभव है। इससे पहले हेल्थ ऑफ इंदौर अभियान के तहत शहर के ढाई लाख लोगों के टेस्ट किए गए थे, जिसमें से करीब आधी आबादी गंभीर बीमारियों का शिकार हो सकती है। उन्होंने कहा कि जनवरी 2024 में तत्कालीन केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री डॉ. मनसुख मांडविया की उपस्थिति में एक कार्यक्रम हुआ था और इंदौर के प्रीवेंटिव हेल्थ केयर मॉडल को देश भर में ले जाने की बात मंत्री जी ने कही थी। कार्यक्रम में उपस्थित नगरीय प्रशासन विकास मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने इस अभियान की तारीफ की और स्वस्थ रहने पर बल दिया।

#### अभियान की शुरुआत इंदौर से

सांसद शंकर लालवानी ने कहा कि मप्र के युवाओं को स्वस्थ रखने के लिए प्रदेश भर में प्रिवेंटिव हेल्थ केयर टेस्ट किए जाएंगे और इस अभियान की शुरुआत इंदौर से हो रही है। डॉ. विनीता कोठारी ने कहा कि इंदौर में जो सर्वे हुआ है उसके नतीजे को देखते हुए खासकर युवाओं के हेल्थ पैरामीटर पर तुरंत एक्शन लेने की जरूरत है। इसलिए अब हेल्दी मप्र इनीशिएटिव लॉन्च किया गया है।

### एक पेड़ मां कार्यक्रम में पौधरोपण के लिए 20 करोड़ देने की घोषणा

भोपाल। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत एक पेड़ मां के नाम कार्यक्रम में इन्दौर जिले को 20 करोड़ रुपए प्रदान करने की घोषणा की। नगर निगम से 10 करोड़ रुपए एवं वन विभाग से 10 करोड़ रुपए पौधारोपण के लिए प्रदान किए जाएंगे। ब्रिलियंट कन्वेंशन सेंटर इंदौर में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने स्वच्छता, स्वास्थ्य और हरियाली के लिए इंदौर में किये जा रहे प्रयासों की प्रशंसा की। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने एक पेड़ मां के नाम अभियान के आधिकारिक लोगो, वेबसाइट, मिस्ड कॉल नंबर 8889995449, गीत, सोशल मीडिया कैम्पेन का सिंगल क्लिक से विमोचन किया। उन्होंने जिला प्रशासन की ओर से तैयार सेवा सेतु मोबाइल एप्प को भी लांच किया। उन्होंने स्वास्थ्य में स्वच्छता और पर्यावरण के महत्व पर प्रकाश डालते हुए पेड़ों का मानव जीवन में महत्व पर विस्तृत संवाद किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि जिस प्रकार जीवन के लिए श्वास और रक्त धमनियों का महत्व है उसी प्रकार पर्यावरण में पौधों और हरियाली का महत्व है। मप्र में साढ़े 5 करोड़ पौधों का रोपण किया जाएगा। इन्दौर में 51 लाख पौधों के रोपण की भागीदारी प्रशंसनीय है। नगरीय प्रशासन विकास विभाग मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने एक पेड़ मां के नाम अभियान की विस्तृत रूपरेखा और तैयारियों के संबंध में जानकारी दी।



## बलौदाबाजार शहर में 20 जून तक लागू रहेगी धारा 144

रायपुर। बलौदाबाजार शहर में शांति-व्यवस्था बनाए रखने के लिए शासन-प्रशासन सक्रिय है। कलेक्टर ने 10 जून से लागू धारा 144 को बढ़ा दिया है। अब यह 20 जून की मध्य रात्रि तक के लिए बढ़ा दिया गया है। इस दौरान बलौदाबाजार सीमा क्षेत्र में आगामी आदेश तक रैली या कोई जुलूस पूरी तरह से प्रतिबंधित रहेगा। संयुक्त जिला कार्यालय परिसर में 10 जून 2024 को हुई घटना के परिप्रेक्ष्य में नगर पालिका बलौदाबाजार सीमा क्षेत्र में दंड प्रक्रिया संहिता 1973 के तहत धारा 144, 10 जून की रात 9 बजे से 16 जून की मध्य रात्रि 12 बजे तक लागू किया गया था। नगर पालिका सीमा क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए कलेक्टर दीपक सोनी ने दंड प्रक्रिया संहिता 1973 के अंतर्गत धारा 144 (1) एवं (2) के तहत प्रदत्त अधिकारों का प्रयोग करते हुए धारा 144 की अवधि बढ़ाने का आदेश जारी किया गया है।

### यह रहेगा प्रतिबंधित

इसके तहत नगर पालिका बलौदाबाजार सीमा क्षेत्र में आगामी आदेश तक रैली या जुलूस पूरी तरह से प्रतिबंधित रहेगा। अन्य जिले अथवा बाहरी व्यक्तियों का पांच या उससे अधिक व्यक्तियों के समूह का नगर पालिका बलौदाबाजार सीमा क्षेत्र में प्रवेश प्रतिबंधित रहेगा। कोई भी व्यक्ति न तो किसी प्रकार का शस्त्र तलवार, फरसा, भाला, लाठी, चाकू, छुरा, कुल्हाड़ी, गुप्ती, त्रिशुल, खुकरी, सांग एवं बल्लम अथवा अन्य अस्त्र-शस्त्र लेकर सार्वजनिक स्थान पर नहीं निकलेगा। अपवाद स्वरूप जो व्यक्ति शासकीय कर्तव्य पर हैं, वे ड्यूटी के दौरान अस्त्र-शस्त्र धारण कर सकेंगे। ऐसे वृद्ध एवं दिव्यांग जो लाठी के बिना चलने में असमर्थ हैं, वे लाठी का प्रयोग कर सकेंगे।

## आकाशीय बिजली गिरने से एक की मौत, चार घायल

कांकेर। नरहरपुर थाना अंतर्गत थानाबोडी में आकाशीय बिजली गिरने से 21 वर्षीय युवती की मौके पर मौत हो गई। चार ग्रामीण घायल हो गए। घायलों का सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र नरहरपुर में इलाज जारी है। गौरतलब है कि सोमवार सुबह नरहरपुर क्षेत्र में गरज चकम के साथ तेज बारिश हो रही थी। गीतेश्वर कुंजाम 20 वर्ष, नरेश कुंजाम 26 वर्ष, रमाकांत सिन्हा 32 वर्ष, यगुवेन्द्र टेमरे 18 वर्ष और तमेश्वरी सिन्हा 21 वर्षीय हृदय राम के घर के बॉडी में काम कर रहे थे। बारिश से बचने के लिए पेड़ का सहारा लेकर सभी अपना मोबाइल इस्तेमाल कर रहे थे। इसी दौरान आकाशीय बिजली गिरी। बताते चलें कि बरसात के दिनों में आकाशीय बिजली अक्सर जानलेवा साबित होती है। खेतों में काम करने वाले, पेड़ों के नीचे पनाह लेने वाले, तालाब में नहाते समय बिजली चमकने पर इसकी आगोश में आने की संभावना अधिक रहती है। पर कुछ उपाय ऐसे हैं जिससे आकाशीय बिजली से बचा जा सकता है। राज्य सरकार के राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग द्वारा भी लोगों को सतर्क रहने के लिए दिशा निर्देश जारी किया गया है। जब आप घर के भीतर हों तो बिजली से संचालित उपकरणों से दूर रहें, तार वाले टेलीफोन का उपयोग नहीं करना चाहिए। खिड़कियां व दरवाजे बंद कर दें, बरामदे और छत से दूर रहें। इसके अलावा ऐसी वस्तुएं जो बिजली के सुचालक हैं, उनसे भी दूर रहना चाहिए। धातु से बने पाइप, नल, फव्वारा, वॉश बेसिन आदि के संपर्क से दूर रहना चाहिए। इसी तरह जब आप घर के बाहर हैं तो आपको इनसे दूर रहना चाहिए।

## परिणय-सूत्र में बंधे 250 दिव्यांग जोड़े, सीएम साय ने दिया आशीर्वाद

दुर्ग। प्रदेश के सीएम विष्णुदेव साय अखिल भारतीय निर्धन दिव्यांग सामूहिक आदर्श विवाह समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। बाफना टोल प्लाजा के पास स्थित अग्रसेन भवन में समाजसेवी संस्था आस्था बहुउद्देशीय कल्याण संस्थान द्वारा आयोजित सामूहिक आदर्श विवाह में सभी समाज के 250 दिव्यांग जोड़े परिणय-सूत्र में बंधे। समारोह में छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, महाराष्ट्र आदि राज्यों से लोग आए।

## गंगा दशहरा पर एक साथ हजारों दीयों से जगमगा उठी कन्हर नदी



हरिभूमि न्यूज ▶▶ बलरामपुर रामानुजगंज

बलरामपुर रामानुजगंज में ज्येष्ठ महीने के शुक्ल पक्ष की दशमी तिथि को गंगा दशहरा का पावन पर्व नगर में धूमधाम से मनाया गया। गंगा दशहरा के साथ-साथ मां गायत्री जयंती भी धूमधाम से मनाया गया। गंगा दशहरा के आयोजन में सम्मिलित होने हजारों महिलाएं छठ घाट पहुंची थी, सभी महिलाओं द्वारा पूजा-अर्चना के लिए दिया भी लाया गया था। जब आरती के पश्चात नदी में दीप प्रज्वलन हुआ तो एक साथ हजारों दीपों से पूरा छठ घाट जगमगा उठा। हजारों दिनों के एक साथ जलने से अद्भुत दृश्य छठ घाट में देखने को मिला।

## 31 जिलों की टोली एवं आठों विभागों की कार्यकारणी ने भाग लिया

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की मध्य भारत प्रांत की बैठक का समापन

# संघ चाहता है कि भारत सर्वोत्कृष्ट बने, हमारा कार्यकर्ता न थकने वाला, न रुकने वाला और न बिकने वाला है : पांडेय

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

दो दिन से चल रही राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की वार्षिक प्रांतीय बैठक 16 जून शाम को संपन्न हुई। इस बैठक में मध्यभारत प्रांत के 31 जिलों की टोली एवं प्रांत के सभी आठों विभागों की कार्यकारणी ने भी भाग लिया। बैठक का शुभारंभ 15 जून को प्रांत के संघचालक अशोक पांडेय और प्रांत कार्यवाह हेमंत सेठिया ने भारत माता की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलन एवं पुष्पार्चन करके किया। उद्घाटन सत्र में प्रांत संघचालक पांडेय ने संघ की स्थापना से वर्तमान तक की परिस्थिति पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि संघ चाहता है कि भारत विश्व में सर्वोत्कृष्ट बने। स्थापना के समय संघ के लिए अनुकूलता नहीं थी फिर भी संघ ने पूरे देश में प्रसार किया और भारत की स्वाधीनता के लिए सतत संघर्ष किया। सभी प्रतिकूलताओं के बाबजूद संघ समाज जागरण के काम में लगा रहा।






### मध्यभारत प्रांत में 92 पूर्ण मंडल

प्रांत कार्यवाह हेमंत सेठिया में वार्षिक प्रतिवेदन प्रस्तुत किया, जिसमें संघ के विस्तार, शाखाओं की स्थिति एवं प्रशिक्षण के विवरण प्रस्तुत किए। सेठिया ने बताया कि 2023 में 2530 शाखाओं से बढ़कर 2024 में 3072 हो गई हैं। मध्यभारत प्रांत में कुल मंडल 1814 हैं, इनमें संघ कार्ययुक्त मंडल 1544 हो गए हैं। मध्यभारत प्रांत में 92 पूर्ण मंडल हैं, जिसका अर्थ है कि 92 मंडलों के प्रत्येक ग्राम में शाखा है। इसी प्रकार प्रांत में 52 पूर्ण खंड हैं, जिनके प्रत्येक मंडल में संघ की शाखा है।

### 3051 लोगों को मिला प्रशिक्षण

सेठिया ने बताया कि प्रांत में पिछले वर्ष 31 प्राथमिक वर्ग संपन्न हुए थे, जिनमें 3051 लोग प्रशिक्षित हुए। इस वर्ष प्रांत में 41 प्राथमिक वर्ग लगे, जिसमें 3484 लोग प्रशिक्षित हुए। इसी प्रकार घोष प्रशिक्षण वर्ग भी 11 जिलों में लगे, जिनमें 600 घोष वादक प्रशिक्षित हुए। प्रत्येक वर्ष की तरह इस वर्ष भी प्रांत में दो संघ शिक्षा वर्ग लगे।

### *हमारा समाज नागरिक शिष्टाचार का पालन करे*

*उन्होंने अरविंद, गुरुदेव रवींद्रनाथ टैगोर और विवेकानंद ने जो दर्शन बताया डॉ. हेडगेवार ने उसे मूलमंत्र बनाया। उन्होंने कहा कि हमारे संघ का कार्यकर्ता न थकने वाला, न रुकने वाला और न बिकने वाला है। हमारे काम का परिणाम हुआ कि समाज में एक राष्ट्रीय भाव खड़ा हुआ है। समाज में सेवा भाव का जागरण हुआ है।*

चिंतन

# देश में रेल से यात्रा को सुरक्षित बनाना जरूरी

भारत में दुनिया का विशाल रेल नेटवर्क है, तकरीबन तीन करोड़ लोग प्रतिदिन रेल यात्रा करते हैं। सैकड़ों रूट लंबी दूरी के हैं, जिसमें तीन दिन में यात्रा पूरी होती है। ऐसे में रेल संचालन का सुरक्षित होना जरूरी है। पश्चिम बंगाल के जलपाईगुड़ी में रेल हादसा देश की रेल सुरक्षा पर सवाल उठाता है। बेशक इस हादसे में जान गंवाने वालों की संख्या कम है, लेकिन जिस तरह खड़ी कंचनजंगा एक्सप्रेस में उसी ट्रैक पर मालगाड़ी ने भीषण टक्कर मारी है, यह हादसा मानवीय गलती ज्यादा लगती है। मालगाड़ी को सिग्नल कैसे मिला? जबकि उसी ट्रैक पर कंचनजंगा एक्सप्रेस थी। इस हादसे को लेकर पहले रेलवे बोर्ड की चेयरमैन जया वर्मा सिन्हा की ओर से कहा गया कि मालगाड़ी के ड्राइवर ने सिग्नल की अनदेखी की, लोको पायलट ने सिग्नल ओवरशूट किया, इसलिए मालगाड़ी कंचनजंगा एक्सप्रेस से टकरा गई। यह बात गले उतरने वाली नहीं थी, इस हादसे में ड्राइवर व गार्ड की मौत हुई है। रेल में रेल ड्राइवर सिग्नल को ओवरशूट नहीं करते हैं, कारण रेलवे के संचालन में ड्राइवर से अधिक स्टेशन प्रबंधन की भूमिका होती है। हर दो स्टेशन के बीच दोनों स्टेशन मास्टर, गार्ड व लोको पायलट के बीच प्रॉपर संचार होता है। मीडिया में सूत्रों के हवाले से आई खबरों के मुताबिक, रेलवे के आंतरिक दस्तावेज में इस बात का खुलासा हुआ है कि ऑटोमेटिक सिग्नल खराब था, इस वजह से मालगाड़ी का ड्राइवर आगे बढ़ गया। रेड सिग्नल काम ही नहीं कर रहे थे। इस बात को भी सच मान लिया जाय तो यह स्टेशन मास्टर की जिम्मेदारी थी कि उस स्टेशन की ओर आ रही सभी ट्रेनों के ड्राइवर व गार्ड को सूचना देते कि रेड सिग्नल खराब है, वहां मैनुअली सिग्नल मैन झंडे के साथ तैनात किए जा सकते थे। पर स्टेशन प्रबंधन ने ऐसा करना उचित नहीं समझा। देश में यह पहला रेल हादसा नहीं है, वरन इससे पूर्व अनेक भीषण रेल हादसे हुए हैं, जिनमें हजारों लोगों की जान जा चुकी है। हर हादसे के बाद रेलवे की सुरक्षा को लेकर आवाज उठाई जाती है, सरकार की ओर से इसे ठीक करने का वादा किया जाता है, लेकिन रेल संचालन की सुरक्षा सुनिश्चित नहीं की जाती है। पश्चिम बंगाल की इस रेल दुर्घटना पर रेलवे बोर्ड की ओर से कही गई है कि यह रेलवे ट्रैक ट्रेन टक्कर रोधी प्रणाली युक्त नहीं था। भारत में अभी भी सैकड़ों रेलवे ट्रैक हैं, जो ट्रेन टक्कर रोधी प्रणाली युक्त नहीं है। इस हादसे की गंभीरता से जांच होनी चाहिए। क्या यह हादसा, खराब सिग्नल की वजह से हुआ या यह ड्राइवर की चूक से हुआ या इंटरलॉकिंग फेल्योर के चलते हुआ? रेलवे के गुवाहाटी-दिल्ली मार्ग पर सोमवार को जहां पर सियालदह कंचनजंघा एक्सप्रेस में एक मालगाड़ी ने पीछे से टक्कर मारी वहां 'कवच' या ट्रेन टक्कर रोधी प्रणाली उपयोग में नहीं थी। रेलवे बोर्ड की अध्यक्ष जया वर्मा सिन्हा ने कहा कि इस मार्ग के लिए स्वचालित टक्कर रोधी ट्रेन सुरक्षा प्रणाली 'कवच' की योजना बनाई जा रही है। आखिर इस रेल हादसे के लिए जिम्मेदार कौन है? क्या उन्हें सजा मिलेगी? या फिर जिम्मेदारी की लीपापोती होगी? आखिर हमारा रेल तंत्र पूर्ण सुरक्षित कब होगा? रेल यात्रा अभी भी भारत की सबसे अधिक विश्वसनीय व सुरक्षित यातायात बनी हुई है। यह सरकार की आय का बड़ा साधन भी है। रेलवे के संचालन को सुरक्षित, नई तकनीक से लैस, आपसी संचार प्रणाली को बेहतर बनाने की आवश्यकता है। तभी हादसे रुकेंगे।



राजनीति
राज कुमार सिंह

सत्तापक्ष और विपक्ष की जीत-हार से इतर मतदाताओं ने ज्यादातर दलबदलुओं को नकार कर भी बड़ा संदेश दिया है। असल संकेत यह है कि दलबदलुओं की चुनावी सफलता की दर लगातार गिर रही है। एक अध्ययन के मुताबिक यह दर 2014 और 2019 में क्रमशः 66.7 प्रतिशत और 56.5 प्रतिशत थी, जो 2024 में 32.7 फीसदी रह गयी है यानि मतदाताओं ने दो-तिहाई दलबदलुओं को नकार दिया। इस आंकड़े को देखते हुए उम्मीद की जा सकती है कि ठीक चुनाव से पहले दल बदल लेने की प्रवृत्ति पर रोक लगगी। राजनीतिक दलों और नेताओं से सुधरने की उम्मीद बेमानी है। सबक सिखाने का संकल्प खुद मतदाताओं को लेना होगा।

# दलबदलुओं को नकार रहा जनमत

सत्तापक्ष और विपक्ष की जीत-हार से इतर मतदाताओं ने ज्यादातर दलबदलुओं को नकार कर भी बड़ा संदेश दिया है। सत्ता को ही राजनीति का पहला और अंतिम सच मानने वाले नेता चुनाव जीतने के लिए दलबदल में संकोच नहीं करते। दलों को भी दलबदलुओं पर दांव लगाने से परहेज नहीं, पर दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र को मतदाताओं का आभारी होना चाहिए, जिन्होंने ज्यादातर दलबदलुओं को नकार दिया। दलबदल की बीमारी किस तरह नासूर बनती जा रही है, इसका अंदाजा इसीसे लगाया जा सकता है कि अठ्ठारहवीं लोकसभा के चुनाव में डेढ़ सौ से भी ज्यादा दलबदुओं पर दलों ने दांव लगाया। भाजपा खुद को विश्व का सबसे बड़ा राजनीतिक दल बताती है, पर उसीने सौ से भी ज्यादा दलबदलुओं को टिकट दिया। उत्तर प्रदेश में यह खेल बड़े पैमाने पर खेला गया। विभिन्न दलों ने 30 दलबदलू चुनाव मैदान में उतारे, जिनमें से 12 हार गये। बसपा ने 11 दलबदलुओं को टिकट दिया। जीतना तो बहुत दूर, सभी तीसरे स्थान पर रहे। पिछली बार 10 लोकसभा सीटें जीतने वाली बसपा का इस बार खाता तक नहीं खुला। वैसे सपा द्वारा चुनाव मैदान में उतारे गये नौ में से सात और भाजपा द्वारा टिकट दिये गये तीन में से दो दलबदलू जीत भी गये।

दिल्ली के तीन ओर बसे हरियाणा में भाजपा ने दलबदलू अशोक तंवर पर दांव लगाया, पर सिरसा के मतदाताओं ने उन्हें नकारते हुए कांग्रेस की कुमारी सैलजा को चुना। नेहरू परिवार के करीबी माने जाने वाले तंवर खुद कभी हरियाणा कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष रह चुके हैं। पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा से टकराव के चलते तंवर ने 2019 में कांग्रेस छोड़ी। पहले अपना मोर्चा बनाया। फिर तृणमूल कांग्रेस और आप से होते हुए ठीक चुनाव से पहले तंवर ने कमल थाम लिया। हरियाणा के मंत्री रणजीत चौटाला चौधरी देवीलाल के बेटे हैं। भाई ओम प्रकाश चौटाला से पटरी न बैठने पर कांग्रेस में गये थे। विधायक और मंत्री भी रहे। पिछली बार निर्दलीय विधायक बन कर भाजपा की सरकार में मंत्री बने। इस बार भाजपा ने हिसार से उम्मीदवार भी बना दिया, पर कांग्रेस के जय प्रकाश से हार गये। वैसे कांग्रेस से लाकर कुरुक्षेत्र से भाजपा उम्मीदवार बनाये गये नवीन जिंदल जीत भी गये। पंजाब की आन-बान-शान की बड़ी चर्चा होती है, पर शायद राजनेताओं का उससे ज्यादा सरोकार नहीं। कैप्टन अमरेंद्र सिंह कांग्रेस द्वारा 2021 में अपमानजनक तरीके से मुख्यमंत्री पद से हटाये जाने के कुछ अरसा बाद ही भाजपा में चले गये थे। उनकी सांसद पत्नी परनीत कौर लोकसभा चुनावों से कुछ ही पहले गयीं। भाजपा ने टिकट भी दे दिया, पर पटियाला के मतदाताओं ने कांग्रेस की केंद्र सरकार में मंत्री भी रह चुकीं परनीत कौर को तीसरे स्थान पर रखा। परनीत कौर 2014 में भी पटियाला से चुनाव हारी थीं। तब भी डॉ धर्मबीर गांधी ने ही हराया था। तब गांधी आप के उम्मीदवार थे, जबकि इस बार कांग्रेस के।

लुधियाना से भी भाजपा ने तीन बार के कांग्रेसी सांसद रवनीत सिंह बिट्टू पर दांव लगाया, पर मतदाताओं ने नकार दिया और पंजाब कांग्रेस के अध्यक्ष अमरिंदर सिंह



राजा वडिग सांसद बन गये। बिट्टू के लिए संतोष की बात है कि चुनाव हारने के बाद भी केंद्र में राज्य मंत्री बना दिये गये हैं। भाजपा की रणनीति उन्हें पंजाब की राजनीति में अपने सिख चेहरे के रूप में पेश करने की है। जालंधर का उदाहरण और भी गजब है। कांग्रेस सांसद की मृत्यु के बाद वहां उप चुनाव होने पर आप ने कांग्रेस पार्षद रहे सुशील कुमार रिंकू पर दांव लगाया। मतदाताओं ने जिता भी दिया, पर इस बार चुनाव से पहले पाला बदल कर रिंकू भाजपाई हो गये। शिरोमणि अकाली दल से गठबंधन टूटने के बाद पहली बार अकेले लोकसभा चुनाव लड़ रही भाजपा ने टिकट भी दे दिया, लेकिन मतदाताओं ने कांग्रेस उम्मीदवार पूर्व मुख्यमंत्री चरणजीत सिंह चन्नी को जिता दिया। जालंधर से आप ने भी अकाली दल के दलबदलू पवन कुमार टीनू पर दांव लगाया था। झारखंड में ईडी द्वारा गिरफ्तारी के चलते मुख्यमंत्री पद से हेमंत सोरेन के इस्तीफे के बावजूद जब सरकार नहीं गिरी, तब भाजपा ने उनकी भाभी सीता सोरेन से दलबदल करवाया। सीता सोरेन को दुमका से लोकसभा टिकट भी दिया, पर मतदाताओं ने नकार दिया। बिहार में वाल्मीकि नगर से टिकट न मिलने पर भाजपा छोड़ राजद में शामिल हुए दीपक यादव भी जद यू उम्मीदवार सुनील कुमार से हार गये। मुजफ्फरपुर सीट से भाजपा सांसद अजय निषाद इस बार कांग्रेस के टिकट पर लड़े, पर मतदाताओं ने उन्हें नकार दिया। दिलचस्प यह है कि मतदाताओं ने जिन भाजपाई उम्मीदवार राज भूषण चौधरी को जिताया, वह भी मुकेश सहनी की वीआईपी पार्टी से दलबदल कर आये थे। आगामी विधानसभा चुनावों के सामाजिक गणित के मद्देनजर राज भूषण चौधरी को केंद्र में राज्य मंत्री भी बना दिया गया है। बिहार विधानसभा चुनाव में वे राजग को कितना लाभ पहुंचा पाएंगे, यह तो चुनाव के बाद ही पता लगेगा।

एके एंटनी कांग्रेस के वरिष्ठ नेता हैं। केंद्र में मंत्री और केरल के मुख्यमंत्री रह चुके हैं, पर उनके बेटे अनिल एंटनी अब भाजपा में हैं। उन्हें पथानामथिट्टा से उम्मीदवार भी बनाया गया, पर कांग्रेस उम्मीदवार एंटो एंटनी से हार गये। राजस्थान की नागौर लोकसभा सीट पर भाजपा ने पूर्व कांग्रेस सांसद ज्योति मिर्धा पर दांव लगाया, लेकिन वह राष्ट्रीय लोकतांत्रिक पार्टी के निवर्तमान सांसद हनुमान बैनीवाल से हार गयीं। चुरू से राहुल कस्वां पिछली बार भाजपा के टिकट पर सांसद बने थे। इस बार भाजपा ने पैरालंपिक गोल्ड मैडलिस्ट देवेंद्र झांझड़िया पर दांव लगाया तो राहुल कांग्रेस उम्मीदवार बन गये और जीत भी गये। तृणमूल कांग्रेस से वापस लौट कर बैरकपुर से भाजपा उम्मीदवार बने अर्जुन सिंह इस चुनाव में तृणमूल के पार्थ भौमिक से हार गये। पश्चिम बंगाल में तृणमूल से भाजपा में शामिल हुए पांच बड़े दलबदलुओं में से मात्र एक सौमेंदु अधिकारी ही जीत पाये। महाराष्ट्र में चाचा शरद पवार की राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी तोड़ कर एकनाथ शिंदे सरकार में उप मुख्यमंत्री बने अजित पवार अपनी पत्नी सुनेत्रा तक को चुनाव नहीं जितवा पाये और अब उन्हें राज्यसभा में भेजने की कोशिश में हैं। यह सूची बहुत लंबी बन सकती है, पर सबक यही है कि दलबदलुओं को सबक सिखाने का संकल्प खुद मतदाताओं को लेना होगा। सत्ता के खिलाड़ी राजनीतिक दलों और नेताओं से सुधरने की उम्मीद बेमानी है। सुखद संकेत यह है कि दलबदलुओं की चुनावी सफलता की दर लगातार गिर रही है। एक अध्ययन के मुताबिक यह दर 2014 और 2019 में क्रमशः 66.7 और 56.5 थी, जो 2024 में 32.7 रह गयी है यानि मतदाताओं ने दो-तिहाई दलबदलुओं को नकार दिया। इस आंकड़े को देखते हुए उम्मीद की जा सकती है कि ठीक चुनाव से पहले दल बदल लेने की प्रवृत्ति पर रोक लगगी। चुनाव के बाद भी सरकार बनाने के लिए की जाने वाली जोड़-जोड़ व पाला बदल पर लगाम की जरूरत है।

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **edit@haribhoomi.com** पर दे सकते हैं।

सरोकार
डॉ. परदेशीराम वर्मा



# नई सरकार और छत्तीसगढ़ में छत्तीसगढ़ी

छत्तीसगढ़ में 2024 का वर्ष आदिवासी मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की ताजपोशी के लिए जाना जाएगा। छत्तीसगढ़ में हार जीत का सूत्र आदिवासियों के हाथ में रहेगा यह विगत दो दशक की चुनावी यात्राओं से सबने जान लिया है। जिस तरह देश में सत्ता की बागडोर थामने के लिए उत्तरप्रदेश के समर्थन का महत्व होता है उसी तरह छत्तीसगढ़ में आदिवासियों का समर्थन यहाँ सत्ता में आने के लिए जरूरी सा हो गया है। बड़ी खुशी की बात है कि 24 वर्षों बाद खांटी आदिवासी मुख्यमंत्री कुर्सी पर बैठे। सरगुजा क्षेत्र के एक गांव में पंच, सरपंच फिर विधायक, सांसद, केन्द्र में मंत्री बनकर अनुभव से समृद्ध विष्णुदेव साय हमारे मुख्यमंत्री बने। लेकिन छः महीनों में उनके समर्थक और प्रशंसक थोड़े चितिंत होने लगे हैं। विष्णुदेव साय बहुत प्रभावी मुख्यमंत्री खुद को सिद्ध करंगे तब जाकर आने वाले समय में इस भ्रांति को लोग भूलेंगे कि शासन करने के लिए और सुराज के लिए भी आदिवासी अब पूरी तरह सक्षम और सुयोग्य हैं। न केवल आदिवासी बल्कि दलित, पिछड़े और गरीब छत्तीसगढ़ियों की आशा भी उनसे बंधी है।

सरकारें आती जाती हैं मगर कुछ लोग अपनी कार्यक्षमता, उदारता दूरदृष्टि से सदैव याद किए जाते हैं। नेहरू और अटल बिहारी बाजपेयी की उदारता इतिहास में दर्ज है। अपनी उदार मान्यताओं के लिए ये महापुरूष खुद की पार्टी के राह भटकों को राजधर्म सिखाते थे। राजधर्म सिखाने के लिए साफ शब्दों और विचारों का प्रयोग करते थे। शब्दों की बाजीगरी नहीं करते थे बल्कि कबीराना अंदाज में ये नसीहत देते थे। असहमति को सम्मान देने का यह गुण उन्हें बड़प्पन देता है। सामान्य तौर पर सरकार में आते ही लोग पिछली सरकारों के जनहित के कामों को भी दरकिनार करना अपनी रणनीति का हिस्सा बना लेते हैं। छत्तीसगढ़ में इसीलिए पिछले पाँच वर्ष छत्तीसगढ़ी भाषा और छत्तीसगढ़ राजभाषा आयोग के लिए बुरे सपने की तरह सिद्ध हुए।

छत्तीसगढ़ी भाषा के उन्नयन के लिए गठित राजभाषा आयोग को संस्कृति विभाग का शक्तिहीन हिस्सा बना दिया। हिन्दी के विकास के लिए अलबत्ता साहित्य परिषद बना। साहित्य परिषद के प्रमुख ने अपने कार्यकाल में किसी छत्तीसगढ़ी साहित्यकार को अपने कार्यक्रमों और आयोजनों छत्तीसगढ़ी में लिखने के कारण नजदीक भी फटकने नहीं दिया। हिन्दी और छत्तीसगढ़ी दोनों में लिखने वालों को छत्तीसगढ़ी में लिखने का पाप करने के कारण आयोजनों से दूर रखा गया। ऐसे ही पाँच साल बीत गए। इसलिए नए आदिवासी मुख्यमंत्री की बड़ी जिम्मेदारी है। उन्हें उदार दृष्टि सम्पन्न और व्यापक सोच वाले हर क्षेत्र के विशेषज्ञों और छत्तीसगढ़ का हित चाहने वालों को काम करने का अवसर देना होगा। अभी एक चुनाव के बाद दूसरा बड़ा चुनाव निपटा है। इसीलिए शिकायत की स्थिति भी नहीं है किन्तु अब समय आ गया है कि जो उनसे मिलना चाहें उन्हें मिलने का अवसर ठीक उसी तरह मिले जिस तरह डॉ. रमनसिंह के कार्यकाल में मिलता था। विशेषकर साहित्य और कला के क्षेत्र में सन्नाटा टूटना चाहिए। श्रीराम से जुड़े आयोजनों में बाहर के कलाकारों, कविनुमा प्रवचनकारों को अवतारी पुरूष की तरह पिछले पाँच वर्षों में पूजा गया। स्थानीय कलाकार साहित्यकार चूँकि संगठित नहीं हो पाते इसलिए उन्हें किसी गिनती में नहीं लिया गया।

किसी प्रान्त की पहचान उसकी भाषा और संस्कृति से ही होती है। देश के कुछ प्रान्त अपनी अस्मिता के प्रति बेहद सचेत हैं। छत्तीसगढ़ में भी डॉ. खूबचंद बघेल ने अस्मिता के लिए लड़ना सिखाया। लेकिन छत्तीसगढ़ में छत्तीसगढ़ी भाषा का बना बनाया मंच छत्तीसगढ़ राजभाषा आयोग हिल रहा है। पिछले पांच वर्षों में उसके पाए कमजोर हो गए।


मुख्यमंत्री जी स्वयं छत्तीसगढ़ी में पढ़कर यहां तक पहुँचे हैं। हम सब गांव के उम्रदराज लोग प्राथमिक पढ़ाई छत्तीसगढ़ी में ही करते रहे। छत्तीसगढ़ी शासकीय तौर पर पढ़ाने का माध्यम नही था। मगर पढ़ाई गांवों में छत्तीसगढ़ी में ही होती है। हिन्दी को सीखना पड़ता था। छत्तीसगढ़ी हमारी मां की भाषा है इसलिए इसे हम दूध के साथ नैसर्गिक रूप से पाते हैं। इसीलिए छत्तीसगढ़ी को ऊंचाई और मजबूती देना जरूरी है। छत्तीसगढ़ के साहित्यकार और आमजन छत्तीसगढ़ी भाषा के प्रति उपेक्षापूर्ण रवैये से आहत रहे। अब स्थिति सुधरनी चाहिए। पढ़ाई भी मातृभाषा में ही ठीक से होती है। दुनिया के महान लोग मातृभाषा में ही पढ़कर निकले।

छत्तीसगढ़ी के साथ छत्तीसगढ़ में यथोचित सम्मानजनक शासकीय पहल जरूरी है। छत्तीसगढ़ पूरे छत्तीसगढ़ के मैदानी और वनक्षेत्रों की भाषा है। छत्तीसगढ़ी में गोंडी, हलबी, भतरी आदि बोलियां मिली हुई हैं। सबको जोड़कर छत्तीसगढ़ी की मुख्य धारा बनती है। डॉ. रमनसिंह जी के मुख्यमंत्री काल में छत्तीसगढ़ी भाषा पर बहुत काम हुआ। अनुवाद, पाठ्यक्रम निर्धारण के लिए महीनों कार्यशालाएं चली। हिन्दी, छत्तीसगढ़ी और अंग्रेजी का मिलाजुला त्रिभाषाई शब्दकोष बना। वह रचनात्मक दौर लौटे यह आशा हम सब कर रहे हैं। छत्तीसगढ़ी दुनिया भर में सम्मानित महान संत गुरू बाबा घासीदास के विचार और संदेश की भाषा है। छत्तीसगढ़ी में ही उन्होंने संसार को मानवता का सार समझाया। जिसे सब समझ पाये।

मनखे मनखे ल मान सगा भाई के समान छत्तीसगढ़ में छत्तीसगढ़ी भाषा को यथोचित महत्व मिले यह हम सबकी कामना है।

(ये लेखक के अपने विचार हैं।)


# ज्ञान, भक्ति व कर्म की पूर्णता श्रीराम



संकलित
दर्शन

उपदेश जब ग्रंथ से दिया जाएगा तो लिखने के काम आएगा, जब पढ़कर दिया जाएगा तो सुनने के काम आएगा। उपदेश जब जीवन में चरितार्थ हो जाएगा, तब स्वाभाविक रूप से ग्राह्य और अनुकरणीय हो जाएगा। श्रीरामचरितमानस में लीला और चरित्र दोनों चरितार्थ हैं, जिसमें उपदेश दिया नहीं गया, चरितार्थ करके दिखाया गया है। चरितार्थ भी ऐसे हुआ है कि जिसमें चमत्कार और अप्रासंगिकता नहीं है। भगवान राम ने अपना कोई मूल्यांकन नहीं किया, पर दूसरे के हर कार्य की प्रशंसा की, उन्हें उत्साहित किया। ज्ञान की समझ, भक्ति-भावना और कर्म की शैली में यदि व्यावहारिकता नहीं है, तब साधक के जीवन में ज्ञान, भक्ति और कर्म की त्रिपुटी केवल प्रदर्शन योग्य ही रह जाएगी। उसका शुद्ध प्रयोजन सिद्ध नहीं होगा। इस सर्वांगीण पूर्णता के साथ पृथ्वी पर मात्र भगवान राम ही अवतरित हुए, जिनका मानवोचित गुणों का निर्वहन करते हुए भी स्वयं का सत, चित, और आनंद स्वरूप अपने शुद्ध स्वरूप में बना रहा। ज्ञान की व्यावहारिकता है कि किसी से कुछ इच्छा न रखे और सब में एक ही ब्रह्म का साक्षात्कार करे। भक्ति की व्यावहारिकता है कि संसार के सारे संबंधों का आधार भगवान को माने। सहज संतोषी स्वभाव हो। मन में कुटिलता न हो। कर्म की व्यावहारिकता यह है कि व्यक्ति स्वयं को सेवक माने। संसार के लोगों के शुभ और सत्कर्मों की प्रशंसा अवश्य करे। भगवान श्रीराम ने स्वयं में कोई गुण नहीं देखा, अपितु दूसरे के अवगुणों में भी गुण पक्ष को ग्रहण कर उसका उपयोग लोकहित में किया।

# एक दिन का पुण्य ही क्यूं



संकलित
प्रेरणा

एक भिखारी एक सज्जन की दुकान पर भीख मांगने पहुंचा। सज्जन व्यक्ति ने 1 रुपए का सिक्का निकाल कर उसे दे दिया। भिखारी को प्यास भी लगी थी, वो बोला बाबूजी एक गिलास पानी भी पिलवा दो, गला सूखा जा रहा है। सज्जन व्यक्ति ने गुस्से में कहाः तुम्हारे बाप के नौकर बैठे हैं क्या हम यहां, पहले पैसे, अब पानी, थोड़ी देर में रोटी मांगेगा, चल भाग यहां से। भिखारी बोलाः बाबूजी गुस्सा मत कीजिये मैं आगे कहीं पानी पी लूंगा। पर जहां तक मुझे याद है, कल आपने निर्जला एकादशी व्रत कथा का पाठ किया था, तथा कल इसी दुकान के बाहर मीठे पानी की छबील लगी थी और आप स्वयं लोगों को रोक-रोक कर जबरदस्ती अपने हाथों से गिलास पकड़ा रहे थे, मुझे भी कल आपके हाथों से दो गिलास शर्बत पीने को मिला था। मैंने तो यही सोचा था, आप बड़े धर्मात्मा आदमी है, पर आज मेरा भरम टूट गया। कल की छबील तो शायद आपने लोगों को दिखाने के लिये लगाई होगी? मुझे आज आपने कड़वे वचन बोलकर अपना कल का सारा पुण्य खो दिया। मुझे क्षमा करना अगर मैं कुछ ज्यादा बोल गया हूं तो। उसकी नजरों के सामने बीते दिन का प्रत्येक दृश्य घूम गया। उसे अपनी गलती का अहसास हो रहा था। वह स्वयं अपनी गद्दी से उठा और अपने हाथों से गिलास में पानी भरकर उस बाबा को देते हुए उसे क्षमा प्रार्थना करने लगा। भिखारीः बाबूजी मुझे आपसे कोई शिकायत नहीं, परन्तु अगर मानवता को अपने मन की गहराइयों में नही बसा सकते तो एक-दो दिन किये हुए पुण्य कार्य व्यर्थ ही हैं।

## पर्यटन वर्ष



**नई दिल्ली।** कंबोडिया के पर्यटन मंत्रालय के राज्य सचिव लांग फिरम और पर्यटन मंत्रालय की महानिदेशक (पर्यटन) मनीषा सक्सेना ने सोमवार को नई दिल्ली में संयुक्त रूप से प्रथम कंबोडिया-भारत पर्यटन वर्ष 2024 का शुभारंभ किया।

## आज की पाती

### जरूरी है बुजुर्गों का सम्मान

हर वर्ष 15 जून को विश्व बुजुर्ग दुर्व्यवहार जागरूकता दिवस मनाया जाता है। इसकी शुरुआत वर्ष 2011 में संयुक्त राष्ट्र महासभा द्वारा की गई थी। इसका मुख्य उद्देश्य बुजुर्गों के साथ दुर्व्यवहार, भेदभाव और उपेक्षा रोकने के प्रति लोगों को जागरूक करना है। बुजुर्गों के साथ दुर्व्यवहार हमारे देश में ही नहीं, बल्कि दुनिया के बहुत से देशों में भी हो रहा है। संयुक्त राष्ट्र जनसंख्या कोष रिपोर्ट में सामने आया है कि हमारे देश में बुजुर्ग आबादी बहुत बढ़ेगी। रिपोर्ट के अनुसार वर्ष 2046 तक वृद्धि दर 41 प्रतिशत होने का अनुमान है और शायद वर्ष 2050 तक यह आबादी दोगुना हो जाए। बुढ़ापा हर प्राणी को आता है। हमें यह सुनिश्चित बनाना है कि बुजुर्गों का सम्मान अनिवार्य रूप से हो।

*- मनोज पटेल, राजनांदगांव*

## करंट अफेयर

# टाइटन पनडुब्बी हादसे को हुए एक वर्ष पूर्ण

समुद्र की गहराई में छिपे टाइटैनिक जहाज के रहस्यों पर से पर्दा उठाने के लिए पिछले वर्ष जून में पानी में उतरी एक प्रयोगात्मक पनडुब्बी 'टाइटन' घातक विस्फोट का शिकार हो गयी थी। हालांकि उस हादसे के बाद भी समुद्र के रहस्य खोजने वालों के हौसले बुलंद हैं लेकिन कई सवाल भी ज्यों के त्यों हैं। उत्तर अटलांटिक समुद्र में समाये टाइटैनिक पोत का मलबा दिखाने के लिए जाते वक्त दुर्घटना का शिकार हुई टाइटन पनडुब्बी के हादसे को मंगलवार को एक वर्ष पूरा हो गया। टाइटन पनडुब्बी को ढूंढ निकालने के लिए पांच दिनों तक चले खोज अभियान ने दुनिया भर का ध्यान अपनी ओर आकर्षित किया था। अधिकारियों ने बताया कि पनडुब्बी नष्ट हो गयी और उसमें सवार सभी पांच लोगों की मौत हो गयी थी। हादसे के बाद कई सवाल उठे थे कि क्या टाइटन का अपरंपरागत डिजाइन या फिर पनडुब्बी के निर्माताओं द्वारा उद्योग मानकों की स्वतंत्र जांच कराये जाने से इनकार करना ही तो कहीं दुर्घटना की वजह नहीं थी। अमेरिकी तटरक्षक बल ने हादसे के बाद तुरंत एक उच्च-स्तरीय जांच बुलाई लेकिन अधिकारियों ने बताया कि जांच में 12 महीने की समय सीमा से अधिक वक्त लग रहा है और उनके निष्कर्षों पर चर्चा करने के लिए सुनवाई कम से कम अगले दो महीनों तक नहीं होगी।



## ऑफ बीट

# खानपान में बदलाव से हम पृथ्वी को बचा सकते हैं

अपनी आहार सूची में ऐसे खाद्य पदार्थों का चयन करना एक जटिल समस्या है जो हमारे लिए बेहतर हों, पृथ्वी के लिए अच्छे हों, हमारी पहुंच में हों और सस्ते हों, लेकिन संयोग से यह शोध इस काम में आपकी मदद कर सकता है। ग्रीनहाउस गैस के वार्षिक उत्सर्जन में 30 प्रतिशत हिस्सा वैश्विक खाद्य प्रणाली का है। पर्यावरण की दृष्टि से खाद्य उत्पादन का बड़ा योगदान है, वहीं हम जो खाना खाते हैं वह भी उतना ही असर डालता है। भरपूर पोषण और पर्यावरण की सुरक्षा के लिए हमें क्या खाना चाहिए? इसे लेकर अलग-अलग विचार हैं जिसके कारण हम खाद्य पदार्थ का चयन करने में भ्रमित हो जाते हैं। जीवन-यापन के संकट भरे इस दौर में जरूरी है कि हमारा खानपान किफायती हो और उससे बिल्कुल अलग न हो जिसे खाने के हम आदी हैं ताकि लंबे समय तक हम इसे अपना सकें। संयोग से, हम इस बात से अवगत हैं कि एक स्वास्थ्यवर्धक खानपान किस तरह का होता है।विश्व स्वास्थ्य संगठन और संयुक्त राष्ट्र खाद्य एवं कृषि संगठन ने ऐसे खानपान को टिकाऊ स्वास्थ्यवर्धक आहार के रूप में परिभाषित किया है जो लोगों के स्वास्थ्य के सभी पहलुओं को ध्यान में रखकर अपनाया गया हो, पर्यावरण पर कम प्रभाव डालता हो, सभी की पहुंच में हो, किफायती हो, सुरक्षित तथा सांस्कृतिक रूप से स्वीकार्य हो।



## ट्रेंड

### मिलकर काम करेंगे



राज्यसभा में विपक्ष के नेता और कांग्रेस पार्टी के अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे से मेरी सुखद शिष्टाचार मुलाकात हुई। उन्होंने अपने जीवन के कई बहुमूल्य अनुभवों को मेरे साथ साझा किया। हम सब मिलकर देश के लिए काम करेंगे।

-किरण रिजिजू, केंद्रीय मंत्री

### जीवन को खुशहाल बनाएं



झूमर की तरह लटके अमलतास के फूल सेहत की दृष्टि से बड़े गुणकारी हैं। दुनिया की सबसे शक्तिशाली जड़ीबूटी में इसकी गिनती होती है। इसका पीला रंग दिमाग में पॉजिटिविटी भरता है। योग संग प्राकृतिक रंगों से जीवन को खुशहाल बनाएं।

-स्वामी रामदेव, योग गुरु

### नई दृष्टि के साथ



चीज़ों को अलग ढंग से देखने में कभी देर नहीं होती। बिल्कुल अलग कोण या दृष्टिकोण से। हम सभी को कभी-कभी नया चश्मा पहनने की जरूरत पड़ती है। नए सप्ताह की शुरुआत नई दृष्टि के साथ करें।

-आनंद महेंद्रा, उद्योगपति

### उबाऊ नौकरियां



हर कोई कह रहा है कि कैसे एआई विश्व अर्थव्यवस्था को बाधित करेगा है। मैं भी नौकरी खोने की चिंता से सहमत हूं। और हां, बड़ी नौकरी का नुकसान होगा। शायद अब कम वेतन वाली उबाऊ नौकरियां नहीं करना चाहेंगे। -शेखर कपूर, फिल्म निर्माता

**अपने विचार**

**हरिभूमि कार्यालय**

टिकरापारा, रायपुर में पत्र के माध्यम से या फैक्स : 0771-4242222, 23 पर या सीधे मेल से **hbcgpati@gmail.com** पर भेज सकते हैं।

# भाजपा चाहती है खुद की पार्टी का स्पीकर तो डिप्टी स्पीकर सहयोगी दल से

भारतीय जनता पार्टी ने केंद्र में अपनी सरकार तो बना ली लेकिन ये गठबंधन की सरकार है। गठबंधन की सरकार के सामने कदम-कदम पर चुनौतियां होती हैं। अब अगला बड़ा सवाल है कि लोकसभा का स्पीकर पार्टी किसे बनाएगी। सहयोगी दल खासकर टीडीपी, जदयू भी इस पद पर नजर रख रही है।

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

लोकसभा चुनाव संपन्न हो चुके हैं। नई सरकार का गठन भी हो चुका है। प्रधानमंत्री मोदी और उनके मंत्रियों ने शपथ ले ली है। अब बस इंतजार है संसद सत्र के आगाज होने का। 24 जून से इसकी शुरुआत होगी, लेकिन उससे पहले लोकसभा स्पीकर पद को लेकर सत्ता पक्ष और विपक्ष में माथापच्ची चल रही है। सूत्रों के मुताबिक, भाजपा ये पद अपने पास रख सकती है। हां, डिप्टी स्पीकर का पद वो टीडीपी या जेडीयू को दे सकती है।

दिलचस्प बात ये है कि कांग्रेस और विपक्ष चाहती है कि डिप्टी स्पीकर का पद उसे मिल जाए। विपक्ष की दलील है कि भाजपा के कड़िया मुंडा को यूपीए ने डिप्टी स्पीकर बनाया था। ऐसे में, सरकार को भी विपक्ष का ख्याल करना चाहिए। इधर सरकार की कोशिश कि स्पीकर का चुनाव आम सहमति से हो। इसके लिए राजनाथ सिंह को जिम्मेदारी दी गई है। राजनाथ सिंह विपक्षी पार्टियों और भाजपा के सहयोगी दलों से बातचीत कर एक आम राय बनाने की कोशिश करेंगे।

**लोकसभा में स्पीकर का पद किस राजनीतिक दल को ?**





स्पीकर पद के चुनाव की जिम्मेदारी राजनाथ सिंह को सौंपी

26 जून को होना है स्पीकर का चुनाव

**लोकसभा का पहला सत्र 24 जून से**

नई लोकसभा का पहला सत्र अगले सप्ताह सोमवार, 24 जून से शुरू होने जा रहा है। इस दौरान नए सांसदों के शपथ लेने से लेकर नए स्पीकर का चुनाव, राष्ट्रपति का अभिभाषण, उस अभिभाषण में सरकार के कामकाज को लेकर एक खाका, प्रधानमंत्री, विपक्ष का उस पर धन्यवाद होगा। भारतीय जनता पार्टी के पहले कार्यकाल में मध्य प्रदेश के इंदौर से सांसद चुनी जाने वाली सुमित्रा महाजन लोकसभा की स्पीकर हुआ करती थी। वहीं, मोदी के दूसरे कार्यकाल में यह जिम्मा राजस्थान के कोटा से सांसद ओम बिरला के पास रही। मोदी के पहले दोनों कार्यकाल में उनकी पार्टी को अपने दम पर बहुमत हासिल था। इस बार स्थिति और है।

**अहम मंत्रालय भाजपा ही के पास**

भाजपा ने गठबंधन की सरकार बनाने के बावजूद भी सभी अहम मंत्रालयों को अपने पास रखा था। जिनमें गृह, रक्षा, विदेश और वित्त जैसे मंत्रालय को सहयोगियों को न देना भाजपा की बड़ी जीत थी।

### एनडीए का पहला हकः जेडीयू



जेडीयू प्रवक्ता के. सी. त्यागी ने कहा, 'स्पीकर का पद सदन का सबसे मर्यादित पद होता है, उस पद के लिए पहला हक सत्तारूढ़ पार्टी का होता है। इंडी गठबंधन की मांग और उनके बयान आपत्तिजनक हैं। भाजपा या एनडीए गठबंधन का उस पद पर पहला हक है और हमारी पार्टी का मानना है कि भाजपा गठबंधन की बड़ी पार्टी है इसलिए उसका अधिकार पहले है।

### नायडू को इंडिया गुट का समर्थन



उद्धव सेना के प्रवक्ता और राज्यसभा के सदस्य संजय राउत ने कहा है कि लोकसभा अध्यक्ष पद के लिए अगर चंद्रबाबू नायडू उम्मीदवार खड़ा करते हैं, तो हमारा इंडी गठबंधन उनका समर्थन करेगा। राउत ने दावा किया कि चंद्रबाबू नायडू ने भाजपा से लोकसभा अध्यक्ष का पद मांगा है।

## खबर संक्षेप

### पंकजा की हार से दुखी 4 युवकों ने की आत्महत्या

**बीड।** महाराष्ट्र की बीड लोकसभा सीट से पंकजा मुंडे हारने की वजह से अभी तक चार लोगों ने आत्महत्या कर ली है। पंकजा मुंडे सोमवार को बीड में आत्महत्या करने वाले युवकों के परिवारों से मुलाकात कर ही रही थीं कि जिले के एक और युवक ने आत्महत्या कर ली। आत्महत्या करने वाले युवक का नाम गणेश (उर्फ) हरिभाऊ भाऊसाहेब बड़े (उम्र 35) है।



### स्काई एयर को 40 लाख डॉलर का वित्तपोषण मिला

**नई दिल्ली।** ड्रोन लॉजिस्टिक्स समाधान प्रदाता स्काई एयर ने सोमवार को कहा कि उसे 40 लाख डॉलर (लगभग 34 करोड़ रुपये) का वित्तपोषण मिला है। इस राशि का इस्तेमाल स्वास्थ्य सेवा और त्वरित-वाणिज्यिक डिलिवरी के लिए परिचालन विस्तार पर करेगी। वेंचर कैटालिस्ट, विंडरोज कैपिटल और ट्रेमिस कैपिटल के समर्थन से प्राप्त किया गया।



### तस्कर ने छठी मंजिल से छलांग लगाई, मौत

**नागपुर।** सोने की तस्करी के आरोप में पकड़े गए एक आरोपी ने नागपुर के सीजीओ कांप्लेक्स में स्थित खुफिया राजस्व महानिदेशालय (डीआरआई) के कार्यालय की छठी मंजिल से छलांग लगा जान दे दी। पुलिस के एक अधिकारी ने सोमवार को यह जानकारी दी। अधिकारी ने बताया कि यह घटना रविवार की देर रात डीआरआई के कार्यालय में हुई ।



### बिधूड़ी ने इस्तीफे की पेशकश की

**नई दिल्ली।** लोकसभा के लिए निर्वाचित होने के बाद भाजपा के विधायक रामवीर सिंह बिधूड़ी ने पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा से अनुरोध किया है कि वह उन्हें दिल्ली विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष के पद से मुक्त कर दें। बिधूड़ी ने दक्षिण दिल्ली लोकसभा सीट पर जीत हासिल की। बयान में कहा कि लोकसभा के लिए निर्वाचित होने के बाद फैसला किया है।



### हरियाणा में नहीं लगेगा न्यूनतम मासिक शुल्क

**चंडीगढ।** हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि घरेलू बिजली उपभोक्ताओं के लिए न्यूनतम मासिक शुल्क को खत्म कर दिया गया है और अब बिजली का बिल सिर्फ खपत हुई यूनिट के आधार पर बनाया जाएगा। एक आधिकारिक बयान में मुख्यमंत्री के हवाले से कहा गया कि इस फैसले के बाद हरियाणा के लोगों को सिर्फ उस बिजली का ही बिल मिलेगा।



लोकसभा चुनाव में जीत के बाद पहली बार आ रहे हैं काशी

# वाराणसी में 50 हजार किसानों से सीधे संवाद करेंगे पीएम नरेंद्र मोदी

वाराणसी में पीएम मोदी आज किसानों को संबोधित करेंगे। उनकी जनसभा सेवापुरी में होगी। यहां पीएम मोदी नौवीं बार जनसभा करने जा रहे हैं। वहीं मेहंदीगंज गांव में पीएम दूसरी बार आएंगे।

एजेंसी ▶▶ वाराणसी

लोकसभा चुनाव के बाद पहली बार यूपी और बिहार के दौरे पर आज मंगलवार को आएंगे। इस दौरान पीएम मोदी काशी विश्वनाथ मंदिर में पूजा करेंगे और नालंदा यूनिवर्सिटी के नए कैंपस का उद्घाटन भी करेंगे। प्रधानमंत्री चुनाव जीतने के बाद पहली बार अपने संसदीय क्षेत्र पहुंच रहे हैं।वाराणसी में शाम सवा चार बजे पीएम किसान सम्मान सम्मेलन में हिंसा लेंगे।

जानकारी के अनुसार प्रधानमंत्री शाम सवा छह बजे काशी विश्वनाथ मंदिर में दर्शन और पूजा करेंगे। शाम सात बजे दशाश्वेमेध घाट पर गंगा आरती में भी पीएम मोदी हिस्सा लेंगे। प्रधानमंत्री मंगलवार को वाराणसी में रात्री विश्राम के बाद बुधवार को बिहार जाएंगे। बिहार में सुबह दस बजे नालंदा यूनिवर्सिटी कैंपस का उद्घाटन करेंगे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी वाराणसी दौरे पर 50 हजार किसानों से संवाद करेंगे। भाजपा के काशी क्षेत्र के प्रमुख दिलीप पटेल ने यह जानकारी दी। प्रधानमंत्री मेहंदीगंज क्षेत्र में किसान सम्मेलन स्थल पर 21 किसानों से व्यक्तिगत रूप से मिलेंगे और उनके कृषि उत्पादों को भी देखेंगे। किसानों से संवाद करने से पहले प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि की 17वीं किस्त जारी करेंगे।

### वाराणसी में विश्राम के बाद बुधवार को बिहार जाएंगे पीएम

### किसानों के खाते में सीधे ट्रांसफर करेंगे सम्मान निधि

सुरक्षा व्यवस्था की पुख्ता, भारी सुरक्षा बल किया गया तैनात



### किसानों को दिया निमंत्रण पत्र

प्रधानमंत्री पद की तीसरी बार शपथ लेने के बाद पहली बार 18 जून को काशी आ रहे सांसद नरेंद्र मोदी का भव्य स्वागत होगा। संवाद कार्यक्रम में किसानों को आमंत्रित करने के लिए सभास्थल के आसपास के गांवों के किसानों को निमंत्रण दिया गया। क्षेत्रीय अध्यक्ष दिलीप पटेल की अगुवाई में पार्टी के वरिष्ठ नेताओं ने हरसोस, मेहदीगंज, वीरभानपुर आदि गांवों में जुलूस निकालकर जनजागरण किया।

### 20 हजार करोड़ की किसान सम्मान निधि

जिलाध्यक्ष एमएलसी हंसराज विश्वकर्मा ने कहा कि पीएम मोदी ने तीसरी बार प्रधानमंत्री पद की शपथ लेने के बाद कार्यभार संभालते ही दो बड़े निर्णय लिए। पहला किसानों की 20 हजार करोड़ की किसान सम्मान निधि को स्वीकृति दी और दूसरा संकल्प पत्र में किए गए वादे के तहत पहली ही कैबिनेट की बैठक में प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत गरीबों के लिए तीन करोड़ नए आवास को मंजूरी दी। किसान सम्मान निधि के तहत स्वीकृत 20 हजार करोड़ की धनराशि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी मेहंदीगंज में आयोजित किसान सम्मेलन के दौरान किसानों के खाते में सीधे ट्रांसफर करेंगे।

### सेना के हेलिकॉप्टर ने टच एंड गो का रिहर्सल किया

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी मंगलवार को मेहंदीगंज में किसानों से संवाद करेंगे। इससे पहले बम निरोधक दस्ते और दिल्ली से आई जांच एजेंसियों के अधिकारियों ने प्रधानमंत्री के आगमन के लिए बनाए गए हेलिपैड के साथ ही मंच और पंडाल का बारीकी से निरीक्षण किया। इसके बाद सेना के हेलिकॉप्टर ने टच एंड गो का रिहर्सल किया। मेहंदीगंज स्थित कार्यक्रम स्थल रविवार की शाम से एसपीजी के अधिकारियों की निगरानी में है और चौतरफा पुलिस तैनात कर दी गई है।

अमित शाह से मिले कुलदीप बिश्नोई

# राज्यसभा उम्मीदवार बनने की चाहत, खाली हुई है सीट

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

हरियाणा भाजपा के नेता कुलदीप बिश्नोई ने सोमवार को नई दिल्ली में केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह से मुलाकात की। माना जा रहा है कि हरियाणा में दीपेंद्र हुड्डा के इस्तीफे के बाद खाली हुई राज्यसभा सीट पर उम्मीदवार बनने के लिए बिश्नोई दिल्ली में सक्रिय हो गये हैं। इसी के चलते उन्होंने अमित शाह से मुलाकात की है। शाह से मुलाकात के दौरान कुलदीप के साथ उनकी पत्नी रेणुका बिश्नोई भी थी। हालांकि कुलदीप बिश्नोई ने मुलाकात के बाद कहा कि उन्होंने केंद्रीय गृहमंत्री से प्रदेश के आगामी विधानसभा चुनाव तथा अन्य महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा की।

गौरतलब है कि कुलदीप बिश्नोई हाल ही में हुए लोकसभा चुनाव के दौरान हरियाणा की हिसार सीट से टिकट के दावेदार थे लेकिन भाजपा हाईकमान ने यहां से हरियाणा सरकार में मंत्री रणजीत सिंह को उम्मीदवार बना दिया था। रणजीत लोकसभा चुनाव हार गए थे।



### कई अहम बिंदुओं पर चर्चा

सूत्रों का कहना है कि कुलदीप बिश्नोई अब राज्यसभा की खाली हुई सीट से संसद पहुंचने के इच्छुक हैं। दीपेंद्र हुड्डा के लोकसभा की रोहतक सीट से चुनाव जीतने के बाद खाली हुई राज्यसभा सीट पर यूं तो भाजपा के कई नेताओं की नजर है पर कुलदीप लॉबिंग में जुट गए हैं। हालांकि इस राज्यसभा सीट पर वोटों का समीकरण एकतरफा नहीं होने के चलते तय नहीं कि सत्तारूढ़ भाजपा बाजी मारेगी या विपक्ष यह सीट जीतेगा। अमित शाह से मुलाकात के बाद सोशल प्लेटफार्म एक्स पर एक पोस्ट में कुलदीप ने लिखा कि ऐतिहासिक फैसलों से जिसने देश को दी नई धार, ऐसा है जुबान के धनी अमित शाह का किरदार। आधुनिक भारत की राजनीति के चाणक्य गृह मंत्री अमित शाह से आज आगामी हरियाणा विधानसभा चुनाव सहित कई अहम विषयों पर विस्तृत सकारात्मक चर्चा हुई। चुनावी राजनीति के आकलन में अमित शाह का आकलन बेजोड़ है। आपका स्नेह हमेशा यूं ही बना रहे।

### जता चुके हैं नाराजगी

इसके कुछ दिन तक कुलदीप बिश्नोई ने अपनी नाराजगी जाहिर करते हुए चुनाव प्रचार से किनारा कर लिया था, हालांकि बाद में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी और पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल के मनाने पर उन्होंने रणजीत के पक्ष में प्रचार किया था।

कांग्रेस सांसद दीपेंद्र हुड्डा ने कहा

# अग्निपथ योजना को पूरी तरह खत्म करके दोबारा पक्की भर्ती शुरु करे केंद्र सरकार

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली



सांसद दीपेंद्र हुड्डा ने सोमवार को दिल्ली में अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी मुख्यालय पर प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए सरकार से अग्निपथ योजना पूरी तरह वापस लेकर सेना में रेगुलर भर्ती शुरू करने की मांग की।

उन्होंने सवाल किया कि सरकार बताए कि अग्निपथ योजना जैसा घातक सुझाव किसने कहने पर लागू किया गया। क्योंकि न तो देश की फौज की तरफ से ये मांग आई, न देश के नौजवान ने इसकी मांग की और न ही किसी राजनीतिक दल ने ऐसी मांग की। उन्होंने कहा कि देश की फौज और देश की सुरक्षा कभी राजनीति का विषय नहीं हो सकता। ये देश जय जवान, जय किसान, जय संविधान का है भाजपा सरकार इसे जय धनवान का देश बनाना चाहती है, हम ऐसा नहीं होने देंगे। आगामी संसद सत्र में संपूर्ण विपक्ष मजबूती से लड़ाई लड़ेगा और अग्निपथ योजना को खत्म कराकर ही दम लेगा।

कांग्रेस पार्टी स्पष्ट करना चाहती है कि अग्निपथ योजना न देश हित में है, न देश की फौज के हित में है न देश के नौजवान के हित में है और न ही देश की सुरक्षा के हित में है। अग्निपथ योजना के किसी भी नये प्रारूप को देश स्वीकार नहीं करेगा। देश चाहता है कि ये योजना पूरी तरह से खत्म हो।

सांसद दीपेंद्र हुड्डा ने कहा कि पिछले 3-4 दिनों से तमाम खबरें बता रही है कि फौज के आंतरिक सर्वे में सामने आया है कि फौज को कई सारी खामियों का सामना करना पड़ रहा है। इसलिए अब अग्निपथ योजना के आधे-अधूरे रोल बैक पर भी मंथन हो रहा है। इसमें अग्निवीर का कार्यकाल 4 साल से बढ़ाकर 7 साल करना, 25 प्रतिशत की बजाए 60 से 70 प्रतिशत को फौज में लेना। आंतरिक सर्वे रिपोर्ट से पता चला है कि अग्निवीरों की ट्रेनिंग भी पर्याप्त नहीं है।

लोकसभा चुनाव में पांच सीटों पर मिली हार की हुई समीक्षा

# नड्डा-शाह ने हरियाणा को लेकर भाजपा मुख्यालय में की बैठक, हुआ गहन मंथन

**सीएम सैनी, मनोहर, धर्मेंद्र प्रधान, सुधा यादव, कृष्णपाल गुर्जर, अभिमन्यु सहित कई नेता रहे मौजूद**

**आगामी विधानसभा चुनाव में पार्टी की जीत की संभावनाओं को खंगाला**

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

भाजपा हाईकमान ने सोमवार को हरियाणा को लेकर बड़ी बैठक की। पार्टी के नई दिल्ली स्थित मुख्यालय में शाम को हुई इस बैठक में लोकसभा चुनाव में पांच सीटों पर मिली हार की समीक्षा के साथ ही प्रदेश में जल्द ही होने वाले विधानसभा चुनाव को लेकर भी गहन मंथन हुआ। भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा और केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह की मौजूदगी में हुई इस बैठक में हरियाणा के सीएम एवं प्रदेश भाजपा अध्यक्ष नायब सैनी, केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल, विधानसभा चुनाव प्रभारी धर्मेंद्र प्रधान, लोकसभा चुनाव प्रभारी सतीश पुनिया, प्रदेश भाजपा प्रभारी बिप्लब कुमार देब, कृष्णपाल गुर्जर, हरियाणा सरकार के पूर्व वित्तमंत्री कैप्टन अभिमन्यु, प्रदेश भाजपा के संगठन महामंत्री फणींद्र नाथ शर्मा सहित कई वरिष्ठ नेता मौजूद थे। सूत्रों के अनुसार हाल ही में हुए लोकसभा चुनाव को लेकर पार्टी के प्रदर्शन की समीक्षा बैठक में की गई। प्रदेश भाजपा के नेताओं से नड्डा और शाह ने पूछा कि पार्टी राज्य में 2019 के प्रदर्शन को दोहरा पाने में असफल क्यों रही। राज्य में पांच लोकसभा सीटों पर कांग्रेस की जीत के कारणों की भी पड़ताल बैठक में की गई।

### योजनाओं पर भी फीडबैक लिया

लोकसभा चुनाव में कांग्रेस को 46 विधानसभा सीटों पर जीत हासिल हुई है। बैठक में सीएम सैनी से राज्य की योजनाओं के कार्यान्वयन को लेकर भी जवाब तलब किया गया। साथ ही योजनाओं पर भी फीडबैक लिया गया। इस बात पर भी राय जानी गई कि चुनाव से पहले राज्य सरकार कौन से फैसले ले जिससे लोगों में अच्छा संदेश जाए।

**जल्द हो सकती है नियुक्तिः** अक्टूबर में होने वाले विधानसभा चुनाव के मद्देनजर भाजपा जल्द ही प्रदेश अध्यक्ष की नियुक्ति कर सकती है। अभी सीएम सैनी ही प्रदेश अध्यक्ष हैं। बताया जा रहा है कि पार्टी के भीतर मंथन हो रहा है कि प्रदेश अध्यक्ष किसी जाट या किसी गैर जाट नेता को बनाया जाए।

आईएमडी ने सोमवार को जारी किया साप्ताहिक पूर्वानुमान

जारी की 'लू' की लाल चेतावनी

# दिल्ली, हरियाणा जैसे उत्तर भारतीय राज्यों को फिलहाल नहीं मिलेगी प्रचंड गर्मी से राहत

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

भारतीय मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने सोमवार को अपना साप्ताहिक पूर्वानुमान जारी करते हुए कहा कि राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली, हरियाणा, पंजाब, उत्तर प्रदेश, बिहार और झारखंड जैसे उत्तर भारतीय राज्यों में लाल चेतावनी के साथ 'लू' (हीटवेव) का भीषण प्रकोप आगे भी लगातार बना रहेगा। मध्य प्रदेश के कुछ भागों के लिए नारंगी चेतावनी के साथ आईएमडी ने धूल भरी आंधी के साथ बौछारों का अलर्ट जारी किया है। इसके अलावा पूर्वी और उत्तर पूर्वी राज्यों में मौसम विभाग ने इस समय अवधि के दौरान अत्यधिक बारिश होने की संभावना जताई है। यहां बता दें कि पूर्व में आईएमडी ने 19 जून तक उत्तर भारतीय राज्यों में 'लू' चलने का पूर्वानुमान लगाया था। आईएमडी के मुताबिक, पूर्वोत्तर भारत में असम के गोवाहाटी में आगामी सात दिनों में भारी बारिश होने की संभावना है। भारी बारिश की वजह से क्षेत्र में भूस्खलन और बाढ़ का खतरा बना हुआ है। सिक्किम में भी बाढ़ और पहाड़ों पर हो रहा कटाव आम लोगों के लिए चिंता का कारण बना हुआ है।

उत्तर पूर्व राज्यों में अत्यधिक बारिश की संभावना

भारी बारिश की वजह से भूस्खलन और बाढ़ का खतरा



### अगले 3 से 5 दिनों में बारिश

भारतीय मौसम विज्ञान विभाग की वैज्ञानिक सोमा सेन ने बताया कि बिहार, झारखंड और दिल्ली से लगे अन्य राज्यों में आगामी कुछ समय तक 'लू' चलती रहेगी। जबकि बिहार और झारखंड में प्रचंड 'लू' चलने का पूर्वानुमान लगाया गया है। विभाग ने अगले तीन से पांच दिनों तक का बारिश का अलर्ट पूर्वोत्तर के मेघालय, असम और मणिपुर के लिए जारी किया है। उन्होंने बताया कि तीन से पांच दिनों में उत्तर पूर्व के मेघालय, असम, अरुणाचल प्रदेश, नागालैंड और मणिपुर जैसे राज्यों में भारी बारिश हो सकती है।

दिल्ली एयरपोर्ट पर बत्ती गुल!

# यात्री परेशान, मची अफरा तफरी, फ्लाइट्स में देरी

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

दिल्ली में बिजली कटौती की मार दिल्ली के अंतरराष्ट्रीय इंदिरा गांधी एयरपोर्ट पर पड़ी है। एयरपोर्ट पर काफी देर तक बिजली गुल होने की वजह से अफरातफरी मच गई।

यात्रियों के साथ स्टाफ भी परेशान हो गए। चेक इन से लेकर बोर्डिंग तक सभी काम ठप पड़ गए. कटौती का असर उड़ानों पर भी पड़ा. कई उड़ानें लेट हो गईं। दिल्ली एयरपोर्ट पर बिजली की सप्लाई दोपहर करीब 2.30 बजे बंद हुई थी। इस दौरान सभी स्कैनर मशीनें बंद हो गईं, सभी सिस्टम बंद हो गए।



### सुरक्षा पर भी असर

एयरपोर्ट पर पावर सप्लाई के ठप हो जाने की वजह से कई डोमेस्टिक और इंटरनेशनल फ्लाइट्स पर असर पड़ा है। इस दौरान यात्री न तो सिक्योरिटी चेकिंग पूरी कर पा रहे थे, न तो चेक इन कर पा रहे थे। जितनी देर तक बिजली ठप रही उतनी देर तक फ्लाइट्स की उड़ानें भी प्रभावित हुए हैं।

## खबर संक्षेप

### चीन ने ऋण दर में नहीं किया बदलाव

**बैंकॉक।** चीन के केंद्रीय बैंक ने सोमवार को प्रमुख ऋण दर में कोई बदलाव नहीं किया। दुनिया की दूसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था के मई के आंकड़ों के मुताबिक विनिर्माण और रियल एस्टेट क्षेत्रों में लगातार कमजोरी के संकेत मिल रहे हैं। इसके बावजूद कर्ज को सस्ता नहीं किया गया है।

### आरबीआई ने किया पूर्वांचल सहकारी बैंक का लाइसेंस रद्द

**मुंबई।** भारतीय रिजर्व बैंक ने उत्तर प्रदेश के गाजीपुर स्थित पूर्वांचल सहकारी बैंक का लाइसेंस रद्द कर दिया है। केंद्रीय बैंक ने कहा कि पूर्वांचल सहकारी बैंक के पास पर्याप्त पूंजी और कमाई की संभावनाएं नहीं हैं। सहकारी समितियों के पंजीयक को बैंक को बंद करने और एक परिसमापक नियुक्त करने का आदेश जारी करने को कहा गया है।

### डुलैंक्स टॉप आईपीओ से जुटाएगी 41 करोड़ रुपए

**नई दिल्ली।** डुलैंक्स टॉप सरफेस ने अपने आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) के जरिए करीब 40.80 करोड़ रुपये जुटाने की योजना बनाई है। सोमवार को एक बयान में यह जानकारी दी गई। सॉलिड सरफेस के कारोबार से जुड़ी कंपनी को नेशनल स्टॉक एक्सचेंज के एनएसई इमर्ज प्लेटफॉर्म पर अपना आईपीओ लाने की मंजूरी मिल गई है।

### सुजलॉन के तांती बने जीडब्ल्यूईसी के प्रमुख

**नई दिल्ली।** सुजलॉन के वाइस चेयरमैन गिरीश तांती को ग्लोबल विंड एनर्जी काउंसिल इंडिया का प्रमुख चुना गया है। निकाय ने एक बयान में कहा कि उन्हें अप्रैल में जीडब्ल्यूईसी का उप-प्रमुख चुना गया था। बयान के मुताबिक, यह पद राष्ट्रीय और राज्य सरकारों के साथ जीडब्ल्यूईसी इंडिया के काम को आगे बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है।

# हुंडई की भविष्य में चार इलेक्ट्रिक मॉडल उतारने की योजना

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

- कंपनी ने आईपीओ के लिए दस्तावेज सेबी के पास जमा किए

वाहन विनिर्माता हुंडई मोटर इंडिया लिमिटेड ने आने वाले समय में चार इलेक्ट्रिक वाहन (ईवी) मॉडल उतारने की योजना बनाई है जिनमें लोकप्रिय एसयूवी क्रेटा का बिजलीचालित संस्करण भी शामिल होगा।

हुंडई मोटर इंडिया ने अपने आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) की मंजूरी के लिए भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) के समक्ष दायर दस्तावेजों के मसौदे में यह जानकारी दी है। इसके मुताबिक, चालू वित्त वर्ष की चौथी तिमाही में ही कंपनी क्रेटा का ईवी संस्करण लेकर आ सकती है।

## क्रेटा का बिजलीचालित संस्करण मार्च तिमाही में

### जनवरी-मार्च तिमाही 2025 में क्रेटा की ईवी मॉडल

कंपनी ने कहा, 'हमने महंगी प्रीमियम ईवी के साथ बदलाव की रणनीति पर चलना शुरू किया है और आने वाले समय में व्यापक बाजार के लिए मॉडल उतारे जाएंगे। इस रणनीति के तहत भविष्य में हमारा चार ईवी मॉडल लेकर आने का इरादा है जिनमें जनवरी-मार्च 2025 तिमाही में क्रेटा का ईवी मॉडल भी शामिल है।'



### सबसे बड़ा आईपीओ साबित होगा

हुंडई मोटर इंडिया लिमिटेड ने पिछले सप्ताह आईपीओ की मंजूरी के लिए सेबी के समक्ष शुरुआती दस्तावेज जमा किए हैं। अगर इस प्रस्ताव को मंजूरी मिल जाती है तो यह भारत में एलआईसी से भी बड़ा आईपीओ साबित होगा। एलआईसी वर्ष 2022 में 21,000 करोड़ रुपये का आईपीओ लेकर आई थी।

### हुंडई फिलहाल दो ईवी मॉडल बेच रही

फिलहाल कंपनी भारत में आयोनिक5 और कोना इलेक्ट्रिक के रूप में दो ईवी मॉडल बेच रही है। इनकी कीमत क्रमशः 45 लाख और 24 लाख रुपये है। हुंडई मोटर ने कहा है कि वह भारत में बाजार मांग के अनुरूप ईवी मॉडल को उतारने की रणनीति पर चल रही है ताकि प्रत्येक मूल्य वर्ग में उसके बिजलीचालित मॉडल मौजूद हों।

### कलपुर्जों का उत्पादन स्थानीय स्तर पर

दस्तावेजों के मसौदे के मुताबिक, ईवी मॉडल को पेट्रोल एवं डीजल की तुलना में प्रतिस्पर्द्धी बनाने के लिए ईवी के अधिकतम कलपुर्जों का उत्पादन स्थानीय स्तर पर करने की योजना है। इनमें बैटरी और इंजन के अलावा इलेक्ट्रॉनिक्स उपकरण भी शामिल होंगे। इसके अलावा ईवी की आपूर्ति श्रृंखला को स्थानीय स्तर पर तैयार करने की भी योजना है।

### उछाल को कम करने जीटीआरआई ने शुल्क संशोधन की जरूरत बताया

# यूएई से 2023-24 में सोना और चांदी का आयात 210 प्रतिशत बढ़ा

- भारत द्वारा यूएई को दी गई रियायतों से यह मुमकीन हुआ
- भारत 160 मीट्रिक टन सोने पर एक प्रतिशत रियायत देता है

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारत का अपने मुक्त व्यापार समझौता (एफटीए) साझेदार संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) से सोने और चांदी का आयात 2023-24 में 210 प्रतिशत बढ़कर 10.7 अरब डॉलर हो गया है। इस उछाल को कम करने के लिए समझौते के तहत रियायती सीमा शुल्क दरों में संभावित रूप से संशोधन करने की आवश्यकता है।

आर्थिक शोध संस्थान ग्लोबल ट्रेड रिसर्च इनिशिएटिव (जीटीआरआई) के अनुसार, सोने और चांदी के आयात में यह तीव्र वृद्धि मुख्य रूप से भारत-संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) व्यापक आर्थिक भागीदारी समझौते (सीईपीए) के तहत भारत द्वारा यूएई को दी गई आयात शुल्क रियायतों से मुमकीन हो पाई है।

### रियायत मई 2022 से लागू की गई

जीटीआरआई की रिपोर्ट के अनुसार, भारत असीमित मात्रा में चांदी के आयात पर सात प्रतिशत शुल्क या सीमा शुल्क रियायतें और 160 मीट्रिक टन सोने पर एक प्रतिशत रियायत देता है। सीईपीए पर फरवरी 2022 में हस्ताक्षर किए गए और मई 2022 में इसे लागू किया गया।

### पहले केवल अधिकृत एजेंसियां ही आयात संभालती थी

*इसके अतिरिक्त भारत गिफ्ट सिटी में इंडिया इंटरनेशनल बुलियन एक्सचेंज (आईआईबीएक्स) के जरिए निजी कंपनियों को यूएई से आयात करने की अनुमति देकर सोने और चांदी के आयात की सुविधा देता है। पहले केवल अधिकृत एजेंसियां ही ऐसे आयातों को संभाल सकती थीं।*

### शुल्क को घटाकर पांच फीसदी किया जाए

श्रीवास्तव ने कहा, 'भारत में सोने, चांदी और आभूषणों पर 15 प्रतिशत का उच्च आयात शुल्क समस्या की जड़ है। शुल्क को घटाकर पांच प्रतिशत करने पर विचार करें। इससे बड़े पैमाने पर तस्करी और अन्य दुरुपयोग में कमी आएगी।'



### केवल कुछ आयातकों ही लाभ

श्रीवास्तव ने कहा कि सोने, चांदी के कम शुल्क आयात से केवल कुछ आयातकों को ही लाभ होता है, जो 'टैरिफ आर्बिट्रेज' के जरिए होने वाले सभी मुनाफे को अपने पास रख लेते हैं और इसे कभी भी उपभोक्ताओं तक नहीं पहुंचाते।

### व्यापार का दुरुपयोग होने की संभावना

*श्रीवास्तव ने कहा कि भारत में सोने, चांदी और हीरे के व्यापार का दुरुपयोग होने की संभावना है, क्योंकि इनकी मात्रा कम है, लेकिन कीमत अधिक है और आयात शुल्क भी अधिक है।*

### यूएई से मौजूदा आयात टिकाऊ नहीं

शेष सभी उत्पादों का आयात वित्त वर्ष 2022-23 में 49.7 अरब अमरीकी डॉलर से 25 प्रतिशत घटकर वित्त वर्ष 2023-24 में 37.3 अरब अमरीकी डॉलर हो गया। जीटीआरआई के संस्थापक अजय श्रीवास्तव ने कहा कि यूएई से सोने और चांदी का मौजूदा आयात टिकाऊ नहीं है, क्योंकि यूएई सोने या चांदी का खनन नहीं करता है या आयात में पर्याप्त मूल्य नहीं जोड़ता है।

### भारत का यूएई से कुल आयात घटा

रिपोर्ट में कहा गया, भारत का यूएई से कुल आयात वित्त वर्ष 2022-23 में 53.2 अरब अमरीकी डॉलर से 9.8 प्रतिशत घटकर वित्त वर्ष 2023-24 में 48 अरब अमरीकी डॉलर हो गया, जबकि सोने तथा चांदी का आयात 210 प्रतिशत बढ़कर 3.5 अरब अमरीकी डॉलर से 10.7 अरब अमरीकी डॉलर हो गया।



नियुक्त सदस्यों ने संभाला पदभार

चेयरमैन डॉ. विनोद ने दी जानकारी

# ईएचएमसीएच की प्रदेश कार्यकारिणी घोषित

**चंडीगढ़।** ईलेक्ट्रो होमियोपैथी मेडिकल काउंसिल ऑफ हरियाणा (ईएचएमसीएच) की सोमवार को एक अहम बैठक हुई। इस बैठक में कई महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा की गई। बैठक में प्रदेश कार्यकरिणी में वाइस चेयरमैन डॉ विनोद तोबरिया और कार्यकारी अध्यक्ष डॉ. पी के अरोड़ा को वापस कार्यकरिणी में शामिल किया गया। इनके अलावा डॉ. स्वेता रोहिला को वाइस चेयरमैन का कार्यभार दिया गया। प्रदेश के सभी डॉक्टर को उनके पद दिए गए। यह जानकार ईएचएमसीएच के चेयरमैन डॉ विनोद खनगवाल ने दी।

### कार्यकारिणी में ये शामिल

डॉ महिपाल सिंह, अध्यक्ष एएएमसी इंडिया, डॉ. शिवानी वाइस चेयरमैन, डॉ. उषा खनगवाल रजिस्ट्रार, डॉ.विपिन कैशियर, डॉ. वंदना रानी जिला अध्यक्ष, गुड़गांव, डॉ. प्रीति रोहिल्ला जिला अध्यक्ष, सोनीपत, डॉ ख़ुशी, डॉ. जीतेन्द्र रोहिल्ला। अध्यक्ष डॉ. विनोद खांगवाल, उपाध्यक्ष डॉ. एन.एस. तेवतिया, उपाध्यक्ष डॉ. विनोद तोबरिया, उपाध्यक्ष डॉ. श्वेता रोहिल्ला, सचिव डॉ. ज्ञानचंद सैनी, संयुक्त सचिव डॉ. महेंदर तंवर, कार्यकारी अध्यक्ष डॉ. पीके अरोड़ा, कार्यकारी अध्यक्ष डॉ. सतीश मलिक, डॉ. लाल चंद गुप्ता, सलाहकार डी. देवेन्द्र कुमार, रजिस्ट्रार डॉ. वेदपाल सिंह, जिला झज्जर अध्यक्ष डॉ. शिवराज, सचिव डॉ. रोहित कटारिया, जिला अध्यक्ष सिरसा डॉ. रुस्तम, सचिव डॉ. जयराम, जिला उपाध्यक्ष अम्बाला डॉ. वीरेंद्र राणा, सचिव डॉ. सोहन लाल, जिला अध्यक्ष कुरुक्षेत्र डॉ. सतबीर सिंह, सचिव डॉ. रामलाल, जिला अध्यक्ष पानीपत डॉ. पवन, सचिव डॉ. सागर, जिला अध्यक्ष रेवाड़ी डॉ. हरि पार्क, सचिव डॉ. अमित, अध्यक्ष महेंद्रगढ़ डॉ. बरहम देव, सचिव डॉ. श्यामबीर, अध्यक्ष पलवल. डॉ. राजपाल, सचिव डॉ. विजय, अध्यक्ष मेवात डॉ. मुबारिक सचिव मेवात डॉ. सद्दाम हुसैन, अध्यक्ष हिसार डॉ. राजेश, अध्यक्ष यमुनानगर डॉ. विकास त्यागी, सचिव डॉ. जफर अहमद और लीगल सलाहकार डॉ. संदीप सैनी।


### सूचना

सभी पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार-पत्र में प्रकाशित विज्ञापनों (डिस्पले/क्लासीफाईड) में दिए गए तथ्यों/दावों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें और विज्ञापन के दावों की विश्वसनीयता को परखें। हरिभूमि समूह के मुद्रक, प्रकाशक या सम्पादक की विज्ञापनों के तथ्यों से सम्बन्धित कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।


# भारत को रक्षा निर्यात करने के लिए एफडीआई की जरूरत





भाषा ▶▶ नई दिल्ली

रक्षा क्षेत्र में प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) को सुव्यवस्थित करने के साथ शोध एवं विकास (आरएंडडी) और विनिर्माण क्षमताओं को बढ़ाकर देश चालू वित्त वर्ष के अंत तक पांच अरब डॉलर का निर्यात लक्ष्य हासिल कर सकता है। एशिया की प्रमुख आंतरिक सुरक्षा एवं रक्षा प्रदर्शनी 'अंतरराष्ट्रीय पुलिस एक्सपो' के आयोजक 'नेक्सजेन एक्जीबिशन' ने एक व्यापक सर्वेक्षण के ये निष्कर्ष जारी किए हैं। इसका मकसद रक्षा क्षेत्र में एफडीआई से जुड़ी बाधाओं को दूर करना और रक्षा शोध एवं विकास और विनिर्माण क्षमताओं को मजबूत करना है। एक बयान के मुताबिक, इस पहल का उद्देश्य भारत को वित्त वर्ष 2024-25 तक पांच अरब डॉलर रक्षा निर्यात के महत्वाकांक्षी लक्ष्य की तरफ प्रेरित करना है। भारत के 15 शहरों में किए गए इस सर्वेक्षण में 130 से अधिक राष्ट्रीय तथा अंतरराष्ट्रीय हथियार, गोला-बारूद व सुरक्षा उपकरण निर्माताओं, निर्यातकों और स्टार्टअप कंपनियों ने हिस्सा लिया।




- 'नेक्सजेन एक्जीबिशन' ने एक व्यापक सर्वेक्षण के ये निष्कर्ष जारी किए
- देश चालू वित्त वर्ष के अंत तक पांच अरब डॉलर का निर्यात कर पाएगा

# एकजुटता की मिसाल पेश की रुइया परिवार ने

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारतीय कारोबारी घरानों में हाल के वर्षों में नियंत्रण को लेकर संस्थापकों के बीच सार्वजनिक रूप से झगड़े देखने को मिले हैं। ऐसे में धातु से लेकर बंदरगाह क्षेत्र में कारोबार करने वाला रुइया परिवार के नियंत्रण वाला एस्सार समूह एक अपवाद प्रतीत होता है। रुइया परिवार की तीन पीढ़ियां संस्थापक भाई शशि व रवि रुइया, उनके बच्चे और पोते-पोतियां एक ही छत के नीचे रहते हैं और संयुक्त रूप से व्यापारिक साम्राज्य चलाते हैं। वे मुंबई, दिल्ली और लंदन में अपने पारिवारिक घरों के साथ-साथ ऊर्जा, धातु और खनन, बुनियादी ढांचे तथा लॉजिस्टिक्स व प्रौद्योगिकी और खुदरा क्षेत्र में भी अपना कारोबार साझा करते हैं। पहली पीढ़ी के उद्यमी शशि और रवि रुइया ने 1969 में एस्सार समूह की स्थापना की थी, जब उन्हें मद्रास पोर्ट ट्रस्ट से बंदरगाह में बाहरी ब्रेकवाटर के निर्माण के लिए 2.5 करोड़ रुपये का ठेका मिला था। एस्सार ने शुरुआती वर्षों में निर्माण और इंजीनियरिंग क्षेत्र पर ध्यान केंद्रित किया। कर्ज चुकाने तेल रिफाइनरी आर्सेलर मित्तल को बेची इसने इस्पात संयंत्र, एक तेल रिफाइनरी और हचिसन के साथ भारत का दूसरा सबसे बड़ा दूरसंचार ऑपरेटर बनाया। इसने दूरसंचार कारोबार से बाहर निकलकर, रूस की रोसनेफ्ट के नेतृत्व वाले एक संघ को तेल रिफाइनरी बेच दी। बकाया कर्ज की वसूली के लिए दिवाला कार्यवाही शुरू होने के बाद इसे अपने इस्पात संयंत्र आर्सेलरमित्तल को देने पड़े।




**PUBLIC NOTICE**

IN THE TRIBUNAL OF MOTOR ACCIDENT CLAIM (Auxi.7). Distt.:Banaskantha at Palanpur, Gujarat.

**Petitioner Advocate:- D D SWAMI**

**NEXT DATE: 16.07.2024**

**Petitioner:** MACP NO.20/2016

1) Andiben WD/o Bhanabhai Adabhai Rathod & Others - Address:- Dhundhiyavadi, Near Sarsavati School, Palanpur.

**Respondent:**

2) RAGHBIR SINGH MEHAR SINGH Address - 90, Transport Centre, Punjabi Bagh, Distt - West Delhi, Delhi, Pin-110026

You opponent No.1 are hereby informed by this public notice that the aforesaid petitioners has filed the above said petition agains you and other opponents in this Tribunal to obtain Rs.32,54,000/- (Thirty Two Lacs Fifty Four Thousands Rupees only) as Compensation under Sec -166 of Motor Vehicle act, 1988.

You are therefore, informed by this notice that in spite of notices issued against you Opponent No.1 it is not served upon you. Therefore you are hereby directed to remain present before this Tribunal in person on the 3rd day of April 2024 at 10-30 A.M. to give reply of the said petition filing which the said petition shall be heard and decided in your absence.

Drawn by: (J.K.PATEL) Assistant

By order, (G.T.THAKKAR) BENCH CLERCK GRADE-1. M.A.C.T.(Auxi.7). Palanpur.

Checked by: (V.K. CHAUDHARY) Assistant


# प्रतियोगिता दर्पण का सिविल सेवा स्पेशल अंकअब बाजार में उपलब्ध

आगरा। प्रतियोगिता दर्पण का अत्यन्त महत्वपूर्ण जून 2024 अंक सिविल सेवा स्पेशल के रूप में आज बिक्री के लिये जारी किया गया। इस अवसर पर समूह के सम्पादक एवं प्रकाशक राहुल जैन ने बताया कि परीक्षोपयोगी सामग्री से परिपूर्ण इस अंक में "सिविल सेवा तथा पीसीएस (प्रा.)" जैसे महत्वपूर्ण विषयों को भी प्रकाशित किया गया है जिसका अध्ययन सफलता प्राप्त करने में सहायक सिद्ध होगा। श्री जैन ने बताया कि इस अंक में सामयिक एवं महत्वपूर्ण विषयों पर उत्कृष्ट लेख के साथ-साथ अत्यन्त महत्वपूर्ण हल प्रश्न-पत्र जैसे झारखण्ड सिविल सेवा प्रा., 69वीं बीपीएससी (मुख्य) आदि के साथ उत्तर प्रदेश पी.सी.एस. प्रा., बीपीएससी प्रधानाध्यापक परीक्षाओं के लिए विशेष मॉडल हल दिये गये हैं जिनके अध्ययन से परीक्षार्थियों को सफलता प्राप्त करने में सहायता मिलेगी साथ ही युवा प्रतिभाओं के अन्तर्गत विभिन्न परीक्षाओं के टॉपर्स से भेंटवार्ता द्वारा प्रतियोगियों को साक्षात्कार एवं परीक्षाओं की तैयारी के सम्बन्ध में उपयोगी मार्गदर्शन प्राप्त होगा। अन्त में श्री जैन ने बताया कि सर्वश्रेष्ठ अध्ययन सामग्री से परिपूर्ण यह अंक परीक्षार्थियों में न केबल आत्मविश्वास जागृत करेगा अपितु परीक्षाओं में सफलता प्रदान कर कामयाबी के उच्च शिखर पर भी पहुँचाएगा।

## पहचान की अपील



आम जनता को सूचित किया जाता है कि एक व्यक्ति जिसका **नामः** महेन्द्र, **पुत्रः** राजेन्द्र, **पताः** नासिक पंचवटी, बांद्रा, मुंबई, **उम्रः** 34 साल, **कदः** 5'8", **लिंगः** पुरुष, **रंगः** काला, **पहनावाः** काले एवं नीले रंग की चेक शर्ट तथा स्लेटी रंग की पैंट पहने है, **बरामदी स्थलः** जिसे एमएलसी नंबर 522635/24 द्वारा सफदरजंग अस्पताल, नई दिल्ली में भर्ती कराया गया और जिसकी 29.05.2024 को इलाज के दौरान मृत्यु हो गई। मृतक का शव पहचान के लिए सफदरजंग अस्पताल के शवगृह में सुरक्षित रखा गया है।

इस सम्बंध में **DD No. 37A, दिनांक 29.05.2024, पुलिस स्टेशनः सफदरजंग एन्क्लेव, नई दिल्ली** में दर्ज है। यदि इसके बारे में कोई सुराग या जानकारी मिले तो तुरंत इसकी सूचना निम्नलिखित पते पर दें।

**थानाध्यक्ष**
**पुलिस स्टेशनः सफदरजंग एन्क्लेव, नई दिल्ली**
**फोनः 9990201666**

**DP/7499/SW/2024**

## राशिफल

**मेष** — मन प्रसन्न रहेगा। परिवार में सुख-शान्ति रहेगी। घर-परिवार में धार्मिक कार्य होंगे। भवन के रख-रखाव एवं साज-सज्जा के कार्यों पर खर्च बढ़ेंगे।

**वृष** — आत्मविश्वास में कमी रहेगी। परिवार के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। शैक्षिक कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे। लेखनादि-बौद्धिक कार्यों से आय हो सकती है।

**मिथुन** — मन प्रसन्न तो रहेगा, परन्तु फिर भी आत्मसंयत रहें। रहन-सहन भी अव्यवस्थित रहेगा। मित्रों का सहयोग मिलेगा। स्वाथ्य का ध्यान रखें।

**कर्क** — पिता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। भाग-दौड़ बढ़ेगी। कारोबार के लिए विदेश यात्रा के योग बन रहे हैं। भाइयों का सहयोग रहेगा। यात्रा के योग बन रहे हैं।

**सिंह** — व्यर्थ के क्रोध से बचें। बातचीत में सन्तुलित रहें। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। शैक्षिक कार्यों पर ध्यान दें। व्यवधान आ सकते हैं। आय में कमी आ सकती है।

**कन्या** — अपनी भावनाओं को वश में रखें। नौकरी के लिए साक्षात्कारादि कार्यों में सफलता मिलेगी। शासन-सत्ता का सहयोग मिलेगा। मित्रों का सहयोग मिलेगा।

**तुला** — पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। शैक्षिक एवं शोधादि कार्यों के लिए किसी दूसरे स्थान पर जा सकते हैं। परिश्रम अधिक रहेगा। खर्चों में वृद्धि होगी।

**वृश्चिक** — व्यर्थ के क्रोध से बचें। बातचीत में सन्तुलन बनाये रखें। किसी पुराने मित्र से भेंट हो सकती है। घर-परिवार में धार्मिक कार्य हो सकते हैं।


**धनु** — मन में उतार-चढ़ाव रहेंगे। संयत रहें। व्यर्थ के वाद-विवाद से बचें। शैक्षिक कार्यों के सुखद-परिणाम मिलेंगे। पिता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें।

**मकर** — आत्मसंयत रहें। माता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। लेखनादि-बौद्धिक कार्यों में व्यस्तता बढ़ेगी और आय के साधन भी बनेंगे। खर्च भी बढ़ेंगे। रुचि बढ़ेगी।

**कुंभ** — मन शान्त तो रहेगा। फिर भी धैयशीलता बनाये रखने का प्रयास करें। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। धार्मिक संगीत के प्रति रुझान बढ़ सकता है।

**मीन** — मन अशान्त तो हो सकता है। वाणी में मधुरता भी रहेगी। परिवार में शान्ति बनाये रखने के प्रयास करें। आय में कमी एवं खर्च अधिक की स्थिति हो सकती है।

## शब्द पहेली - 5545



**बाएँ से दाए**


1. मूर्ख, बेवकूफ (उर्दू-4)
5. संपत्ति-4
9. कटि, पीठ -3
10. प्रणाम, नमस्कार-3
12. अधीन-2
14. पितामह-2
15. कार्य-2
16. पराजय-2
17. अच्छे कुल का-3
19. तरंग, हिलोर-3
21. एक प्रकार की दाल-3
22. ओस, रजनी जल (उर्दू-4)
24. गगन, आकाश-4
25. स्वच्छ करना-5
26. आश्चर्यजनक-4
29. जो लायक न हो-4
33. उल्टी, कै-3
34. रनिवास, जनवासा-3
36. पंक्ति, लाइन-3
37. सुर, लय, आलाप-2
38. दंड, शिक्षा-2
39. पराजय-2
41. झुका हुआ -2
42. कर्म, भाग्य-3
43. भार-3
45. भूल, गलती (उर्दू-4)
46. भाग्य, नसीब-4

**ऊपर से नीचे**

2. अधिकार-2
3. मां का दुलार-3
4. ताली की आवाज-4
5. अनुभवी-4
6. जुड़वा-3
7. दक्षिणा-2
8. राम के पुत्र-2,2
11. अभिलाषा, -4
13. क्रूस, सूली-3
16. पाचनशक्ति-3
18. ईसाई साध्वी-2
20. जीवनसाथी -5
21. गरबा, नृत्य-2
23. मालिश-3
24. दर्पण, शीशा-3
26. ईश्वर-4
27. बाग, गुलिस्तां-3
28. क्रिकेट में बनते हैं-2
30. दुलारा, पुत्र-2
31. भरोसा, विश्वास-3
32. करामात-4
34. शेविंग करना-4
35. हाथी साधने वाला-4
38. आसान, सीधा-3
40. कपड़े धोने वाला-3
42. बलगम-2
44. सरिता-2

### शब्द पहेली - 5544 का हल



# सुपर-8 की सभी टीमें तय, 4 स्टेडियम में खेले जाएंगे 12 मैच, 3 मैदानों पर खेलेगा भारत

एजेंसी ▶▶| न्यूयार्क

टी-20 वर्ल्ड कप में सोमवार सुबह सुपर-8 राउंड की सभी 8 टीमें तय हो गई। बांग्लादेश ने ग्रुप-डी के मुकाबले में नेपाल को हराकर इस राउंड में जगह बना ली। सुपर-8 में 12 मुकाबले 4 स्टेडियम में खेले जाएंगे। टीम इंडिया अपने 3 मैच 3 अलग-अलग मैदानों पर खेलेगी। इनमें से 2 मैदान बैटिंग फ्रेंडली है और एक में गेंदबाजी हावी रही है। सोमवार का पहला मुकाबला बांग्लादेश और नेपाल के बीच हुआ। इस मुकाबले जीत हासिल करने के बाद बांग्लादेश सुपर-8 में पहुंच गया। वहीं नीदरलैंड को अपने आखिरी मैच में हार का सामना करना पड़ा। बांग्लादेश की टीम सुपर-8 में भारत के साथ ग्रुप-1 में रहेगी।



### ग्रुप-ए से भारत-अमेरिका

ग्रुप-ए के सभी मैच खत्म हो गए। टीम इंडिया ने 7 पॉइंट्स के साथ पहला और अमेरिका ने 5 पॉइंट्स के साथ दूसरा स्थान हासिल किया। वहीं, पाकिस्तान, कनाडा और आयरलैंड अगले राउंड में जगह नहीं बना सके। भारत सुपर-8 के ग्रुप-1 और अमेरिका ग्रुप-2 में है।

### ग्रुप-बी : ऑस्ट्रेलिया इंग्लैंड क्वालीफाई

ग्रुप-बी के भी सभी मैच खत्म हो गए। ऑस्ट्रेलिया ने 8 और इंग्लैंड ने 5 पॉइंट्स के साथ सुपर-8 राउंड में जगह बनाई। स्कॉटलैंड के भी 5 ही पॉइंट्स थे, लेकिन इंग्लैंड से खराब रन रेट के कारण टीम तीसरे नंबर पर रही और अगले राउंड में नहीं पहुंच सकी। इस ग्रुप से नामीबिया और ओमान भी ग्रुप स्टेज पार नहीं कर सके।

### कल से सुपर-8 के मुकाबले

सुपर-8 स्टेज 19 जून से शुरू होगा, यहां 4-4 टीमों को 2 ग्रुप में बांटा गया। भारत, ऑस्ट्रेलिया, अफगानिस्तान और बांग्लादेश ग्रुप-1 में हैं। ग्रुप-2 में इंग्लैंड, वेस्टइंडीज, साउथ अफ्रीका और अमेरिका हैं। इस राउंड से सभी मैच वेस्टइंडीज के 4 ग्राउंड पर होंगे। एंटीगुआ में 4 और सेंट विंसेंट में 2 मैच होंगे। वहीं सेंट लूसिया और बारबाडोस में 3-3 मैच खेले जाएंगे।



### भारत के मैच

| दिनांक | खिलाफ | समय |
|---|---|---|
| 20 जून | अफगानिस्तान | रात 8 बजे |
| 22 जून | बांग्लादेश | रात 8 बजे |
| 24 जून | ऑस्ट्रेलिया | रात 8 बजे |

### सेंट लूसिया में ग्रुप-2 के 2 मैच

सेंट लूसिया में सुपर-8 स्टेज के 3 मैच होंगे, ग्रुप-2 के दो और ग्रुप-1 का एक। यहां स्कॉटलैंड-ऑस्ट्रेलिया के बीच ग्रुप स्टेज का एक ही मैच खेला गया। नीदरलैंड-श्रीलंका मैच भी यहीं हो रहा है, साथ ही 18 जून को वेस्टइंडीज-अफगानिस्तान मैच भी यहां खेला जाएगा। पहले मैच के आधार पर कहें तो वेन्यू हाई स्कोरिंग है, लेकिन तेज गेंदबाजों को भी मदद मिली है।

### बारबाडोस में भी ग्रुप-2 के 2 मैच

बारबाडोस में टूर्नामेंट का फाइनल खेला जाएगा, यहां सुपर-8 के भी 3 मैच होंगे, दो ग्रुप-2 के और एक ग्रुप-1 का। यहां ग्रुप स्टेज के भी 5 मैच खेले गए, 2 में पहले बैटिंग और एक में पहले बॉलिंग करने वाली टीम को जीत मिली। एक मैच टाई और एक बेनतीजा भी रहा। 201 रन हाईएस्ट स्कोर रहा, लेकिन औसत स्कोर 148 ही है। साथ ही गेंदबाजों ने महज 6.90 की इकोनॉमी से रन खर्च किए, यानी यहां लो-स्कोरिंग मुकाबले देखने को मिल सकते हैं।

### सेंट विंसेंट में ग्रुप-1 के 2 मैच

सेंट विंसेंट स्टेडियम में सुपर-8 के 2 ही मैच होंगे, दोनों में ग्रुप-1 की टीम अफगानिस्तान शामिल रहेगी। यहां नेपाल-बांग्लादेश मैच खेला जा रहा है, यहां ग्रुप स्टेज के 2 और मैच भी खेले जा चुके हैं। दोनों ही बार पहले बैटिंग करने वाली टीमों को सफलता मिली। साउथ अफ्रीका ने तो नेपाल के खिलाफ महज 115 रन का स्कोर डिफेंड किया था। पेस के मुकाबले स्पिनर्स को यहां ज्यादा विकेट मिलते हैं। औसत स्कोर भी महज 131 रन रहा।

### एंटीगुआ में दोनों ग्रुप के 2-2 मैच

एंटीगुआ के विवियन रिचर्ड्स स्टेडियम में सुपर-8 स्टेज के 4 मैच होंगे। यहां ग्रुप स्टेज के भी 4 मैच खेले गए, 1 में पहले बैटिंग और 3 में चेज करने वाली टीमों को जीत मिली। पहले बैटिंग करने वाली 2 टीमें 80 से कम के स्कोर पर ही ऑलआउट हो गई। वहीं एक मैच में बारिश के कारण ओवर कम करने पड़े। यहां का हाईएस्ट स्कोर 153 और ओसत स्कोर महज 91 रन है, लेकिन सुपर-8 में मजबूत टीमों के कारण हाई स्कोरिंग मुकाबले हो सकते हैं।

## खबर संक्षेप



### गंभीर ने गृह मंत्री अमित शाह से की मुलाकात

**नई दिल्ली।** भारत के पूर्व सलामी बल्लेबाज और इंडियन प्रीमियर लीग चैंपियन कोलकाता नाइट राइडर्स के मेंटोर गौतम गंभीर ने सोमवार को गृह मंत्री अमित शाह से शिष्टाचार भेंट की। गंभीर 2019 के लोकसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी के टिकट पर पूर्वी दिल्ली से सांसद बने थे। उन्होंने अपने क्रिकेट कोचिंग करियर पर ध्यान केंद्रित करने के लिए सक्रिय राजनीति से ब्रेक ले लिया है। गंभीर ने 'एक्स' पर शाह के साथ तस्वीर साझा करते हुए लिखा, 'हाल की चुनावी सफलता पर बधाई देने के लिए माननीय गृह मंत्री अमित शाह जी से मुलाकात की। गृह मंत्री के रूप में उनका नेतृत्व हमारे राष्ट्र की सुरक्षा और स्थिरता को और मजबूत करेगा।'

### बल्लेबाजों की फॉर्म को लेकर चिंतित हूं : शंटो

**किंग्सटाउन।** बांग्लादेश के कप्तान नजमुल हुसैन शंटो को खुशी है कि उनकी टीम टी20 विश्व कप के सुपर आठ में जगह बनाने में सफल रही। वह अपने बल्लेबाजों की खराब फॉर्म से निराश हैं और वह यह भी नहीं जानते कि उनके बल्लेबाज अच्छा प्रदर्शन क्यों नहीं कर पा रहे हैं। शंटो ने संवाददाताओं से कहा, 'हमें खुशी है कि हम सुपर आठ में खेलने जा रहे हैं लेकिन हमारे बल्लेबाज अभी तक अपेक्षित प्रदर्शन नहीं कर पाए हैं। हमारे गेंदबाजों ने हालांकि पिछले तीन-चार मैच में जिस तरह से गेंदबाजी की उससे वास्तव में मैं बहुत खुश हूं।'



### रोहित के कोच ने दिया मेरे कॅरियर को आकार

**नई दिल्ली।** अमेरिका में चल रहे टी20 विश्व कप में शानदार प्रदर्शन कर रही अमेरिकी टीम का हिस्सा बाएं हाथ के स्पिनर हरमीत सिंह ने खुलासा किया है कि भारतीय कप्तान रोहित शर्मा के कोच दिनेश लाड ने उनके करियर को आकार देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। इकतीस वर्षीय हरमीत ने दो अंडर-19 विश्व कप में भारत का प्रतिनिधित्व किया और अमेरिका जाने से पहले आयु वर्ग टूर्नामेंटों में मुंबई के लिए खेले। वह अब अमेरिकी टीम के सदस्य है जिसने टी20 विश्व कप में अपने पहले ही प्रयास में सुपर आठ चरण में जगह बनाई।



### पाक टीम में कोई एकता नहीं : कोच कर्स्टन

**नई दिल्ली।** पाकिस्तान क्रिकेट टीम की तीखी आलोचना करते हुए मुख्य कोच गैरी कर्स्टन ने कहा कि टीम में 'कोई एकता नहीं' है और उन्होंने अपने लंबे कोचिंग करियर में 'ऐसी स्थिति कभी नहीं देखी'। कर्स्टन की आलोचना अमेरिका और वेस्टइंडीज में चल रहे टी20 विश्व कप से पाकिस्तान टीम के ग्रुप चरण से बाहर होने के बाद आई है। पिछले सत्र के उपविजेता के रूप में टूर्नामेंट में पहुंची पाकिस्तान टीम ने हाल के वर्षों में अपना सबसे खराब प्रदर्शन किया।

## टी20 विश्व कप : 107 रन के टारगेट को चेस नहीं कर पाई नेपाली टीम

# बांग्लादेश की सुपर-8 में एंट्री, तंजीम का चौका, नेपाल को 21 रन से हराया

एजेंसी ▶▶| किंग्सटाउन

बांग्लादेश ने बल्लेबाजों की नाकामी के बावजूद नेपाल को 21 रन से हराकर टी20 विश्व कप के सुपर आठ में अपनी जगह पक्की की। पिछले मैच में दक्षिण अफ्रीका को हैरत में डालने वाले नेपाल के गेंदबाजों ने फिर से अच्छा प्रदर्शन किया। उन्होंने बांग्लादेश की टीम को 19.3 ओवर में 106 रन पर आउट कर दिया। इसके जवाब में नेपाल का स्कोर एक समय 5 विकेट पर 78 रन था लेकिन उसने सात रन के अंदर अपने बाकी बचे 5 विकेट गंवा दिए और उसकी पूरी टीम 19.2 ओवर में 85 रन पर आउट हो गई। युवा तेज गेंदबाज तंजीम हसन साकिब ने अपने कॅरियर का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए सात रन देकर चार विकेट लिए। बांग्लादेश की तरफ से तंजीम ने कसी गेंदबाजी की। उन्होंने अपने चार ओवर में 21 गेंद ऐसी की जिन पर रन नहीं बने। उनके अलावा मुस्तफिजुर रहमान ने सात रन देकर तीन और शाकिब अल हसन ने नौ रन देकर दो विकेट लिए। यह पहला अवसर है जबकि बांग्लादेश ने टी20 विश्व कप में तीन मैच जीते।



### श्रीलंका ने नीदरलैंड को हराया दर्ज की सांत्वनाभरी जीत



**ग्रॉस आइलेट।** श्रीलंका ने आखिर में अपना जलवा दिखाया तथा ग्रुप डी के अपने अंतिम मैच में नीदरलैंड को 83 रन से हराकर टी20 विश्व कप में अपने अभियान का अंत किया। श्रीलंका ने पहले बल्लेबाजी के लिए आमंत्रित किए जाने के बाद कुसाल मेंडिस (46) और चरिथ असलांका (46) की उपयोगी पारियों की मदद से 6 विकेट पर 201 रन बनाए। नीदरलैंड की टीम इसके जवाब में 16.4 ओवर में 118 रन बनाकर आउट हो गई। श्रीलंका की तरफ से नुवान तुषारा ने 24 रन देकर तीन विकेट जबकि मथीशा पथिराना (12 रन देकर दो) और कप्तान वानिंदु हसरंगा (25 रन देकर दो) ने दो-दो विकेट लिए।

### फर्ग्युसन की रिकॉर्ड गेंदबाजी, न्यूजीलैंड ने पीएनजी को सात विकेट से हराया

**तारोबा (त्रिदिदाद एवं टोबैगो)।** तेज गेंदबाज लॉकी फर्ग्युसन ने चार ओवर में चार मेडन फेंकते हुए तीन विकेट चटकाए जिससे न्यूजीलैंड ने आईसीसी टी20 विश्व कप के ग्रुप सी मैच में सोमवार को यहां पापुआ न्यू गिनी (पीएनजी) को सात विकेट से हरा दिया। दोनों टीमें पहले ही सुपर आठ में जगह बनाने की दौड़ से बाहर हो चुकी थी इसलिए यह महज औपचारिकता का मैच था। ग्रुप सी से अफगानिस्तान और सह मेजबान वेस्टइंडीज ने सुपर आठ में प्रवेश किया। फर्ग्युसन (बिना किसी रन के तीन विकेट), टिम साउथी (11 रन पर दो विकेट), टी20 विश्व कप में अपना अंतिम मैच खेल रहे ट्रेंट बोल्ट (14 रन पर दो विकेट) और ईश सोढ़ी (29 रन पर दो विकेट) की उम्दा गेंदबाजी के सामने पीएनजी की टीम 19.4 ओवर में 78 रन पर ढेर हो गई। पीएनजी की ओर से चार्ल्स अमीनी (17), नोर्मन वनुआ (14) और सेसे बाऊ (12) ही दोहरे अंक में पहुंच पाए। इसके जवाब में न्यूजीलैंड ने सलामी बल्लेबाज डेवोन कॉनवे (35), कप्तान केन विलियमसन (नाबाद 18) और डेरिल मिचेल (नाबाद 19) की पारियों से 12.2 ओवर में तीन विकेट पर 79 रन बनाकर जीत दर्ज की। फर्ग्युसन ने टी20 अंतरराष्ट्रीय मुकाबले में सबसे किफायती गेंदबाजी का रिकॉर्ड बनाया। वह इस प्रारूप के इतिहास में केवल दूसरे गेंदबाज बने जिसने अपने चारों ओवर मेडन फेंके। उन्होंने कनाडा के साद बिन जफर की बराबरी की।

## एटीपी रैंकिंग

# कॅरियर के सर्वोच्च 71वें स्थान पर पहुंचे नागल



एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

भारतीय टेनिस स्टार सुमित नागल एटीपी एकल रैंकिंग में सुधार जारी रखते हुए 71वें स्थान पर पहुंच गए हैं जो उनके कॅरियर की सर्वोच्च रैंकिंग है। ओलंपिक की तैयारी में लगे नागल पिछले सप्ताह 77वें स्थान पर थे। वह पेरुगिया एटीपी चैलेंजर टूर्नामेंट में उपविजेता रहने के कारण छह पायदान आगे बढ़ने में सफल रहे।

पेरिस ओलंपिक के पुरुष एकल के ड्रा में जगह बनाने वाले एकमात्र भारतीय खिलाड़ी नागल के अब 777 एटीपी अंक हैं। नागल ने हाल में अच्छा प्रदर्शन करके न सिर्फ अपनी रैंकिंग में सुधार किया बल्कि इससे वह ओलंपिक खेलों के पुरुष एकल में जगह बनाने में भी सफल रहे। उन्होंने साल की शुरुआत में ऑस्ट्रेलियाई ओपन के दूसरे दौर में जगह बनाई लेकिन फ्रेंच ओपन में वह पहले दौर में बाहर हो गए थे। पेरिस ओलंपिक में भी मैच रोलां गैरा में होंगे जहां फ्रेंच ओपन खेला जाता है। नागल ने इस महीने की शुरुआत में जर्मनी में हीलब्रॉन नेकरकप 2024 चैलेंजर प्रतियोगिता और फरवरी में चेन्नई ओपन में पुरुष एकल का खिताब जीता था।

### अब सुधार करने का समय : हसरंगा

**ग्रोस आइलेट।** श्रीलंका के कप्तान वानिंदु हसरंगा का मानना है कि टीम ने बड़े टूर्नामेंटों में बार-बार की गई गलतियों पर व्यापक रूप से चर्चा की है। टी20 विश्व कप के ग्रुप चरण से बाहर होने के बाद अब इसे सुधारने पर ध्यान केंद्रित करने का समय आ गया है। हसरंगा ने टी20 विश्व कप के ग्रुप चरण में दक्षिण अफ्रीका और बांग्लादेश के खिलाफ अपने मैच गंवाने के बाद नीदरलैंड के खिलाफ अपनी टीम को मिली 83 रन की जीत को 'देर से मिली सफलता' करार दिया।

## यूरो कप 2024

# वेगहोर्स्ट के गोल से नीदरलैंड ने पोलैंड को 2-1 से दी मात



एजेंसी ▶▶| बर्लिन

नीदरलैंड के फॉरवर्ड वाउट वेगहोर्स्ट स्थानापन्न खिलाड़ी के तौर पर उतरकर प्रभावित करते रहे हैं और रविवार रात को यूरोपीय चैंपियनशिप के मुकाबले में भी उन्होंने ऐसा करते हुए अंत में गोल कर अपनी टीम को पोलैंड पर 2-1 से जीत दिलाई।

इस स्ट्राइकर ने 83वें मिनट में मेम्फिस डिपे की जगह मैदान पर आने के बाद पहले ही प्रयास में बाएं पैर से नीचा शॉट लगाकर गोल दाग दिया। डिपे ने कई मौके गंवा दिए थे। चोटिल स्टार रॉबर्ट लेवानडोस्की के बिना खेल रही पोलैंड ने उनकी जगह पर उतरे छह फुट तीन इंच की लंबी कद काठी के एडम बुक्सा के 16वें मिनट में हेडर से किए गोल की मदद से 1-0 से बढ़त बना ली थी जो ज्यादा देर तक नहीं रह सकी। नीदरलैंड के लिए कोडी गाकपो ने 29वें मिनट में पोलैंड के गोलकीपर वोजसिएच स्जेस्नी को चकमा देते हुए 'डिफ्लेक्टिड' शॉट से बराबरी गोल दागा। नीदरलैंड की इस जीत से ग्रुप डी की प्रबल दावेदार फ्रांस की टीम पर कुछ दबाव बढ़ जाएगा।

### डेनमार्क और स्लोवेनिया ने 1-1 से ड्रॉ खेला




डेनमार्क ने स्लोवेनिया के साथ मुकाबले में 1-1 से ड्रॉ खेला। ग्रुप-सी के इस मैच में डेनमार्क के क्रिश्चियन एरिक्सन ने 17वें मिनट में गोल कर अपनी टीम को आगे कर दिया। हालांकि, दूसरे हाफ में 77वें मिनट में एरिक जानजा ने गोल दाग स्लोवेनिया की वापसी कराई। इसके बाद दोनों टीमें फुल टाइम तक कोई गोल नहीं कर सकी। गत विजेता इटली मैदान पर उतरते ही कुछ समझ पाता कि 23वें सेकंड में उसके खिलाफ गोल हो गया। हालांकि इटली जल्द ही संभल गया और 16वें मिनट तक उसने दो गोल दागते हुए 2-1 की बढ़त बना ली और इसी अंतर से बाद में उसने अल्बानिया पर जीत हासिल कर ली।

### पावो नूरमी खेलों से ओलंपिक की तैयारी शुरू करेंगे नीरज

**तुर्कू।** मामूली चोट से उबरने के लिए कुछ समय तक आराम करने वाले ओलंपिक और विश्व चैंपियन भाला फेंक खिलाड़ी नीरज चोपड़ा मंगलवार को यहां पावो नूरमी खेलों में भाग लेकर पेरिस ओलंपिक खेलों के लिए अपनी तैयारियों की शुरुआत करेंगे। चोपड़ा इस प्रतियोगिता में भाग लेने वाले एकमात्र भारतीय खिलाड़ी हैं। 26 वर्षीय खिलाड़ी को जर्मनी के किशोर एथलीट मैक्स डेहनिंग की कड़ी चुनौती का सामना करना पड़ सकता है जो 90 मीटर तक भाला फेंकने वाले खिलाड़ियों की सूची में सबसे युवा खिलाड़ी हैं। इस 19 वर्षीय खिलाड़ी को ओलंपिक में चोपड़ा के लिए कड़ा प्रतिस्पर्धी माना जा रहा है। उनके अलावा इस एक दिवसीय प्रतियोगिता में स्थानीय खिलाड़ी ओलिवर हेलैंडर भी अपनी चुनौती पेश करेंगे जिन्होंने यहां 2022 में चोपड़ा को पीछे छोड़कर स्वर्ण पदक जीता था। भारतीय खिलाड़ी ने 2022 में 89.30 मीटर भाला फेंक कर रजत पदक जीता था। यह उनका तब व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन भी था।



# इंग्लैंड ने सर्बिया को 1-0 से हराया जूड ने 13वें मिनट में दागा गोल

एजेंसी ▶▶| गेल्सेंकिर्चेन

जूड बेलिंगहैम के गोल की मदद से इंग्लैंड ने सर्बिया को 1-0 से हराकर यूरोपीय फुटबाल चैंपियनशिप में अपने अभियान की जीत से शुरुआत की। रियल मैड्रिड की तरफ से खेलने वाले बेलिंगहैम ने 13वें मिनट में बुकायो साका के क्रॉस पर हेडर से गोल किया जो आखिर में निर्णायक साबित हुआ।

इस मैच से पहले दोनों टीम के प्रशंसकों के बीच आपस में झड़प हो गई थी जिसके कारण सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी गई थी। बेलिंगहैम के शुरू में गोल करने के बाद इंग्लैंड के प्रशंसक जश्न में डूब गए। सर्बिया ने इसके बाद कुछ मौके बनाए लेकिन वह अपने समर्थकों को जश्न मनाने का मौका नहीं दे पाया।



बेलिंगहैम ने मैच के बाद कहा, 'यह व्यक्तिगत तौर पर मेरे लिए शानदार शुरुआत है और इससे मेरा आत्मविश्वास बढ़ा है लेकिन टीम को जीत दिलाना अधिक महत्वपूर्ण है।' इंग्लैंड के कप्तान हैरी केन दूसरे हाफ में बढ़त दोगुनी करने के करीब पहुंच गए थे लेकिन सर्बिया के गोलकीपर प्रेड्रैग राजकोविच ने उनका हेडर गोल के अंदर नहीं जाने दिया। केन का किसी बड़े टूर्नामेंट में यह 23वां मैच था जो इंग्लैंड की तरफ से नया रिकॉर्ड है।

## टी-20 विश्व कप के सुपर आठ में जगह नही बना पाने पर हो रही ओलाचना


# कप्तानी छोड़ने के बारे में नहीं सोचा, पीसीबी करेगा फैसला

एजेंसी ▶▶| फोर्ट लाउडरहिल

टी20 विश्व कप के शुरुआती चरण से बाहर होने के बाद आलोचना का सामना कर रहे पाकिस्तान के कप्तान बाबर आजम ने कहा कि उन्होंने कप्तानी छोड़ने के बारे नहीं सोचा है और इस बारे में कोई फैसला पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड से बातचीत के बाद किया जाएगा। पिछले टी20 विश्व कप (2022) के उपविजेता पाकिस्तान को ग्रुप ए में अपने शुरुआती दो मैचों में अमेरिका और भारत से शिकस्त का सामना करना पड़ा, जिससे टीम सुपर आठ चरण में जगह बनाने में विफल रही।

एकदिवसीय विश्व कप (2023) के बाद टी20 विश्व कप के शुरुआती चरण में बाहर होने के कारण भारी आलोचना का सामना कर रहे पाकिस्तान के कप्तान से जब आयरलैंड के खिलाफ खेले गए मैच के बाद पूछा गया कि क्या उनकी इस्तीफा देने की कोई योजना है, तो उन्होंने पलटवार किया। आयरलैंड को तीन विकेट से हराने के बाद बाबर ने संवाददाता सम्मेलन में कहा, 'जब मैं वापस जाऊंगा (पाकिस्तान) तो हम उन सभी चीजों पर चर्चा करेंगे जो यहां हुई हैं। अगर मुझे कप्तानी छोड़नी होगी, यह फैसला, मैं आपको खुलकर बताऊंगा।

मैं पर्दे के पीछे कुछ भी घोषणा नहीं करूंगा। जो कुछ भी होगा वह सब के सामने होगा।' बाबर ने कहा कि पीसीबी ने उन्हें फिर से कप्तानी सौंपी थी और इसके जारी रखने पर कोई भी फैसला उन्हीं का होगा। उन्होंने कहा, 'मैंने इसके बारे में नहीं सोचा है। निर्णय पीसीबी का है।'



### कप्तानी के सवाल पर झल्लाए बाबर

इस दौरान बार-बार कप्तानी को लेकर सवाल पूछे जाने से बाबर झल्ला गए और उन्होंने निराशाजनक अंदाज में कहा कि टीम की हार के लिए सिर्फ उन्हें बलि का बकरा नहीं बनाया जा सकता है। उन्होंने कहा, 'हर कोई निराश है। हम एक टीम के तौर पर अच्छा नहीं खेले। मैंने आपको पहले भी कहा कि हम किसी एक खिलाड़ी की वजह से नहीं हारे हैं। हम एक टीम के तौर पर हारे हैं। मैं कप्तान हूं इसलिए आप बार-बार मेरे ऊपर उंगली उठा रहे हैं, मै सभी खिलाड़ी की जगह नहीं खेल सकता। टीम में 11 खिलाड़ी होते हैं और हर किसी की अपनी भूमिका होती है।'

### 'सिपरी' की रिपोर्ट, ड्रैगन के पास 500, भारत के पास 172 और पाक के पास 170 परमाणु हथियार

# दक्षिण पूर्व एशिया में परमाणु हथियारों के मामले में चीन ने भारत-पाक को पछाड़ा

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली।

रूस-यूक्रेन और इजरायल-हमास संघर्ष के बीच अत्यधिक चिंताजनक बने हुए अंतरराष्ट्रीय सुरक्षा हालात के बीच 'स्टॉकहोम इंटरनेशनल पीस रिसर्च इंस्टीट्यूट' (सिपरी) की सोमवार को जारी हुई रिपोर्ट के मुताबिक दक्षिण पूर्व एशिया में परमाणु हथियारों के मामले में चीन, भारत और पाकिस्तान से काफी आगे निकल गया है। मौजूदा वर्ष 2024 में ड्रैगन के पास कुल 500 परमाणु हथियार हैं। जबकि भारत के पास 172 और पाकिस्तान के पास 170 परमाणु हथियार हैं। पिछले साल की स्थिति पर नजर डालें तो चीन के पास वर्ष 2023 में 410 परमाणु हथियार थे। चीन के परमाणु हथियारों की संख्या में आगे भी यह बढ़ोतरी जारी रहेगी। सिपरी के मास डिस्ट्रक्शन प्रोग्राम और न्यूक्लियर इनफार्मेशन प्रोजेक्ट से जुड़े वरिष्ठ अधिकारी एच.एम क्रिस्टेंसेन ने कहा कि दुनिया के बाकी देशों की तुलना में चीन अपने परमाणु हथियार ज्यादा तेज गति से बढ़ा रहा है। लेकिन वहीं, दूसरी ओर सभी परमाणु शस्त्रों से लैस देशों भी अपने परमाणु हथियारों की के जखीरे को आगे बढ़ाने की दिशा में आगे बढ़ रहे हैं।



## दुनिया में कुल 12 हजार 121 परमाणु हथियार

रिपोर्ट के मुताबिक, मौजूदा वर्ष में अमेरिका, रूस, ब्रिटेन, फ्रांस, चीन, भारत, पाकिस्तान, उत्तर कोरिया और इजराइल जैसे देशों के पास कुल परमाणु बमों की संख्या 12 हजार 121 पर पहुंच गई है। इनमें से 9 हजार 585 बम इन देशों के परमाणु हथियारों के जखीरे में तैनात किए गए हैं। जिनका जरूरत पड़ने पर तुरंत इस्तेमाल किया जा सकता है। 3 हजार 904 परमाणु बमों को मिसाइलों और लड़ाकू विमानों में तैनात किया गया है। यह आंकड़ा पिछले साल के मुकाबले 60 गुना ज्यादा है। कुल 12 हजार में से 2 हजार 100 परमाणु हथियार अंतर महाद्वीपीय मिसाइलों में हाई अलर्ट की मुद्रा में तैनात किए गए हैं। इनमें से ज्यादातर का संबंध रूस और अमेरिका से है। सिपरी का कहना है कि दुनिया में परमाणु हथियारों के बढ़ने का यह सिलसिला एक चिंताजनक ट्रेंड की ओर इशारा करता है।

### एलएसी विवाद के बीच चिंता का सबब

जानकारों का मानना है कि पूर्वी लद्दाख में वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) पर बीते करीब चार वर्षों से अधिक समय से जारी विवाद के बीच चीन के परमाणु हथियारों में हुई यह वृद्धि भारत के लिए भविष्य में चिंता का सबब बन सकता है। लेकिन भारत अपनी मजबूत सैन्य-सामरिक क्षमता से दुश्मन द्वारा दी जाने वाली किसी भी चुनौती का मुंहतोड़ जवाब देने के लिए सदैव तैयार है। ड्रैगन ने पिछले एक साल में 90 नए परमाणु हथियार बनाए हैं। इनमें से 24 को पहली बार उसने हाई अलर्ट रखा है। दूसरी ओर देखें तो चीन के परमाणु हथियारों में की गई यह वृद्धि एक ऐसे में की गई है। जब उसका भारत के अलावा ताइवान और दक्षिण चीन सागर के कई द्वीपीय देशों के साथ समुद्री सीमा विवाद जारी है। चीन के साथ ही अमेरिका और रूस ने भी अपने परमाणु हथियारों के शस्त्रागार को हाई अलर्ट पर रखा है।

### परमाणु हथियारों के मामले में शीर्ष पर रूस

सिपरी की रिपोर्ट के मुताबिक, दुनिया में सबसे ज्यादा 5 हजार 580 परमाणु हथियार रूस के पास हैं। इसके बाद दूसरे स्थान पर 5 हजार 44 परमाणु हथियारों के साथ अमेरिका है। इसके बाद तीसरे स्थान पर 500 परमाणु हथियारों के साथ अब चीन काबिज हो गया है। इसके बाद फ्रांस के पास 290, ब्रिटेन के पास 225, भारत के पास 172, पाकिस्तान के पास 170, उत्तर कोरिया के पास 50 और इजराइल के पास 90 परमाणु हथियार हैं। रिपोर्ट के हिसाब से भारत, पाकिस्तान और उत्तर कोरिया जैसे देश अब एक मिसाइल में कई परमाणु बम तैनात करने की दिशा में काम कर रहे हैं। इससे एक साथ कई लक्ष्यों को नेस्तनाबूद किया जा सकता है। दुनिया में साल दर साल परमाणु हथियारों को नष्ट भी किया जा रहा है। लेकिन इसकी तुलना में कई नए हथियार भी बनाए जा रहे हैं। भारत और पाक लगातार नए प्रकार के परमाणु हथियार विकसित कर रहे हैं।

### गृह मंत्रालय ने जारी किया आदेश

# अमरनाथ यात्रा से पहले सीडीएस ने जम्मू में की सुरक्षा हालात की समीक्षा



हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

प्रमुख रक्षा अध्यक्ष (सीडीएस) जनरल अनिल चौहान सोमवार को अपनी एक दिवसीय यात्रा के तहत जम्मू पहुंचे। यहां नगरोटा स्थित सेना की 16वीं कोर के मुख्यालय में उन्होंने वरिष्ठ सैन्य अधिकारियों के साथ इलाके के मौजूदा सुरक्षा हालात और सेना सहित अन्य सुरक्षाबलों की रणनीतिक तैयारियों की व्यापक आधार पर समीक्षा की। सीडीएस की यह यात्रा बीते कुछ समय से जम्मू में लगातार बढ़ते आतंकवादी हमलों और जून के अंत में शुरू होने वाली वार्षिक श्री अमरनाथ यात्रा के मद्देनजर 16 जून को केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह द्वारा नई दिल्ली में की गई एक महत्वपूर्ण सुरक्षा समीक्षा बैठक के तुरंत बाद की गई है।

## दिल्ली से लेकर जम्मू-कश्मीर तक जारी बैठकें


फाइल फोटो

जम्मू में सीडीएस को जम्मू-कश्मीर की सुरक्षा की जिम्मेदारी संभालने वाली सेना की सबसे महत्वपूर्ण उत्तरी कमांड के कमांडर (जीओसी-इन-सी) लेफ्टिनेंट जनरल एमवी सुचिंद्र कुमार ने इलाके के मौजूदा सूरते हाल के बारे में विस्तार से जानकारी दी। इस दौरान उनके साथ उत्तरी कमांड के कई अन्य वरिष्ठ सैन्य अधिकारी भी मौजूद रहे। यह बैठक उन तमाम सुरक्षा समीक्षा बैठकों में शामिल है। जिनका सिलसिला इन दिनों राष्ट्रीय राजधानी से लेकर जम्मू-कश्मीर तक जारी है। बताते चलें कि प्रमुख रक्षा अध्यक्ष ने रविवार को भारतीय सेना की 15वीं कोर (चिनार कोर) का दौरा किया था। जहां उन्होंने सशस्त्र बल के अधिकारियों को एकजुटता, एकीकरण को लेकर लेकर संबोधित किया और त्रि सैन्य स्तरीय सामंजस्य और बदलाव से जुड़ी हुई उपलब्धियों को रेखांकित किया। जम्मू की लगभग चार जगहों में बीते सप्ताह से कई आतंकी घटनाएं देखने को मिली हैं।

### आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई निर्णायक चरण में

*पीएम नरेंद्र मोदी ने भी 13 जून को जम्मू-कश्मीर में सुरक्षा स्थिति की समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों को आतंकवाद के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने के निर्देश दिए। वहीं, अमित शाह ने रविवार को कहा कि जम्मू-कश्मीर में आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई अपने निर्णायक चरण में है। हाल की घटनाओं से पता चलता है कि आतंकवाद हिंसा के अत्यधिक संगठित कृत्यों से सिकुड़कर महज छद्म युद्ध में बदल गया है। उन्होंने सुरक्षा एजेंसियों को कश्मीर की तरह जम्मू संभाग में क्षेत्र वर्चस्व और शून्य-आतंक योजनाओं को लागू करने का भी निर्देश दिया।*

### एक महिला समेत दो नक्सली गिरफ्तार

# झारखंड में माओवादी और पुलिस की मुठभेड़, 5 नक्सली ढेर



एजेंसी ▶▶ रांची

झारखंड के पश्चिमी सिंहभूम में सुरक्षा बलों ने 5 नक्सलियों को मार गिराया। वहीं, महिला नक्सली समेत दो को गिरफ्तार किया गया है।

गौरतलब है कि मारे जाने वालों में 10 लाख रुपए का इनामी जोनल कमांडर भी शामिल था। इसके अलावा, एक सबजोनल कमांडर और एक एरिया कमांडर के साथ महिला नक्सली को भी सुरक्षा बलों ने मार गिराया है। जानकारी मिल रही है कि यह मुठभेड़ पश्चिमी सिंहभूम के गुवा थाना क्षेत्र के लिपुंगा हुई है। जिले के अति नक्सल प्रभावित क्षेत्र गुआ के जंगलों में सुरक्षाबलों और नक्सलियों के बीच सोमवार तड़के हुए मुठभेड़ में एक महिला सहित चार भाकपा माओवादी नक्सलियों के मारे जाने की सूचना मिली है। साथ ही दो हार्डकोर नक्सलियों के गिरफ्तारी की भी जानकारी मिली है। इसमें एक महिला नक्सली शामिल हैं। फिलहाल अभियान जारी है। मुठभेड़ स्थल से नक्सलियों के शवों के पास हथियार और अन्य नक्सल सामग्री बरामद की गई है। जानकारी के अनुसार इलाके में सुरक्षा बल सर्च ऑपरेशन पर निकले थे।

### नक्सलियों पर थे लाखों के इनाम

- 10 लाख का इनामी जॉनल कमांडर सिंगराय उर्फ मनोज
- 5 लाख का इनामी सब्जॉनल कमांडर कांडे होनाहगा, उर्फ दृसुन उर्फ कांडे दा
- 2 लाख का इनामी एरिया कमांडर सूर्या उर्फ मुंडा देवगम
- महिला नक्सली जंगा पूर्ति उर्फ मेरला मारा गया है जबकि टाइगर उर्फ पांडु हांसदा एवं बातरी देवगम को गिरफ्तार किया गया है।

### सर्च ऑपरेशन जारी है....

इसी दौरान घात लगाए बैठे नक्सलियों ने फायरिंग शुरू कर दी। जिसमें जवाबी फायरिंग करते हुए जवानों ने चार नक्सलियों को मार गिराया। चारों नक्सलियों में से एक जोनल कमांडर, एक सब जोनल कमांडर, एक एरिया कमांडर है और एक महिला नक्सली शामिल है। मुठभेड़ के बाद सुरक्षा बलों ने दो नक्सलियों को पकड़ा है इनमें एक एरिया कमांडर और एक हार्डकोर महिला नक्सली बताई जा रही है। फिलहाल सर्च ऑपरेशन जारी है।

## हिजबुल मुजाहिदीन का आतंकी गिरफ्तार

एजेंसी ▶▶ जम्मू कश्मीर


उत्तरी कश्मीर के जिला कुपवाड़ा में पुलिस और सुरक्षाबलों की टीम को बड़ी सफलता मिली है। जिले के उप जिला हंदवाड़ा में एक आतंकवादी को गिरफ्तार किया गया है। आतंकी प्रतिबंधित हिजबुल मुजाहिदीन संगठन से जुड़ा हुआ है और वह क्षेत्र में सॉफ्ट टारगेट करने की फिराक में था। पुलिस और सुरक्षा बलों की एक टीम ने सोमवार को हंदवाड़ा के काचरी गांव से हिजबुल मुजाहिदीन (एचएम) के आतंकवादी को गिरफ्तार किया। हंदवाड़ा में एक संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए एसएसपी हंदवाड़ा दाऊद अयूब ने कहा कि विशिष्ट सूचना पर कार्रवाई करते हुए सेना की 30आरआर और हंदवाड़ा पुलिस सहित सुरक्षा बलों की एक संयुक्त टीम ने अभियान चलाया।

### भूटान के पीएम शेरिंग से गौतम ने की मुलाकात

## भूटान में 570 मेगावट का हरित जलविद्युत संयंत्र लगाएगा अडाणी समूह

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

अडाणी सूमह भूटान में 570 मेगावाट का हरित जलविद्युत संयंत्र लगाएगा। समूह के चेयमैन गौतम अडाणी ने 16 जून को थिम्पू में भूटान नरेश जिग्मे खेसर नामग्याल वांगचुक और प्रधानमंत्री दाशो शेरिंग तोबगे से मुलाकात की। इस मुलाकात के उन्होंने भूटान के चुखा प्रांत में 570 मेगावाट के ग्रीन हाइड्रो प्लांट के निर्माण के लिए एक समझौते



पर हस्ताक्षर किए। गौतम अडाणी ने एक्स पर जारी बयान में कहा है कि भूटान के प्रधानमंत्री दाशो शेरिंग तोबगे के साथ मुलाकात बहुत ही रोमांचक रही। चुखा प्रांत में 570 मेगावाट के हरित जलविद्युत संयंत्र के लिए ड्रुक ग्रीन पावर कॉरपोरेशन लिमिटेड (डीजीपीसी) के साथ समझौते पर हस्ताक्षर किए। यह देखकर बहुत अच्छा लगा कि भूटान के प्रधानमंत्री राजा के दृष्टिकोण को आगे बढ़ा रहे हैं ।

## विमान में लगी आग, न्यूजीलैंड में किया लैंड

**वेलिंगटन।** न्यूजीलैंड में सोमवार को एक यात्री विमान के इंजन में आग लगने के बाद हवाई जहाज को एक न्यूजीलैंड हवाई अड्डे पर सुरक्षित उतार लिया गया।

अग्निशमन विभाग से मिली जानकारी के अनुसार ऑस्ट्रेलिया में मेलबर्न के लिए उड़ान भरने वाले वर्जिन ऑस्ट्रेलिया बोइंग 737-800 जेट विमान को आग लगने के कारण मार्ग बदलना पड़ा और हवाई जहाज को न्यूजीलैंड के इन्वरकार्गिल शहर में उतारा गया। न्यूजीलैंड के अग्निशमन एवं आपात विभाग के पाली पर्यवेक्षक लिन क्रॉसन ने बताया कि क्वीन्सटाउन से उड़ान भरने के करीब 50 मिनट बाद विमान को इन्वरकार्गिल उतारा गया, जहां दमकल की गाड़ियों ने आग बुझाई। क्वीन्सटाउन हवाई अड्डे की प्रवक्ता कैथरीन निंड ने बताया कि इंजन में आग लगने का कारण और विमान में सवार यात्रियों की संख्या का तुरंत पता नहीं चल पाया है।

# भारत-अमेरिका के एनएसए के बीच आईसीईटी समूह की अहम समीक्षा बैठक

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

भारत के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल और अमेरिका के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार जैक सुलिवान के बीच सोमवार को नई दिल्ली में भारत-अमेरिका इंनिशिएटिव ऑन क्रिटिकल एंड इमरजिंग टेकनोलॉजी (आईसीईटी) समूह की दूसरी महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक हुई। इसमें दोनों देशों के द्विपक्षीय रक्षा सहयोग के अलावा क्षेत्रीय और वैश्विक सुरक्षा हालात पर भी विस्तृत रूप से विचार-विमर्श किया गया। अमेरिका की जीई एयरोस्पेस और भारत की हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड द्वारा भारतीय वायुसेना के लड़ाकू विमानों के लिए विकसित जाने वाले एडवांस एफ-414 जेट इंजन का मुद्दा भी उक्त बातचीत में शामिल रहा। मंगलवार को दोनों एनएसए सीआईआई द्वारा आयोजित उद्योग समूह के सीईओ के साथ भारत-अमेरिका आईसीईटी गोलमेज वार्ता में शिरकत करेंगे।

» ***दोनों देशों की रक्षा और औद्योगिकी भागीदारी से लेकर क्षेत्रीय, वैश्विक सुरक्षा से जुड़े मामलों पर किया गया विचार-विमर्श***

» ***प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और विदेश मंत्री एस.जयशंकर से भी मिले अमेरिकी एनएसए जैक सुलिवान***

### आईएमईसी पर हुई चर्चा

दोनों पक्ष आईसीईटी रोडमैप के क्रियान्वयन की दिशा में लगातार प्रयासरत हैं। इसमें सेमीकंडक्टर, कृत्रिम मेधा, क्वांटम कंम्प्यूटर, रक्षा नवाचार, स्पेस और एडवांस टेलिकम्युनिकेशन जैसे विषयों पर ध्यान केंद्रित किया जा रहा है। इसके अलावा दोनों एनएसए के बीच प्रस्तावित भारत-मध्यपूर्व-यूरोप आर्थिक गलियारे (आईएमईसी) के मामले पर भी चर्चा हुई है। पश्चिम एशिया में रूस-यूक्रेन और इजरायल-गाजा में जारी संघर्ष की वजह से हालांकि इसके जमीनी स्तर पर क्रियान्वयन में देरी हो रही है। बताते चलें कि आईसीईटी की शुरुआत 24 मई 2022 को जापान के टोक्यो में आयोजित किए गए क्वाड शिखर सम्मेलन से इतर भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडेन ने की थी।

### प्रधानमंत्री, विदेश मंत्री से हुई मुलाकात

अमेरिका के एनएसए जैक सुलिवान ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से शिष्टाचार मुलाकात की। इसमें उन्होंने पीएम मोदी को द्विपक्षीय सहयोग, आईसीईटी से जुड़े विषयों में जारी प्रगति के बारे में जानकारी दी। भारत के प्रधानमंत्री ने दोनों देशों के बीच बढ़ती द्विपक्षीय भागीदारी में शामिल विषयों और आपसी हितों से जुड़े क्षेत्रीय और वैश्विक मामलों में जारी सामंजस्य को लेकर संतुष्टि जाहिर की। विदेश मंत्री एस. जयशंकर से भी अमेरिकी एनएसए ने मुलाकात मुलाकात की।






हरिभूमि कम्यूनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक देवेन्द्र सिंह बाल्यान द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशंस, चुलियाना मोड़, दिल्ली रोड, रोहतक-124517 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, 129, ट्रांसपोर्ट सैंटर, पंजाबी बाग, पश्चिमी दिल्ली, नई दिल्ली-110035 से प्रकाशित। सम्पादक : डॉ.हिमांशु द्विवेदी। आरएनआई नं 69631/1998, फोन : 011-40451115/16, 40451109